

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित








शुक्ल नवमी, पूर्वाषाढ़ा, विक्रम संवत् 2082

• औरंगाबाद • मंगलवार • 30 सितम्बर 2025 • वर्ष 27 • अंक 290 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00








## मां महागौरी

मां दुर्गा का आठवां स्वरूप है महागौरी। महागौरी अपनी सुंदरता, शुद्धता और ज्ञान के लिए पूजी जाती हैं। मां का यह स्वरूप आपको मन से शुद्ध होना सिखाता है, साथ ही बुद्धि और विवेक को बढ़ाने की सीख भी देता है। मां का यह स्वरूप मन के अंदर की सुंदरता पर जोर देता है। आपको भी खुद को भीतर से सुंदर बनाने की कोशिश करनी चाहिए, जहां खूबसूरती के साथ आपमें बुद्धि और विवेक भी हो। आपकी अपनी सारी ऊर्जा खुद को बाहर से नहीं बल्कि भीतर से सुंदर बनाने पर लगानी चाहिए।

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,06,750 | ₹ 1,50,000 |



## आज का इतिहास

**1898** : अमेरिकी शहर न्यूयॉर्क की स्थापना हुई।

**2009** : इंडोनेशिया के सुमात्रा के दक्षिणी तट पर 7.6 मेगावाट का भूकंप आया, जिसमें 1,115 लोग मारे गए और अनुमानित 1.25 मिलियन लोग प्रभावित हुए।

## न्यूज बाइट्स

### सम्राट चौधरी 6 लोगों की हत्या के अभियुक्त : पीके

**पटना (नि.सं.)।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने पटना में सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और मंत्री अशोक चौधरी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा, सम्राट चौधरी 6 लोगों की हत्या के अभियुक्त हैं। बिहार के राज्यपाल, बिहार सरकार और केंद्र सरकार से मेरा अनुरोध है कि ये हत्या के आरोपी हैं। इनको पद से हटा कर गिरफ्तार किया जाए। पीके ने कहा कि, 'तारापुर केस नंबर 44/1995 इनके खिलाफ है। सुप्रीम कोर्ट का डॉक्यूमेंट है, जो सम्राट चौधरी ने दिया है।

### मुख्यमंत्री नीतीश ने पूजा पंडालों में जाकर माता की पूजा अर्चना किया

**पटना (नि.सं.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को महासप्तमी के मौके पर पटना के कई पूजा पंडालों में जाकर मां दुर्गा की पूजा की। उन्होंने खाजपुरा के शिव मंदिर और शेखपुरा के दुर्गा आश्रम में दर्शन कर राज्य के लोगों की सुख-शांति और तरक्की की दुआ मांगी। उन्होंने सभी बिहारवासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं भी दीं। इससे पहले मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के सरकारी आवास पर पहुंचे। वहां भी मां दुर्गा की पूजा और महाआरती में शामिल हुए।

तीन अमृत भारत एक्सप्रेस सहित कुल 26 सेवाएं अब बिहार में संचालित

# बिहार को मिली एक साथ सात नई ट्रेनों की सौगात, रेल मंत्री ने दिखाई हरी झंडी

**मुजफ्फरपुर—चरलापल्ली दक्षिण भारत के लिए बिहार की पहली अमृत भारत ट्रेन बनी**

• रेलवे बिहार के विकास की रीढ़ है, अब राज्य नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है : सम्राट चौधरी

विशेष संवाददाता | पटना



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ मिलकर बिहार में सात नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इनमें तीन अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें शामिल हैं। ये नई ट्रेनें बिहार में कनेक्टिविटी को एक नया आयाम प्रदान करेंगी। इन नई ट्रेनों के उद्घाटन के साथ, अब देश भर में चलने वाली 30 अमृत भारत एक्सप्रेस सेवाओं में से बिहार में कुल 26 अमृत भारत एक्सप्रेस सेवाएं चालू हो गई हैं। मुजफ्फरपुर-चरलापल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस मुजफ्फरपुर से दक्षिण भारत के लिए पहली अमृत भारत ट्रेन है, जबकि छपरा-आनंद विहार अमृत भारत एक्सप्रेस बिहार से दिल्ली के लिए छठी अमृत भारत ट्रेन बन गई है। रेल मंत्री वीडियो कान्फ्रेंस से जबकि पटना जंक्शन से उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, पाटलिपुत्र के सांसद रविशंकर प्रसाद, नवादा के सांसद विवेक ठाकुर, नालंदा के सांसद कौशलेन्द्र कुमार, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेनों को रवाना किया। पटना जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या एक से पटना-बक्सर पैसेंजर व झाझा—दानापुर पैसेंजर एवं प्लेटफॉर्म संख्या दस से नवादा-पटना पैसेंजर व पटना-इस्लामपुर पैसेंजर को रवाना किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से कहा कि बिहार में विकास की गति ऐसी है कि निकट भविष्य में यह राज्य एक स्वर्णिम राज्य के रूप में उभरेगा। ये ट्रेनें बिहार में कनेक्टिविटी का एक नया स्तर प्रदान करेंगी, यात्रियों के लिए सुविधा बढ़ाएंगी और राज्य के समग्र विकास को गति देंगी। रेल मंत्री ने कहा कि यह "विकसित बिहार से विकसित भारत" के विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने ने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के पदभार ग्रहण करने के बाद से, उन्होंने राज्यों पर विशेष ध्यान देते हुए रेलवे को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले बिहार का वार्षिक रेल बजट केवल लगभग 1,000 करोड़ रुपये था, जबकि आज यह लगभग 10,000 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बिहार के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण प्रस्तुत किया है, जिसके तहत बिहार में लगभग एक लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं चल रही हैं। बिहार का रेलवे नेटवर्क पूरी तरह से विद्युतीकृत हो चुका है और 1,899 किलोमीटर नई पटरियां बिछाई गई हैं।

बिहार में विकास का नया दौर

# सीएम ने 11,921 करोड़ रुपये की 20,658 योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और कार्यारंभ किया

विशेष संवाददाता | पटना



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को अणे मार्ग स्थित संकल्प कक्ष से प्रदेश में विकास कार्यों को गति देने के लिए 11,921 करोड़ रुपये की 20,658 योजनाओं का शिलान्यास, कार्यारंभ और उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के लागू होने से प्रदेश के लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और उनके जीवन स्तर में सुधार होगा। मुख्यमंत्री ने 7,805 करोड़ रुपये की लागत से जन सुविधा और विकास से संबंधित 16,065 योजनाओं का शिलान्यास एवं कार्यारंभ किया, जबकि 4,116 करोड़ रुपये की लागत की 4,593 योजनाओं का उद्घाटन किया गया। इन योजनाओं के अंतर्गत विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा, पशु एवं मत्स्य संसाधन, समाज कल्याण, परिवहन, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जाति कल्याण, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, खेल, श्रम संसाधन, राजस्व एवं भूमि सुधार, कला-संस्कृति एवं युवा, आपदा प्रबंधन, गृह, कृषि, सामान्य प्रशासन एवं वाणिज्य कर विभाग शामिल हैं। भवन निर्माण विभाग और बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा 997 करोड़ रुपये लागत की 97 योजनाओं का शिलान्यास और कार्यारंभ किया गया, जबकि 2,467 करोड़ रुपये की लागत से 137 योजनाओं का उद्घाटन हुआ। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अंतर्गत छूटे हुए टोलों में पेयजल आपूर्ति और बहुग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं से संबंधित 5,190 करोड़ रुपये की 15,670 योजनाओं का शिलान्यास और कार्यारंभ तथा 1,377 करोड़ रुपये की लागत की 4,312 योजनाओं का उद्घाटन किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत विभिन्न जिलों में क्रिटिकल केयर ब्लॉक भवन, अनुमंडलीय अस्पताल, औषधि भंडार गृह और स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण से संबंधित 1,121 करोड़ रुपये की लागत की 281 योजनाओं का शिलान्यास और कार्यारंभ किया गया, जबकि 272 करोड़ रुपये की लागत की 144 योजनाओं का उद्घाटन हुआ। पर्यटन विभाग के अंतर्गत 497 करोड़ रुपये की लागत से 17 पर्यटन विकास योजनाओं का शिलान्यास किया गया। लघु जल संसाधन विभाग के तहत मुख्यमंत्री निजी नलकूप योजना के 13,716 लाभार्थियों के खाते में 81 करोड़ 29 लाख रुपये डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर किए गए। कार्यक्रम के दौरान लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल, स्वास्थ्य एवं पर्यटन विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि और लघु जल संसाधन विभाग के सचिव बी. कार्तिकेय धनजी ने अपने-अपने विभाग की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पांडे, लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन, भवन निर्माण मंत्री जयंत राज, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार उपस्थित थे।

## बिहार विधानसभा चुनाव की उलटी गिनती शुरू : 3 अक्टूबर से चुनाव आयोग का तीन दिवसीय दौरा

निज संवाददाता | पटना

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। चुनाव आयोग ने चुनावी तैयारियों की समीक्षा के लिए बड़ी बैठकों का कार्यक्रम तय कर दिया है। आयोग की एक उच्चस्तरीय टीम 3 अक्टूबर को तीन दिवसीय बिहार दौरे पर आएगी, जिसके बाद चुनाव की आधिकारिक घोषणा होने की पूरी संभावना जताई जा रही है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग की टीम 3 अक्टूबर को पटना पहुंचेगी। यहां सबसे पहले राज्य के मुख्य सचिव, डीजीपी और अन्य वरीय अधिकारियों के साथ बैठक होगी। इसके बाद सभी जिलों के डीएम, एसपी, एसएसपी, डीआईजी और आईजी के साथ चुनावी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। चुनाव आयोग पटना में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के नेताओं से भी मुलाकात करेगा और उनकी राय लेगा। सभी बैठकों के बाद टीम दिल्ली लौट जाएगी। माना जा रहा है कि 6 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया जा सकता है। संकेत मिल रहे हैं कि पहले चरण के नामांकन 12 अक्टूबर से शुरू हो सकते हैं और मतदान दो चरणों में कराया जाएगा।

## मुंगेर में स्थापित की जाएगी मदर डेयरी का प्लांट

**मुंगेर (नि.सं.)।** मुंगेर के जमालपुर स्थित जमालपुर औद्योगिक क्षेत्र में लगभग 250 करोड़ की लागत से मदर डेयरी की मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित की जाएगी। भूमि पूजन 4 अक्टूबर को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और सांसद सह केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि डेयरी प्लांट के लिए जमालपुर औद्योगिक क्षेत्र में 14 एकड़ जमीन पूर्व में ही हस्तांतरित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि डेयरी में बांका, भागलपुर, लखीसराय, जमुई आदि जिले के किसानों से दूध एकत्र किया जाएगा। इसके लिए गांव-गांव में को-ऑपरेटिव सोसाइटी बनाई जाएगी। दूध से कई प्रकार के डेयरी उत्पादों का निर्माण किया जाएगा।









## संक्षिप्त समाचार

### जले ट्रांसफार्मर को बदलने के लिए आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**कौआकोल।** कौआकोल-पकरीबरावां मुख्य पथ पर जोगाचक हाई स्कूल मोड़ के पास ग्रामीणों ने सोमवार की सुबह बिजली व पानी की किल्लत से परेशान होकर घण्टों सड़क जाम कर दिया। ग्रामीण मीणा देवी,गीता देवी,रविन्द्र यादव,रूबी देवी आदि का आरोप था कि विगत चार दिनों से उनलोगों का ट्रांसफार्मर जला हुआ था। जिसके कारण बिजली एवं पानी की समस्या उत्पन्न हो गई। सूचना के बावजूद विभाग संवेदनशील नहीं है। जिससे मजबूर होकर सड़क पर उतरना पड़ा। हालांकि महज घण्टे-दो घण्टे बाद ही स्थानीय विधायक मोहम्मद कामरान के पहल के बाद विभाग के द्वारा जले हुए ट्रांसफार्मर को बदल दिया गया। जिससे ग्रामीण शांत होकर सड़क जाम हटा दिए।

### विद्यालय से 14 बोरा एमडीएम के चावल की हुआ चोरी

» प्रधानाध्यापक ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध थाना में दिया आवेदन



**कौआकोल।** प्रखण्ड के देवनगढ़ पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय भोरमबाग से अज्ञात चोरों ने कमरा का ताला खोलकर 14 बोरा एमडीएम में प्रयोग होने के लिए आया चावल की चोरी कर लिया। एवं पुराने ताला हटाकर उस कमरे में नया ताला लगा दिया। इस सम्बंध में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक दिवाकर प्रसाद ने कौआकोल थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए कार्रवाई की मांग किया है। थाना में दिए गए आवेदन में प्रभारी प्रधानाध्यापक दिवाकर प्रसाद ने बताया कि शनिवार की देर रात्रि अज्ञात चोरों के द्वारा विद्यालय से लगभग 7 क्विंटल चावल की चोरी कर ली गई है एवं पुराने ताला के जगह पर नया ताला लगा दिया गया है।

### लगातार वाइक चोरी की घटना से लोग परेशान

**नारदीगंज( नवादा)।** थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में बाइक चोरी होने की घटना में बेहताशा वृद्धि हुई है। जिससे बाइक मालिक की परेशानी बढ़ी हुई है। पुलिस मामले के उद्भेदन में प्रयासरत है,बावजूद बदमाश पुलिस की पकड़ से बाहर है। ताजा घटना अब्दलपुर पडरिया निवासी स्व. राम किशुन यादव का पुत्र उपेन्द्र कुमार का बाइक चोरी हो गई। इस सम्बंध में अब्दलपुर पड़रिया निवासी अरुण टाइगर ने नारदीगंज थाना में आवेदन पत्र देकर बाइक खोजने की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा पडरिया सड़क मार्ग में संत जोसफ स्कूल के निकट रविवार को तकरीबन दो बजे बाइक लगा दिया था। उक्त बाइक नीले रंग होंडा साइन (बीआर 27 के /4164) है। उसके बाद वही जगह लाइब्रेरी में चला गया। जब पांच बजे शाम में वापस लौटा तो देखा कि उक्त स्थल पर बाइक नहीं है। काफी खोजबीन की। लेकिन कही भी अता पता नहीं चल पाया है।इधर ,ठीक इसी सड़क मार्ग में राजन कुमार का बाइक भी 27 अगस्त को चोरी हो गई है। उक्त बाइक पैशन प्रो (बीआर 27 एन/2199) है। वही 27 सितम्बर 2025 को नारदीगंज बाजार चौक के निकट मार्केट में लगी बाइक को भी बदमाशों ने हाथ साफ कर दिया है। स्थानीय लोगों ने बाइक चोर की घटना को राजफाश करने की मांग जिला प्रशासन से की है।

### अनुमंडल कार्यालय के समीप फिर हुआ सड़क दुर्घटना, घायल बाइक सवार रेफर

**रजौली।** थाना क्षेत्र के अनुमंडल कार्यालय से महज थोड़ी दूर हरदिया सेक्टर-ए के समीप बीते रविवार की देर रात्रि एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी।इस सड़क दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद स्थानीय लोगों एवं राहगीरों की मदद से घायल बाइक सवार को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. अभिप्राय चौधरी ने बताया कि घायल बाइक सवार की पहचान भौर गांव निवासी माहो यादव के रूप में हुई है।घायल बाइक सवार गंभीर रूप से घायल था,जिसका प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु नवादा सदर अस्पताल रेफर किया गया है।घायल बाइक सवार ने बताया कि वह रविवार की रात्रि रजौली बाजार से भौर अपने गांव जा रहे थे।इसी बीच अज्ञात वाहन ने उनके बाइक में जोरदार टक्कर मारकर फरार हो गया।बताते चलें कि रॉन्ग साइड में चलने के कारण बीते 19 सितंबर को एक अज्ञात टोटो ने एक स्कूटी सवार वृद्ध को टक्कर मार दी,जिसमें वृद्ध का हाथ टूट गया।वहीं बीते 21 सितंबर को दो बाइकों के आमने सामने की टक्कर में दोनों बाइक चालकों के हाथ और पैर टूट गया था।वहीं स्थानीय लोगों ने पुलिस व प्रशासन से रॉन्ग साइड में चलने वाले लोगों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

### अयोध्या कांड हमें त्याग और समर्पण की भावना सिखाती है - स्वामी प्रभजनानन्द

**हिसुआ(नवादा)।** हिसुआ के प्रोफेसर कॉलोनी में श्री दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित श्री राम कथा में रामायण में प्रभजनानन्द महाराज ने कहा की अयोध्या कांड हमें सिखाती है कि हम किस तरह से किस तरह से हम अपने परिवार और समाज को एकजुट रख सकते हैं। यह पूरी कहानी त्याग और समर्पण की एक अटूट भावना है। यह हमें सिखाती है की स्थिति चाहे कैसा भी हो हमें एक समान ही रहना चाहिए। भगवान राम को जब राज्य अभिषेक करने की बात की जाती है और जब उनको कुछ ही पल के बाद वनवास जाने की बात कही जाती है तो उनका प्रतिक्रिया एक समान होता है। ना तो ज्यादा खुशी और ना ही ज्यादा दुखी। इसमें भरत का एक विशेष स्थान है। यदि यह कहा जाये कि रामायण के पात्रों में भरत का चरित्र सबसे अधिक उज्ज्वल है तो कोई अत्युक्ति नहीं होगी। भरत ने जितनी प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना किया और जिस धैर्य तथा साहस के साथ किया उतना कोई दूसरा नहीं कर सकता। जितनी परीक्षाएं भरत ने दी उतनी यदि किसी दूसरे के सामने आयी होतीं तो वह कमजोर पड़ जाता। दुनिया एक ओर है और भरत एक ओर हैं। घर के सब सगे सम्बन्धी उन्हें उनका हित सुझा रहे थे। उनके जन्म से ही पहले उनकी माता कैकेयी के विवाह से भी पूर्व, उनके नाना ने महाराज दशरथ से प्रतिज्ञा करा ली थी कि कैकेयी का पुत्र ही राज्य का अधिकारी होगा। इसी शर्त पर कैकेयी का विवाह हुआ था। मन्थरा के उपदेश से कैकेयी ने इस मनोरथ के लिये घर में युद्ध मचा दिया था। एक प्रकार से भरत के मार्ग के कांटे, राम को जड़ से उखाड़ फेंका था। नाना, मामा आदि सबके सब राज-कार्य के तजुर्बेकार और भरत के हर तरह से मददगार थे। 14 वर्ष का समय भी कम नहीं होता। इतने समय में भरत प्रजा को अच्छी तरह काबू में कर सकते थे। यदि कोई अड़चन होती तो उनके सहायक भी कम नहीं थे। आखिर भरत का इसमें क्या दोष था? वह अपने 'जन्म-सिद्ध अधिकार' को कैसे छोड़ दें? फिर कैकेयी को मिले वरदान भी तो कम न थे! माना कि भगवान राम, लक्ष्मण को महर्षि विश्वामित्र ने जो दिव्य ज्ञान दिये थे वे भरत के पास नहीं थे। इस आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष नवीन सिंह, नन्देश सिंह, अजय सिंह, राजू, आज़ाद, कोबरा, चिंटू, धीरज, चन्दन, टूनूर, दीपक इत्यादि लगे हुए हैं।

# एनएचआई द्वारा संचालित मेडिकल एड पोस्ट रहता है बंद, स्वास्थ्यकर्मी नहीं करते हैं ड्यूटी, राहगीर परेशान

निज संवाददाता



बंद पड़ा मेडिकल पोस्ट व एंबुलेंस

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के करिगांव स्थित टोल प्लाजा पर एनएचएआई द्वारा संचालित मेडिकल पोस्ट अक्सर बंद रहता है।वहीं पोस्ट पर पदस्थापित चिकित्सक,कंपाउंडर,ईएमटी,एंबुलेंस चालक समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी मनमाने ढंग से ड्यूटी कर रहे हैं।इससे भारी-भरकम टोल टैक्स देकर सफर करने वाले लोगों को एनएचएआई द्वारा प्रदत स्वास्थ्य सेवा नहीं मिल पा रही है।टोल प्लाजा पर वाहन चालकों और यात्रियों को प्राथमिक उपचार को लेकर एनएचएआइ (नेशनल हाईवे अथारिटी आफ इंडिया) ने टोल पर मेडिकल एड पोस्ट स्थापित किया गया है,जहां बीमार राहगीरों एवं सड़क दुर्घटना में घायलों के साथ ही रक्तचाप,हृदयरोग और मधुमेह आदि के कारण स्वास्थ्य खराब होने पर भी उपचार दिया जाएगा।प्राथमिक उपचार के बाद घायलों-बीमारों को हायर मेडिकल सेंटर पहुंचाने के लिए एंबुलेंस की सुविधा भी अथारिटी की ओर से प्रदान की जाती है। एनएचएआई द्वारा रजौली के टोल प्लाजा पर भी दो चिकित्सक,तीन कंपाउंडर,ईएमटी एवं एंबुलेंस चालक समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की बहाली की गई है।किंतु कर्मियों की लापरवाही की वजह से टोल प्लाजा पर बना मेडिकल एड पोस्ट शोभा की वस्तु मात्र बनकर रह गई है।मेडिकल एड पोस्ट पर कर्मियों की अनियमितता से सफर में बीमार पड़े लोगों को सहायता नहीं मिलती है। 1033 पर शिकायत के बाद भी नहीं हुआ उपचार :- एमएच-20 पर सफर कर रहे एक स्कॉर्पियो सवार युवक के पेट में सोमवार की सुबह अचानक दर्द होने लगा।पीड़ित युवक ने टोल प्लाजा के समीप जाकर मेडिकल एड पोस्ट पर लगभग 45 मिनट तक रुककर स्वास्थ्यकर्मियों की खोजबीन की।किंतु वहां कोई कुछ बताने वाला नहीं था।पीड़ित युवक थक-हारकर टोल फ्री नंबर 1033 पर कॉल करके अपनी समस्या को बताया,उसके बाद भी मेडिकल एड पोस्ट पर कोई व्यक्ति नहीं पहुंच सका।टोल प्लाजा पर सहायता नहीं मिलने के बाद,युवक रजौली जाकर निजी मेडिकल दुकान से दवाई लिया,तब जाकर पेट दर्द से राहत मिली।युवक ने कहा कि यदि किसी राहगीर को स्वास्थ्य संबंधी अन्य परेशानी होती है,तो टोल प्लाजा स्थित मेडिकल एड पोस्ट की आश में कभी भी अनहोनी हो सकता है। क्या कहते हैं पदस्थापित चिकित्सक :- टोल प्लाजा पर पदस्थापित चिकित्सक डॉ. रामबालक शर्मा ने बताया कि वे अपने ड्यूटी समय से करते हैं।किंतु अन्य स्वास्थ्यकर्मी लोकल रहने के कारण अनियमित रूप से ड्यूटी करते हैं।साथ ही कहा कि मेडिकल एड पोस्ट में पदाधिकारियों के आगमन के बाद ही सभी कर्मी मौजूद रहते हैं। क्या कहते हैं एसडीएम :- इस बाबत एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन ने बताया कि एनएचएआई के पदाधिकारियों से बातचीत कर अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## माता की गोद भराई को लेकर कौआकोल दुर्गामण्डप में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

निज संवाददाता



**कौआकोल।** कौआकोल दुर्गामण्डप परिसर में शारदीय नवरात्रि की अष्टमी तिथि को माता दुर्गा के आठवें स्वरूप माता महागौरी की पूजा अर्चना की गयी। इस दौरान माता की प्रतिमा के दर्शन को लेकर भक्तजनों की काफी भीड़ उमड़ पड़ी। सोमवार को श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा और भक्ति से माता महागौरी की उपासना की। कौआकोल दुर्गामण्डप में स्थापित मां दुर्गा के दर्शन एवं गोदभराई के लिये सुबह से ही महिलाओं की भीड़ लगी रही। महिलाओं ने माता की गोद भरकर परिवार की सुख शांति व समृद्धि का आशीर्वाद लिया। वहीं सोमवार की देर रात्रि दुर्गामण्डप परिसर में भव्य जागरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ। स्थानीय पण्डित के अनुसार यहाँ स्थापित माता दुर्गा की पूजा कामाख्या विधि से होती है। इसलिए यहां मंगलवार को ही बलि दी जाएगी। जबकि 01 अक्टूबर को विजयादशमी मनाने के साथ ही 02 अक्टूबर को माता की प्रतिमा का विधिवत पूजा अर्चना के बाद विसर्जन किया जाएगा। वहीं प्रखण्ड के खड़सारी गांव सहित विभिन्न गांवों व देवी स्थलों में मंगलवार को अष्टमी, जबकि बुधवार को नवमीं एवं गुरुवार को विजयादशमी मनाया जाएगा।

## बिजली सुरक्षा को लेकर पूजा पंडालों में चिपकाए गए निर्देश, कार्यपालक अभियंता

निज संवाददाता



पंडाल परिसर में लगा बिजली विभाग के निर्देश व कर्मी

**रजौली।** मुख्यालय समेत आसपास के क्षेत्रों के पूजा पंडालों में बिजली सुरक्षा को लेकर विद्युत आपूर्ति प्रमंडल रजौली के कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार के निर्देश पर बैनर-पोस्टर चिपकाया गया है।कार्यपालक अभियंता ने बताया कि दुर्गा पूजा को लेकर विभाग द्वारा आवश्यक सभी तैयारियां कर ली गई है।इसके तहत सभी पंडाल समितियों को सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है।उन्होंने कहा कि पूजा समितियों को भारतीय विद्युत अधिनियम 1956 के तहत पंडाल की क्षैतिज दूरी 12 मीटर तथा उर्ध्वाधर दूरी 2.5 मीटर रखने को निर्देशित किया गया है।साथ ही पूजा पंडाल में क्षमता अनुसार उच्च गुणवता वाले तार का उपयोग करने,पंडाल में कटे व टूटे तार का उपयोग नहीं करना एवं कटे स्थान पर इलेक्ट्रिकल टेप का उपयोग करने,पंडाल में सजावट हेतु उपयोग में लाए जाने वाले तारों को आम आदमी के पहुंच से उपर रखने,पंडाल की सुरक्षा हेतु अग्निशामक यंत्र रखने तथा प्रदूषण रहित जेनेरेटर का इस्तेमाल करने के साथ भीड़-भाड़ वाले स्थान से दूरी पर घेरा बनाकर रखने की बात कही गई है।साथ ही सभी पूजा पंडाल समितियों को देने के साथ-साथ मेला घूमने के दौरान सभी विद्युत उपभोक्ताओं एवं आम नागरीकों से भी अनुरोध किया गया है कि विद्युत उपकरणों से स्वयं एवं अपने बच्चों को दूरी बनाकर चले।साथ ही साइबर फ्रॉड से बचने हेतु बैनर एवं इससे संबंधित बैनर पूजा पंडाल के समीप लगाया गया।साथ ही सरकार द्वारा दिए जाने वाले 125 यूनिट निःशुल्क बिजली को लेकर आवश्यक बैनर आदि लगाए गए हैं।

## जदयू नेता डॉ. सतीश कुशवाहा ने चलाया जनसम्पर्क अभियान

निज संवाददाता



**कौआकोल।** जदयू के नवादा जिला अभियान प्रभारी व गोविंदपुर विधानसभा से सम्भावित एनडीए प्रत्याशी डॉ. सतीश कुशवाहा के नेतृत्व में पार्टी से जुड़े कार्यकर्ताओं ने कौआकोल प्रखंड के तुरियाडीह, बलुआ, कदहर,रघवा, खड़सारी सहित दर्जनों गावं में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सघन दौरा कर लोगों से बिहार के निरन्तर विकास के लिए सीएम के रूप में फिर से विकास पुरुष नीतीश कुमार को कुर्सी पर बैठाने की अपील किया। इस क्रम में आम जदयू नेता सतीश कुशवाहा ने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार के विकास के लिए अपना सर्वस्व समपर्ण कर दिया है। उनके द्वारा शुरू किए गए कई लोक कल्याणकारी योजनाओं से लोग लाभान्वित हो रहे हैं। डॉ कुशवाहा ने कहा की सरकार ने हमेशा लोककल्याण कारी योजनाओं को धरातल पर लाने का काम किया है। महिला शशक्तिकरण की मिसाल क़ायम करने वाले मुख्यमंत्री ने महिलाओं के उत्थान के लिये महिला रोजगार योजना लागु किया है। राज्य के जीविका से जुडी सभी महिलाओं को दस हजार रूपये भेजनें सहित अन्य कार्य किया जा रहा है। जन सम्पर्क अभियान में जदयू के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## दुर्गा पूजा 2025: जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मूर्ति विसर्जन स्थलों एवं पूजा पंडालों का किया निरीक्षण

निज संवाददाता



**नवादा।** दुर्गा पूजा 2025 को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने तथा विधि-व्यवस्था संधारण के लिए जिलाधिकारी नवादा रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने विभिन्न विसर्जन स्थलों और प्रमुख पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम कादिरगंज स्थित सकरी नदी में बनाए गए कृत्रिम तालाब का जायजा लिया और नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को तालाब को सुव्यवस्थित करने, साफ-सफाई बनाए रखने तथा पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने शोभिया मंदिर के समीप स्थित विसर्जन तालाब का निरीक्षण किया और वहां भी बेहतर रोशनी एवं स्वच्छता की व्यवस्था करने का आदेश दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि सभी प्रतिमाओं का विसर्जन केवल चिन्हित कृत्रिम तालाबों में ही किया जाएगा। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सद्भावना चौक स्थित पंडाल का भी दौरा किया और सभी पूजा समितियों को जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने को कहा, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने पंडालों में भीड़ प्रबंधन, अग्नि सुरक्षा और बिजली सुरक्षा जैसी व्यवस्थाओं को पुख्ता करने पर विशेष बल दिया। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने हरिश्चंद्र स्टेडियम का निरीक्षण किया, जहाँ रावण वध कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में भीड़ होने की संभावना है। उन्होंने निर्देश दिया कि स्टेडियम में वॉच टावर एवं नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जाएं, ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों और वृद्धजनों के खो जाने की संभावना को देखते हुए सभी अभिभावक अपने बच्चों और वृद्धजनों की जेब में पूरा पता और मोबाइल नंबर लिखकर रखें। जिलाधिकारी ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को हरिश्चंद्र स्टेडियम और अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय और रौशनी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने आमजन से अपील की कि रावण वध और प्रतिमा विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में जिला प्रशासन का सहयोग करें और प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का पालन करें, ताकि दुर्गा पूजा 2025 का आयोजन सुरक्षित, व्यवस्थित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो सके। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता नवादा,अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी , गोपनीय शाखा प्रभारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी,अंचल अधिकारी के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सडक दुर्घटना में पिता पुत्री हुए घायल, पीएचसी में भर्ती



निज संवाददाता

**सिरदला (नवादा)।** प्रखंड के स्टेट हाइवे 70 गया रजोली मुख्य मार्ग में ठेकाही मोड पर एक अज्ञात ट्रक ने एक मोटरसाईकल को पीछे से ठोकर मार दिया। जिससे मोटरसाइकल पर सवार पिता पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना पर पहुंची 112 कि पुलिस टीम ने तत्काल घायलों को उठाकर सिरदला पी एच सी में भर्ती कराये है। घायल व्यक्ति रामोतार मांझी ने बताया कि गुरप्पा के एक निजी विधालय से अपने बच्चे को घर लेकर जा रहे थे। इस दौरान ठेकाही मोड पर दुर्घटना हो गया। इस क्रम में 12 वर्ष के पुत्री रखी कुमारी व दस वर्ष लड़का पियूष कुमार भी घायल हुआ है। डॉ अजय कुमार चौधरी ने प्राथमिक उपचार कर बच्ची रखी कुमारी को बेहतर इलाज के लिए रेफर किये हैं। सभी रजोली थाना क्षेत्र के हरदिया पिपरा गांव् के निवासी हैं।

# लव मैरेज के महज पांच महीनों बाद ही बहू के सहयोगियों के साथ मिलकर कर दी हत्या

निज संवाददाता


थाना परिसर में गिरफ्तार आरोपियों के साथ एसडीपीओ व थानाध्यक्ष

» 23 जून को पेस पहाड़ी पर मिला था एक महिला का कंकाल,एसडीपीओ ने किया मामले का उद्भेदन

» बहु और उसके दो सहयोगियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार,भेजे गए जेल

**रजौली।** अनुमंडल क्षेत्र के मेसकौर थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है।लव मैरेज के महज पांच महीनों में ही बहू ने अपने सहयोगियों की मदद से अपनी सास को मौत के घाट उतार दी है।बताते चलने कि बीते 8 जून से गायब हुई एक महिला के शव को पुलिस ने लगभग एक माह बाद नारदीगंज थाना क्षेत्र के पेसो गांव स्थित पहाड़ी से प्राप्त किया था।इस मामले का सफल उद्भेदन एसडीपीओ रजौली गुलशन कुमार के द्वारा किया गया।सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एसडीपीओ ने मामले की जानकारी दी। क्या है मामला :- बीते 8 जून को मेसकौर थाना क्षेत्र के नौडीहा गांव निवासी कृष्ण राजवंशी की 45 वर्षीय पत्नी किरण देवी गायब थी।किरण देवी के पिता केशर राजवंशी द्वारा अपने पुत्री के अपहरण को लेकर मेसकौर थाना में गायब होने के 15 दिनों के बाद प्राथमिकी दर्ज करवाई।प्राथमिकी में पीड़ित ने अपनी बेटी की बहु कांचो देवी और उसके परिजनों पर अपहरण का आरोप लगाया था।प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस एक्शन में आई और मामले की तह तक गई।चूंकि घटना और प्राथमिकी दर्ज होने के बीच लगभग 15 दिनों का अंतर था,इसलिए पुलिस को मामले के उद्भेदन में थोड़ा समय लग गया। लव मैरेज के कारण सास-बहु में होती थी लड़ाई :- एसडीपीओ गुलशन कुमार ने बताया कि किरण देवी के बेटे सन्नी कुमार ने इसी वर्ष शिवरात्रि के दिन पहले से एक बच्चे की मां कांचो देवी के साथ शादी करके घर ले आया था।बेटे की शादी से उसकी मां खुश नहीं थी और इस कारण सास-बहु में अक्सर झगड़ा होते रहता था। हत्या की रची गई साजिश :- सास-बहु के झगड़े से परेशान होकर बहु कांचो देवी ने अपनी सास को रास्ते से हटाने की योजना नौडीहा गांव के ही रहने वाले अपने सहयोगियों चचेरे बहन के बेटे रंजीत कुमार और रंजीत के दोस्त करण कुमार के साथ मिलकर बनाने लगी।इसी बीच सास किरण देवी की तबियत थोड़ी खराब थी,जिसे बहु कांचो देवी ने पड़ोसी करण कुमार के साथ बाइक पर बैठाकर बीते 8 जून को हिसुआ ले गई।हिसुआ से वे तीनों बाइक पर ही पेसो गांव,जहां किरण देवी का मायके था,वहां गए और लौटने के क्रम में किरण देवी को करण कुमार और कांचो देवी ने दातुन तोड़ने के बहाने से पहाड़ की ऊंचाईयों पर ले गए।पहाड़ी पर पहले किरण देवी का गला घोंटा गया एवं धारदार ब्लेड की मदद से गर्दन काट छोड़ दिया गया।किरण देवी के मायके पेसो से अपने गांव नौडीहा नहीं पहुंचने पर परिजन परेशान होने लगे,तो आरोपियों ने किरण देवी को रास्ते में ही उतर कर वजीरगंज जाने की बात बताई गई।15 दिनों तक जब कुछ भी पता नहीं चला,तो किरण देवी के पिता केशर राजवंशी ने थाने में लिखित आवेदन देकर कांचो देवी और उसके परिजनों पर अपहरण का केस दर्ज करवाया। अपहरण बदला मर्डर केस में :- पुलिस ने किरण देवी के अपहरण का मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।पूछताछ के क्रम में बहु कांचो देवी और करण कुमार से पूछताछ किया गया,जिसमें उन्होंने स्क्रिप्टेड स्टोरी को बता,पुलिस को भी गुमराह किया।किंतु बीते 3 जुलाई को नारदीगंज के पहाड़ी पर पुलिस को एक शव का कंकाल मिला,जिसका पहचान किरण देवी के रूप में हुई।पुलिस द्वारा अब अपहरण के केस को मर्डर में तब्दील किया गया। बहु की गिरफ्तारी में खोले राज :- पुलिस किरण देवी के हत्यारे की खोजबीन में जुट गई,तो इस क्रम में उसकी बहु कांचो देवी भी गायब हो गई।जिसे पुलिस बलों ने बीते रविवार को हिरासत में लिया और पूछताछ में बहु कांचो देवी ने स्वीकार किया कि वे अपनी सास किरण देवी के साथ हो रहे झगड़े से परेशान थी।इससे निजात दिलाने में उसने अपने चचेरी बहन के बेटे रंजीत कुमार और उसके दोस्त करण कुमार की मदद ली।पुलिस ने कॉल डिटेल्स में कांचो देवी और करण कुमार के बीच बहुत ही ज्यादा बातचीत भी देखी।काफी कठिनाइयों के बाद पुलिस ने हत्या की इस पहेली को सुलझाने में कामयाबी हासिल की।एसडीपीओ ने बताया कि किरण देवी की हत्या के समय कांचो देवी और करण कुमार ही घटनास्थल पर मौजूद थे,जिन्होंने घटना को अंजाम दिया।जबकि रंजीत कुमार मर्डर के समय नहीं था,किंतु षड्यंत्र में उसकी संलिप्तता है। बहु और उसके दो सहयोगियों को भेजा गया जेल :- एसडीपीओ गुलशन कुमार ने बताया कि अपहरण से शुरू हुआ मामला मर्डर तक पहुंचा है।पुलिस ने मामले का सफल उद्भेदन करते हुए बहु कांचो देवी एवं सहयोगियों के रूप में रहे करण कुमार और रंजीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है।गिरफ्तार लोगों से आवश्यक पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### नालंदा पुलिस ने की नियमों का पालन करने की अपील

**बिहारशरीफ।** दुर्गा पूजा को लेकर प्रशासन ने शहर के कई मार्गों में चारपहिया वाहनों को प्रतिबंधित कर दिया है। बावजूद कुछ लोग सोमवार को शहर में कार से घूमते दिखे। नालंदा पुलिस ने ऐसे लोगों से नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि मेला में कार ले गये तो जुर्माना हो सकता है। साथ ही नियमानुसार कार्रवाई भी हो सकती है। पुलिस ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि बड़े वाहनों के कारण जाम की स्थिति पैदा होती है। इससे मेला घूमने आये लोगों को परेशानी होती है। ट्रैफिक जाम की समस्या होती है। साथ ही विधि-व्यवस्था संधारण में भी दिक्कत आती है। मंगलवार से मेला में भीड़ और बढ़ जाएगी। ऐसी हालत में नियमों का पालन नहीं करने वाले लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

### बाइकों की टक्कर में दो की मौत, तीन अन्य जख्मी, चंडी थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव के पास हुआ हादसा

#### मृतकों में एक युवक पटना का, दूसरा मनियारपुर का किशोर

**चंडी।** थाना क्षेत्र के एनएच 431, जैतीपुर-हरनौत मार्ग पर सोमवार को दो बाइकों की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गयी। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि दोनों बाइक के परखच्चे उड़ गये। मृतकों में मनियारपुर गांव निवासी रंजन कुमार का 15 वर्षीय पुत्र आयुष्मान कुमार और पटना जिला के बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के भुआपुर गांव निवासी मीकू कुमार शामिल है। घायल मीकू की पत्नी, मनियारपुर गांव का सूरज कुमार व रविकांत कुमार की पत्नी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूरज की स्थिति चिंताजनक बतायी जाती है। ग्रामीणों की माने तो मनियारपुर गांव के तीन लड़के बाइक की पूजा करवाने के लिए जगदम्बा स्थान गये थे। वहां से लौटने के दौरान दौलतपुर गांव के पास एक ट्रक ने चकमा दे दिया। इससे बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गयी। टक्कर होने के बाद पांचों लोग सड़क पर इधर-उधर गिर गये। हादसे में मीकू की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं, आयुष्मान ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मीकू अपनी पत्नी के साथ बाइक से अपनी ससुराल जहानाबाद जिला के टेहटा गांव जा रहा था। हादसे के बाद मनियारपुर गांव में सन्नाटा पसर गया है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शवों को परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

### कृष्णापुरी में 15 दिनों से नहीं आ रहा पानी, मचा हाहाकार, नल-जल योजना हुई फेल, मोहल्लेवासियों में भारी आक्रोश

**हरनौत।** गर पंचायत के वार्ड नंबर 13 कृष्णापुरी में 15 दिनों से लोगों के घरों में पानी नहीं आ रहा है। वहां पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। मोटर खराब हो जाने से नल-जल योजना फेल हो चुकी है। इससे मोहल्लेवासियों में भारी आक्रोश है। लोग जलसंकट से जूझ रहे हैं। दीपेश कुमार, रामप्रवेश सिंह समेत अन्य स्थानीय निवासियों ने कहा कि इसके लिए वे अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं। लेकिन, अब तक कोई पहल नहीं की गयी है। 15 दिन बीत चुका है। दशहरा जैसे पर्व में भी लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ेगा। वहीं विजय प्रसाद, प्रेम कुमार और प्रगतिशील मगही समाज के जिला नालंदा आंदोलन सचिव बृजनंदन यादव ने साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही आपूर्ति बहाल नहीं हुई, तो लोग सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। कार्यपालक अभियंता सुमन सौरव ने बताया कि नया मोटर आ चुका है। इसे जल्द ही लगा दिया जाएगा।

# नहर में डूबने से दो मासूमों की मौत पर्व की खुशी मातम में बदली

**निज संवाददाता। गयाजी**

गया जिले के टिकारी प्रखंड के रकसिया गांव में सोमवार को एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। नहर में नहाने गए दो मासूम बच्चों की डूबने से मौत हो गई। इस घटना ने पर्व की खुशियों को मातम में बदल दिया। मृतकों की पहचान 8 वर्षीय पिंटू कुमार (पिता लालू मांझी) और 10 वर्षीय सिवानी कुमारी (पिता मोहित मांझी) के रूप में हुई है। दोनों बच्चे घर से नहर में नहाने के लिए निकले थे, लेकिन वापिस नहीं लौट सके। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, बच्चे नहर गेट के पास पानी में उतरे थे। नहर में गहराई अधिक होने के साथ ही उसमें फैली जलकुंभी बच्चों के लिए जाल साबित हुई। खेलते-खेलते दोनों गहरे पानी की ओर चले गए और जलकुंभी में उलझ गए। आसपास मौजूद लोगों ने शोर सुनकर बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। हादसे की खबर जैसे ही गांव में फैली, पूरे इलाके में मातम छा गया। स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि बच्चे सुबह से ही उत्साहित थे और दोस्तों के साथ नहर की ओर निकल गए थे। किसी ने सोचा भी नहीं था कि मासूमों की जिंदगी इतनी जल्दी खत्म हो जाएगी।



पर्व की उमंग देखते-देखते मातम में बदल गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव के मुखिया रिंकू ठाकुर और क्षेत्रीय विधायक डॉ. अनिल कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। विधायक ने बीडीओ को निर्देश दिया कि पारिवारिक लाभ योजना के तहत मृतक परिवारों को 20-20 हजार रुपये की तत्काल सहायता दी जाए। इसके अलावा आपदा राहत योजना से भी मदद दिलाने का भरोसा दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल अस्पताल, गया भेजा गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। साथ ही प्रशासन ने भी घटना पर संवेदना व्यक्त की और भविष्य में ऐसे हादसे रोकने के लिए नहर किनारे सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

## पट खुलते ही गूंजा जय माता दी का जयकारा, दुर्गामय हुआ फतेहपुर-टनकुप्पा



**निज संवाददाता। फतेहपुर (गयाजी)**

दुर्गा पूजा के सप्तमी तिथि पर फतेहपुर एवं टनकुप्पा में मां दुर्गा की प्रतिमा विधिवत पूजा-अर्चना और प्राण प्रतिष्ठा के बाद स्थापित की गई। जैसे ही पट श्रद्धालुओं के लिए खोला गया, पूरा वातावरण "जय माता दी" के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं में उमंग और आस्था का माहौल देखते ही बन रहा था। फतेहपुर, टनकुप्पा, डुमरी चट्टी, पहाड़पुर स्टेशन, जमहेता, गोपीमोड़, बदउआ, चोवार, करियादपुर, जगरनाथपुर, बरतारा, बरसौना और भेटौरा सहित कई स्थानों पर आकर्षक पंडाल बनाए गए हैं। रंग-बिरंगी रोशनी और साज-सज्जा से पंडालों को सजाया गया है। लाइटिंग का ऐसा नजारा है कि लोग देर तक निहारते रह रहे हैं। बढ़ती महंगाई के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। बाजारों में भीड़भाड़ बढ़ गई है। सजावट की दुकानों, प्रसाद और वस्त्र की बिक्री में तेजी देखने को मिल रही है। पूजा समितियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों और भजन-कीर्तन की तैयारियां भी की हैं। जगह-जगह मंच तैयार कर स्थानीय कलाकारों को प्रस्तुति का अवसर दिया जा रहा है। इन आयोजनों से श्रद्धालुओं में और भी उत्साह भर गया है। पूजा के दौरान शांति और सुरक्षा बनाए रखने को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह चौकस है। पुलिस बल और चौकीदारों को पंडालों के आसपास तैनात किया गया है। सुरक्षा के कड़े इंतजाम से श्रद्धालु निश्चिंत होकर पूजा का आनंद ले रहे हैं।

# पावापुरी जलमंदिर-नवादा रेललाइन निर्माण को 492.14 करोड़ स्वीकृत

**निज संवाददाता। बिहारशरीफ**

- पावापुरी जलमंदिर-नवादा रेललाइन निर्माण को 492.14 करोड़ स्वीकृत
- 25.10 किमी लंबे रेलखंड के बनने में लगेंगे 5 साल
- पारंपरिक रेशम केंद्र कादिरगंज का भागलपुर के साथ व्यापारिक संबंध सुगम होंगे

पावापुरी जलमंदिर-नवादा नई रेललाइन निर्माण के लिए रेलवे ने 492.14 करोड़ रुपये की स्वीकृति सोमवार को दे दी। 25.10 किलोमीटर लंबे इस रेलखंड के बनने में पांच साल लगेंगे। इसमें 17.5 किलोमीटर नवादा, तो सिर्फ 7.6 किलोमीटर लंबी रेललाइन नालंदा में बिछेगी। इसके बनने से जैनियों का मक्का-मदीना कहा जाने वाला तीर्थस्थल पावापुरी जल मंदिर के लिए सीधी रेल कनेक्टिविटी हो जाएगी। इससे सड़क परिवहन पर निर्भरता कम होगी और पारसनाथ व पावापुरी स्थित जैन धर्म का प्रसिद्ध जल मंदिर के बीच आवागमन काफी आसान हो जाएगा।

जैन तीर्थस्थलों के बीच सीधी पहुंच से जैन सर्किट में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। राजगीर व बिहारशरीफ से कनेक्टिविटी में सुधार होगा और नवादा-नालंदा-राजगीर क्षेत्र में यात्रा समय में कमी आएगी। पर्यटन के अलावा यह मार्ग नवादा व नालंदा जिलों को एकीकृत करते हुए प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र और पारंपरिक रेशम केंद्र कादिरगंज का भागलपुर के साथ व्यापारिक संबंध सुगम बनाकर सामाजिक-आर्थिक विकास को भी बढ़ावा देगा।

**पहले बनी 2 डीपीआर :** हालांकि, पहले बिहारशरीफ के पावापुरी रोड से जलमंदिर होते हुए नवादा के लिए रेललाइन बिछाने की योजना थी। मई में इसके लिए धरातलीय व ड्रोन सर्वे किया गया था। कार्य एजेंसी ने इसकी अनुमानित लागत 14 अरब 20 करोड़ रुपये आंकी थी। यह लागत वर्ष 2022 में बनायी गयी 10 अरब सात करोड़ 58 लाख 70 हजार रुपये की डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) से करीब 400 करोड़ अधिक थी।

**बीच में महज एक स्टेशन :** जलमंदिर से नवादा के बीच महज एक स्टेशन समाई होगा। सर्वे टीम ने कहा है कि नई रेलखंड का निर्माण काफी लाभकारी साबित होगा। इसपर वर्ष 2042 तक यात्रियों की संख्या दोगुनी हो जाएगी। जैन सैलानियों की संख्या में भी इजाफा होगा। इसके कारण स्थानीय लोगों को स्वरोजगार मिलेगा। उनकी आमदनी में इजाफा होगा।

**क्यों बनायी नई डीपीआर :** उच्च पदस्थ आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 500 करोड़ तक की योजनाओं की स्वीकृति महाप्रबंधक स्तर से ही दी जाती है। ऐसे में पावापुरी को रेललाइन से जोड़ने की केन्द्र की घोषणा को शीघ्र धरातल पर उतारने के उद्देश्य से नई डीपीआर बनायी गयी है। जलमंदिर से नवादा और बिहारशरीफ की दूरी क्रमशः 17.5 और 17 किलोमीटर है। लेकिन, जलमंदिर से नवादा तक रेललाइन बिछाने में खर्च कम, तो बिहारशरीफ से जलमंदिर को जोड़ने के लिए इससे कई गुना अधिक खर्च करने होंगे।



## संक्षिप्त समाचार

### बिक्रमगंज पुलिस का अवैध शराब पर कड़ा प्रहार,10 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद

**बिक्रमगंज , रोहतास।** थाना क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार पर शिकंजा कसते हुए पुलिस ने एक बार फिर कार्रवाई की है । मिली गुप्त सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष ललन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मोरौना गांव के सरकारी विद्यालय के बगल स्थित झाड़ियों में विशेष छापेमारी अभियान चलाया ।छापेमारी की भनक मिलते ही कारोबारी मौके से फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने चिन्हित स्थल से 10 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की है । थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि फरार कारोबारी की पहचान कर ली गई है और उसके विरुद्ध स्थानीय थाना में नामजद एफआईआर दर्ज की गई है । थानाध्यक्ष ने कहा कि आरोपी को बहुत जल्द गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा । इस कार्रवाई से इलाके में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है ।

### बसडीहा में पुलिस का 'ऑपरेशन हथियार'– देशी कट्टा-कारतूस के साथ एक धराया

#### थानाध्यक्ष बोले– "गुनहगारों की खैर नहीं"

**दिनारा , रोहतास ।** दिनारा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत भानस थाना के बसडीहा गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार रखने वाले श्रवण चौधरी को एक देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया । कार्रवाई भानस थानाध्यक्ष विजय बैठा के नेतृत्व में की गई । थानाध्यक्ष विजय बैठा ने बेहद सख्त लहजे में कहा कि अब अपराधी चाहे जितना छुप जाए,पुलिस उसे उसके अंजाम तक पहुंचाएगी । गुप्त सूचना मिलते ही छापेमारी की गई और आरोपी को हथियार सहित धर दबोचा गया । अवैध हथियार रखने वालों को किसी भी सूरत में छोड़ा नहीं जाएगा । सीधे जेल और कानून का शिकंजा तैयार है । उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की कड़ी धाराओं में मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है । थानाध्यक्ष ने लोगों को चेतावनी दी कि अवैध हथियार का कारोबार करने वालों और उन्हें शरण देने वालों की भी खैर नहीं । पुलिस सख्ती से निपटेगी और क्षेत्र में शांति व सुरक्षा कायम रखेगी ।

### बाइकों के आमने-सामने की टक्कर में दंपति सहित तीन जख्मी

**करगहर(रोहतास)।** थाना क्षेत्र के गारा चौबे नहर पथ में रतनपुरा गांव के बधार में सोमवार को दो बाइको के आमने-सामने की टक्कर में महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए । जिन्हें ई रिक्शा चालक ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल ले जाने को कहा । ग्रामीणों ने उनके मोबाइल से घटना की जानकारी दी । घटना के संबंध में बताया जाता है कि कैमूर जिला के गायघाट निवासी मनोज राम अपनी पत्नी चंपा देवी के साथ सासाराम स्थित मुरादाबाद एक रिश्तेदारी में जा रहा था। इस बीच विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे कैमूर जिला के भरखरा निवासी श्री राम कुम्हार सड़क के बीच में पड़े कीचड़ से बचाव के दौरान अनियंत्रित होकर टक्कर मार दी । जिससे तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए ।

### दुर्गा पूजा को लेकर क्षेत्र में निकला फ्लैग मार्च

**समस्तीपुर।** जिले के कल्याणपुर में अंचल पदाधिकारी शशि रंजन व कल्याणपुर थानाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा की नेतृत्व में माता दुर्गा पूजा को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रहे, पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। थाना परिसर से निकली फ्लैग मार्च कल्याणपुर, मिर्जापुर चौक, ध्रुवगामा, रतवारा, रामभद्रपुर, तीरा पुलिस बल के साथ घूमती हुई थाना पहुंची। वहीं दूसरी ओर चकमहेसी थानाध्यक्ष मनीष कुमार के नेतृत्व में सैदपुर चौक, कुशियारी, रतनपुर, सोरमार, नामापुर पुलिस बल के साथ गई।थानाध्यक्ष ने बताया कि फ्लैग मार्च के निकलने से अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों में पुलिस के भय का माहौल होता है।

# पट खुलते ही पूजा पंडालों में दिखी श्रद्धालुओं की भीड़





» सुरक्षा को लेकर दंडाधिकारी व पुलिस बल की हुई तैनाती
» शहर से गांव तक के पंडालों के समीप दिखा मेला का नजारा

निज संवाददाता

**डेहरी रोहतास।** शहर से गांव तक की शाम सभी पूजा पंडालों में मां दुर्गा का पट खुलते ही माता के दर्शन-पूजन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। हर कोई माता के दर्शन व पंडाल की खूबसूरती देखने के लिए व्याकुल थे। कई जगहों पर पंडाल में विभिन्न तरह की झांकी प्रस्तुत की गई है। भीड़ को नियंत्रण करने के लिए पूजा कमिटी के साथ सभी पंडालों में पुलिस बल की तैनाती है। पूजा पंडाल के आसपास कहीं-कहीं बच्चों के लिए झूला भी लगाया गया है। बच्चों के हाथों में गुबारा और खिलौने देखे जा रहे हैं। कुल मिलाकर दुर्गा पूजा के हर्षोल्लास में डूब गया है। सोमवार को धूमधाम से मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना की गई। आचार्य दिलीप पांडेय ने बताया कि सदैव शुभ फल देने के कारण इनको शुभंकरी भी कहा जाता है। मां कालरात्रि दुष्टों का विनाश करने के लिए जानी जाती हैं, इसलिए इनका नाम कालरात्रि है। भक्तों ने पूजा पंडालों में नारियल, भतुआ, ईख आदि की बलि माता को प्रसन्न करने के लिए दी। सोमवार के दिन कैलाश से उतरकर मां के घर पहुंचीं दुर्गा के महागौरी रूप की आराधन की जाती है। महागौरी के पूजन से धन-धान्य, सुख समृद्धि और अभय का वरदान मिलने की मान्यता है। महागौरी के स्वरूप महाअष्टमी के दिन महागौरी देवी के चार हाथों में से दो हाथ आशीर्वाद देने की मुर्दा में होते हैं, और दो हाथों में डमरू और त्रिशूल रहता है। महागौरी सफेद या हरा वस्त्र धारण करती हैं, यह दिन देवी दुर्गा के अस्त्र शस्त्रों की पूजा की जाती है। अष्टमी पर लाल फूल, लाल चंदन, दिया, धूप जैसी चीजें से मां दुर्गा का पूजन होता है। इस अवसर पर कई पुलिस - प्रशासनिक अधिकारियों ने रविवार की देर शाम डेहरी शहर के पाली रोड, स्टेशन रोड, मुख्य बाजार आदि स्थानों पर बने पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। तथा मां की प्रतिमा का दर्शन किया। स्टेशन रोड स्थित नटराज कला परिषद, जय शिव कला मंदिर, काली कला मंदिर पाली, युवा किंग कला मंच स्टेशन रोड, महंगी लाल गली महावीर नवयुवक संघ, शिव सेवा समिति, शिवगंज, बाबूगंज, के पूजा पंडालों का उद्घाटन अलग-अलग पदाधिकारियों द्वारा किया गया। जहां स्थापित मां दुर्गा प्रतिमा और आकर्षक प्रकाश की व्यवस्था भक्तों को अपनी ओर खींच रही थी। डालमियानगर बंगाली क्लब व पाली स्थित श्री राम कृष्ण आश्रम में बंगाली समुदाय के लोगों द्वारा वेदी पर माँ की प्रतिमा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ स्थापित किया गया है। अलग-अलग पंडालों की अपनी भब्यता देखते बनती थी। डालमियानगर में रोहतास क्लब पूजा पंडाल का उद्घाटन बंद रोहतास उद्योग के प्रशासक ए आर वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार सा अभिनव कला संगम अध्यक्ष कमलेश कुमार, समाजसेवी संजय सिंह बाला, कमिटी अध्यक्ष राजेश उर्फ राजू सिंह, अनिल सिंह, संजय सिंह, ललित सिन्हा आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उदघाटन किया। पूजा आरती के बाद सभी ने माता की जयकारा लगाया। सभी पंडालों में दंडाधिकारी के साथ पुलिस सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। गणमान्य लोग व काफी संख्या में महिलाएं थी।

## दुर्गा पूजा शोभायात्रा में भक्त कीचड़-गंदे पानी से गुजरेः कराकाट नगर पंचायत में सफाई व्यवस्था पर उठे सवाल

निज संवाददाता



**काराकाट, रोहतास।** काराकाट नगर पंचायत के गोड़ारी नगर में दुर्गा पूजा के अवसर पर सफाई व्यवस्था की पोल खुल गई है। शोभायात्रा के दौरान भक्तगणों को कीचड़ और गंदे पानी के बीच से गुजरना पड़ा, जिससे नगर प्रशासन की लापरवाही सामने आई है। नगर में जगह-जगह कूड़े-कर्कट का ढेर लगा है और कई वार्डों में गंदा पानी जमा है। नगरवासियों का कहना है कि पर्व-त्योहारों पर भी साफ-सफाई न होने से पूजा का महत्व कम हो जाता है। नगरवासियों विशाल भारती, प्रशांत प्रसाद, रंजन सोनी, अरुण प्रसाद, रवि कुमार, अशोक तिवारी और दिलीप कुमार सहित कई लोगों ने बताया कि जलभरी की शोभायात्रा में श्रद्धालुओं को गंदगी के बीच से जल भरना पड़ा। उन्होंने यह भी बताया कि शोभायात्रा के दौरान एक ओर जहां नगरवासी फूलों की वर्षा कर रहे थे, वहीं दूसरी ओर भक्तों को गंदे पानी के रास्ते से जाने को मजबूर होना पड़ा। नगरवासियों ने आरोप लगाया कि नगर प्रशासन सफाई के नाम पर प्रति माह 10-12 लाख रुपये खर्च करता है, लेकिन धरातल पर सफाई 'जीरो' है। गोड़ारी बाजार के मुख्य मार्ग पर भी जल जमाव और गंदगी की स्थिति बनी हुई है, जिससे वार्डों की हालत का अंदाजा लगाया जा सकता है। पूजा समिति ने भी सफाई व्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त की है। नगर विकास एवं आवास विभाग निदेशालय के 3 सितंबर के ज्ञापन में दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पर्व पर नगर को पूरी तरह स्वच्छ रखने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद नगर प्रशासन की लापरवाही से नगर गंदगी से भरा पड़ा है। सफाई न होने से आम चर्चा है कि नगर पंचायत बनने के बाद स्थिति और खराब हो गई है। नगरवासियों ने पर्व-त्योहारों के अवसर पर तत्काल साफ-सफाई की मांग की है।

## खैरा थाना क्षेत्र में पुलिस के द्वारा निकाला गया फ्लैग मार्च

निज संवाददाता



**नगरा।** प्रखंड के खैरा थाना क्षेत्र में ट्रैफिक डीएसपी संतोष कुमार पासवान के नेतृत्व में एस एस बी के जवानों ने फ्लैग मार्च निकाला। बताते चले कि नवरात्र में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो तथा भय मुक्त वातावरण में लोग अपने इस त्यौहार को मनाए । इसके लिए सरण पुलिस कप्तान डॉ कुमार आशीष के निदेशानुसार खैरा थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। ट्रैफिक डीएसपी संतोष कुमार पासवान के नेतृत्व में 50 से अधिक एस एस बी के जवानों एवं पदाधिकारी ने खैरा भट्टी, कृष्णा चौक, फुटानी मोड, पटेढा एवं अन्य खैरा थाना क्षेत्र के बाजार जहां पर दुर्गा प्रतिमा स्थापित है फ्लैग मार्च किया गया। इस बाबत खैरा थाना अध्यक्ष अखिलेश पासवान ने बताया कि भय मुक्त वातावरण में दशहरा के त्यौहार को मनाने के लिए फ्लैग मार्च किया गया । फ्लैग मार्च में मुख्य रूप से टॉपिक डीएसपी संतोष कुमार पासवान, नगरा प्रखंड विकास पदाधिकारी, खैरा थाना अध्यक्ष अखिलेश पासवान सहित खैरा थाना के पदाधिकारी, ग्रामीण पुलिस एवं थाना के जवान तथा पदाधिकारी शामिल थे।

# छात्रों के भविष्य संवारने में कोचिंग संस्थान दे रहें अहम योगदान : डॉ. मनीष

निज संवाददाता



**बिक्रमगंज / रोहतास ।** शहर के न्यूटन कोचिंग संस्थान के नए ब्रांच का हुआ शुभारंभ । जिसका उद्घाटन व्यापार मंडल बिक्रमगंज परिसर में मुख्य अतिथि काराकाट भाजपा नेता सह प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ. मनीष रंजन ने पुजारी की उपस्थिती में वेद मंत्रों के उच्चारण साथ फीता काट किया । अवसर पर न्यूटन कोचिंग संस्थान के निदेशक भौतिकी विषय के मेडलिस्ट प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने मुख्य अतिथि डॉ. मनीष का फूल माला पहना व अंगवस्त्र भेट कर स्वागत किया । मौके पर निदेशक डॉ.सुरेंद्र कुमार ने कहा कि इस नए संस्थान में समाज के सभी बच्चों को वर्ग नवम से मैट्रिक सहित स्नातक स्तरीय शिक्षा अनुभवी शिक्षकों के नेतृत्व में निरंतर दी जायेगी । साथ ही विशेष शिक्षा कोर्स अंतर्गत जेई,नीट,आईआईटी, एडवांस,मेंस परीक्षाओं की तैयारी के लिए इसका शुभारंभ किया गया है । जिसमें गरीब,दिव्यांग,असहाय बेटे-बेटियों की पढ़ाई के सपने साकार करने के लिए उन्हें विशेष सुविधाएं दी जायेगी । उद्घाटन समारोह में शामिल स्थानीय लोगों सहित शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों ने इसे सराहनीय कदम बताया । मुख्य अतिथि डॉ. मनीष ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बिक्रमगंज अनुमंडल में एक नये अंदाज में न्यूटन कोचिंग संस्थान के दूसरे ब्रांच के शुभारंभ से शिक्षा के क्षेत्रों में अहम बदलाव आयेगी । कोचिंग संस्थान का मुख्य उद्देश्य छात्रों में शिक्षा के प्रति एक नई जागरूकता लाना है । ताकि छात्र अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर अपने भविष्य को उज्ज्वल कर सके । वहीं निजी कोचिंग संस्थान छात्रों की व्यक्तिगत क्षमता को उजागर कर उन्हें अपनी शक्तियों और कमजोरियों को पहचानने में मदद कर रही है । जो छात्र-छात्राओं के आत्म जागरूकता को प्रबल कर उन्हें शिक्षा क्षेत्र में सफल बनाने में अपना अहम योगदान भी दे रहें है । मौके पर कोचिंग संचालक सबिता सिंह,सरोज सिंह,सुनील सिंह,मनमोहन तिवारी, रमेश सिंह,दिनेश कुशवाहा,हरेंद्र सिंह हरियाली,विवेक कुशवाहा,दिनेश सिंह,परवेज खां,प्रवीण सिंह,जुनैद खान,नरेंद्र सिंह,चंदेश्वर पांडेय, आलोक पासवान,रामाकांत साह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे ।

# मां दुर्गा का पट खुलते ही दर्शन पूजन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

निज संवाददाता



» श्रद्धालुओं ने पुजा- अर्चना कर की सुख - शांति व समृद्धि की कामना

**करगहर (रोहतास)।** या देवी सर्व भूतेषु ,शक्ति रूपेण संस्थिता,नमस्तयै नमस्तयै नमो नमःआदि के वैदिक स्लोक पाठ के बीच सोमवार के अहले सुबह से मां दुर्गा के नव रूपों की पट खुलते ही दर्शन व पूजन के लिए प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न बाजारों व गांवों के पूजा पंडालों में महिलाओं - पुरुषों श्रद्धालुओं का तांता लग गया। प्रखंड के कई जगहों पर आकर्षक एवं मनभावन पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा सहित अन्य देवी देवताओ के प्रतिमा का पूजा अर्चना व दर्शन पूजन के लिए महिलाएं , युवती व पुरुषों का हुजूम उमड़ा रहा। कलाकारों द्वारा बनाये गए भव्य व आकर्षक पंडालों का भी श्रद्धालु खूब बखान करते नजर आए। चहुंओर देवी गीतों से प्रखंड क्षेत्र सराबोर है। वही रात के अंधेरे में सड़क पर सजाया गया एक से बढ़कर एक जगमगाते रौशनी देखते ही बना । इस दौरान असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने के लिए बड़े पैमाने पर जगह जगह पुलिस बल के जवान को भी तैनात किया गया है । इस दौरान श्रद्धालुओं ने विधिवत रूप से मां की पूजा-अर्चना की तथा प्रखंड के विभिन्न जगहों पर बने पंडालों का प्रशासन द्वारा मुआयना भी किया। मां दुर्गा के सातवें रूप कालरात्रि की नवरात्र के सातवें दिन उपासना की जाती है जो अपनी वाहन पर सवार होकर आती हैं। शहर के विभिन्न जगहों पर रखें गए मां की प्रतिमाओं को मंत्रोच्चारण के साथ स्थापित किया गया तथा मां के जयकारे भी लगाए गए। सभी पूजा पंडालों में मां की प्रतिमाओं को बड़े ही आकर्षक ढंग से सजाया गया। जिसकी खूबसूरती देखते ही बन रही हैं। दुर्गा पूजा समिति करगहर बाजार , आदर्श कला मंच सिरिसिया , बड़हरी , दुर्गा मंडप बभनी, बड़की खड़ारी , दुर्गा बाल नवयुवक संघ अररूआ , गोरी , डिभिया, जलालपुर सहित कई जगहों पर मजिस्ट्रेट के रूप में प्रशासन की तैनाती की गई है। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी अजीत कुमार व थानाध्यक्ष कमल नयन पांडेय करगहर , अंचलाधिकारी अजीत कुमार व संजय कुमार पासवान बड़हरी, सहित प्रखंड के सभी जगहों पर पुलिस बल मौजूद रहे।

## दुआरी में मां दुर्गा की भव्य आराधना, जनसुराज पार्टी के संभावित प्रत्याशी योगेंद्र सिंह ने किया उद्घाटन

निज संवाददाता



**काराकाट , रोहतास।** काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मुंजी के निज ग्राम दुआरी में सोमवार को मां दुर्गा की भव्य आराधना एवं पूजा-अर्चना की गई । विद्वतजनों के सानिध्य में मुख्य यजमान सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान से मां दुर्गा की आराधना की । पूजा के उपरांत मां दुर्गा का पट खोला गया । पट खुलते ही पूरा वातावरण "जय मां दुर्गा" के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा । इस अवसर पर काराकाट मुखिया,रोहतास मुखिया संघ जिलाध्यक्ष सह 213 काराकाट विधानसभा क्षेत्र से जनसुराज पार्टी के संभावित प्रत्याशी योगेंद्र सिंह ने पूजा समिति के सदस्यों एवं आचार्य की उपस्थिति में फीता काटकर दुर्गा पूजा पंडाल का विधिवत उद्घाटन किया । उद्घाटन के बाद उन्होंने मां दुर्गा के श्रीचरणों में माथा टेककर क्षेत्र की खुशहाली,समृद्धि और राष्ट्र के कल्याण की कामना की । योगेंद्र सिंह ने इस दौरान कहा कि मां दुर्गा की कृपा से क्षेत्र में शांति,सौहार्द और विकास का वातावरण बना रहे । उन्होंने पूजा समिति के सदस्यों और उपस्थित भक्तों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दीं । इस मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष,सदस्य,आचार्य एवं सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे । पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना रहा ।

## भव्य पंडालों में हुई मां दुर्गा स्थापित, खुला पट, भक्तों की लगी भीड़




» धार्मिक अनुष्ठान एवं वैदिक मंत्रोच्चार से खोला गया पट

निज संवाददाता

**बिक्रमगंज ।** बिक्रमगंज नगर परिषद में दुर्गा पूजा समितियों द्वारा आकर्षक एवं भव्य पंडाल निर्माण कर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई है। रविवार को भव्य कलश यात्रा और जलभरी के साथ प्रतिमाओं का पट धार्मिक अनुष्ठान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ देर रात खोला गया। जिसके बाद सोमवार से भक्तों की भीड़ दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर परिषद के अंदर पांच स्थलों पर अलग-अलग पूजा समितियों द्वारा दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया है। भव्य पंडाल के साथ आकर्षक सजावट भी किया गया है। काली स्थान तेंदुनी दुर्गा पूजा समिति ने प्राचीन बालाजी मंदिर आकृति का निर्माण कराकर 10 फीट की प्रतिमा बनवाया है।नवयुवक संघ आरा रोड के द्वारा बंगाल का दक्षिणेश्वर मंदिर की आकृति, आस्कामिनी मंदिर दुर्गा पूजा समिति धारूपुर नासरीगंज रोड़ में सिलीगुड़ी के मंगला देवी की आकृति का पंडाल निर्माण कर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। सासाराम रोड में पूर्व से भव्य मंदिर दुर्गा मां की बनाई गई है, वहीं नटवार रोड रजिस्ट्री ऑफिस के पास भी मंदिर निर्माण कर आकर्षक ढंग से सजाया गया है। तेंदूनी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष मुन्ना बाबा, आरा रोड नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष भुलेटन सिंह एवं मां आस्कामिनी दुर्गा पूजा समिति धारूपुर नासरीगंज रोड के पप्पू पांडे ने बताया कि पूजा स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के भी उत्तम प्रबंधन किया गया है। पंडाल के अंदर एवं बाहर सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। इसके साथ ही प्रशासन के गाइडलाइन का पालन किया जा रहा है।पुलिस बल एवं अधिकारी भी समय - समय पर गस्त लगा रहे हैं।पंडालों मां दुर्गा के साथ अन्य देवी देवताओं के भी प्रतिमा स्थापित किए गए हैं।मां आस्कामिनी दुर्गा पूजा समिति द्वारा पंडाल दिया गया आपरेशन सिंदुर का लुक आकर्षक का केंद्र बना हुआ है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# संक्षिप्त समाचार

## राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स के लिए भागलपुर के 3 का चयन

**भागलपुर।** भागलपुर जिला के तीन एथलीटों ने 40वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जगह बनाई है। दिव्यांश कुमार राज का चयन 100 और 200 मीटर दौड़, गुल्ली कुमारी का 1000 मीटर दौड़ तथा मानवी कुमारी का ट्रायथलान के लिए हुआ है। जानकारी भागलपुर जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव मो. नसर आलम ने दी। बताया कि सभी चयनित एथलीटों को 28 सितंबर तक राजगीर स्पोर्ट्स अकादमी पहुंचना है, जहां वे विशेष प्रशिक्षण लेंगे। इसके बाद पूरी टीम उड़ीसा जाएगी। प्रतियोगिता 10 से 14 अक्टूबर तक होगी। संघ के सचिव ने कहा कि इन खिलाड़ियों से पदक की काफी उम्मीद है, खासकर दिव्यांश कुमार राज से, जिन्होंने पिछले साल भी बिहार को मेडल दिलाया था। खिलाड़ियों के चयन से भागलपुर के खेल प्रेमियों में उत्साह है। एथलेटिक्स संघ भागलपुर के अध्यक्ष जेड हसन ने तीनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे शानदार प्रदर्शन करेंगे और जिले का नाम रोशन करेंगे।

## घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए कदम उठाएंगेः प्राचार्य

**भागलपुर।** बीसीई भागलपुर के नए प्राचार्य डॉ. राजू मूलचंदजी तुगनायत ने रविवार को पदभार संभाला। उन्होंने पूर्व प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश राय से कॉलेज प्राचार्य का प्रभार लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद डॉ. तुगनायत ने अधिकारियों और कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्हें जानकारी दी गई कि कॉलेज में कक्षाएं नियमित रूप से नहीं हो पा रही हैं। इस पर उन्होंने सख्त रूख अपनाते हुए कहा कि अब किसी भी हाल में कक्षाएं प्रभावित नहीं होंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी कक्षाएं निर्धारित समय पर ही होंगी और कॉलेज में टीमवर्क के साथ काम होगा। हाल ही में कॉलेज में हुई घटना पर चर्चा करते हुए प्राचार्य ने कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे ताकि छात्र-छात्राएं परिसर में सुरक्षित और सहज महसूस कर सकें। इसके बाद उन्होंने हॉस्टल का निरीक्षण किया और वहां रह रहे छात्रों से बातचीत की। डॉ. तुगनायत ने बताया कि कॉलेज में क्लबों का गठन होगा, जिनके माध्यम से तकनीकी गतिविधियां संचालित होंगी। इससे छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने और पहचान बनाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे कॉलेज के नियम-कायदों का पालन करते हुए अपनी पढ़ाई पर फोकस करें। प्रबंधन हमेशा उनके साथ रहेगा, लेकिन नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

## पानी नहीं तो वोट नहीं का लगाया बैनर

**भागलपुर|** शहर के नगर विधायक अजीत शर्मा के आवास के पिछले हिस्से में भीखनपुर स्थित शिव भवन है। यहां हर वर्ग के लोग रहते हैं। डीप बोरिंग से पानी की आपूर्ति की समस्या हमेशा होती है। निदान नहीं होने से तंग आकर लोगों ने एक दिन बैठक की और तय हुआ कि वोट बहिष्कार का बैनर लगा दिया जाए। बैनर लग भी गया है। इसके बाद भी समस्या का निदान नहीं हो सका है।

## वोटर तक पहुंचने के लिए हर बूथ की मैपिंग कर रही भाजपा

**भागलपुर|** विधानसभा चुनाव से पहले एक-एक वोटर तक पहुंचने की तैयारी भाजपा कर रही है। वह हर विधानसभा की मैपिंग कर रही है कि कहां पर किस विचारधारा के कितने वोटर हैं। पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ताओं को एक मोबाइल एप दिया है, जिसमें हर पार्टी के रंगों के आधार पर वोटरों को चिह्नित किया जा रहा। इससे पार्टी को यह पता चल जाएगा कि वह कहां से जीत सकती है और कहां उन्हें ज्यादा मेहनत की जरूरत है। इसकी मॉनिटरिंग भी सेंट्रल लेवल से हो रही है। चुनाव से पहले पार्टी के प्रमुख पदाधिकारी वार्डों के वोटरों को चिह्नित कर रहे हैं। भाजपा उन वोटरों तक पहुंचना चाह रही है, जहां तक उनकी पकड़ नहीं है या फिर कमजोर है। इसके लिए उनकी टीम को एक एप दिया गया है।

## नाबार्ड से मिला 10270 करोड़ सूक्ष्म मध्यम व लघु उद्योग पर ज्यादा फोकस

**भागलपुर।** जिले के विकास के लिए नाबार्ड (राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक) ने दिए 10,270 करोड़ रुपए का ऋण मंजूर किया है। यह पिछली बार से करीब 1200 करोड़ रुपए अधिक है। स्वीकृत ऋण में एमएसएमई (मध्यम, सूक्ष्म व लघु उद्योग) का हिस्सा ज्यादा है। कृषि क्षेत्र की सिंचाई, पौधरोपण, मत्स्य पालन, बकरी पालन व बागवानी जैसी योजनाओं के लिए भी ठीक-ठाक उपबंध है। कृषि में फसल उत्पादन के लिए 2653.87 करोड़ रुपए दिए गए हैं। नाबार्ड की ऋण राशि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। छोटे कारोबार को बढ़ावा मिलेगा। ऐसा इसलिए कि इस बार के ऋण में सबसे ज्यादा हिस्सा एमएसएमई का है। एमएसएमई का हिस्सा इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि सामान्य और गरीब तबके के लोगों को ज्यादा से ज्यादा स्वरोजगार से जोड़ा जा सके। नाबार्ड ने जो ऋण जिले के विकास के लिए दिया है उसमें करीब 47 फीसदी हिस्सा एमएसएमई का रखा है। नाबार्ड ने किसानों को खेती के लिए ऋण लेना, उपकरण खरीदना, केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) और गोदाम बनाने के लिए भी मदद का हाथ बढ़ाया है। ग्रामीण सड़कों और पुलों का नेटवर्क मजबूत करने के साथ सामाजिक आधारभूत संरचना को भी स्वीकृत ऋण राशि में तरजीह दी गई है। इस हिस्से के लिए 446.37 करोड़ रुपए का फंड दिया गया है। रिन्यूएबल एनर्जी (नवीकरणीय ऊर्जा) के लिए कुल बजट में 13.81 करोड़ रुपए दिए गए हैं। इस राशि से जिले में सौर ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में रूफटॉप सोलर प्लांट लगाए जाने हैं। खेतों की सिंचाई के लिए सोलर पंप लगाए जाने हैं।

## अमेरिका में हिंदी काव्य गोष्ठीः बिहार मूल के कवियों ने दी प्रस्तुति

**भागलपुर|** अमेरिका के बॉस्टन के निकट अर्लिंगटन शहर में ग्लोबल वॉयसेज इनवर्स की ओर से आयोजित हिंदी काव्य गोष्ठी में बिहार के कई कवियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। हाइब्रिड मोड में संपन्न यह कार्यक्रम भारतीय समयानुसार रविवार को हुआ। टीएनबी कॉलेज के पूर्व छात्र देवाशीष, सुषमा कुमारी और शैलेन्द्र शैली तथा सहरसा के मुख्तार आलम ने ऑनलाइन जुड़कर काव्य पाठ किया। सुषमा कुमारी ने अपनी कविता "नारी शक्ति" सुनाई, जिसमें वैदिक काल से लेकर वर्तमान तक की सफल नारियों की यात्रा और अब भी जारी अग्नि परीक्षा का दर्द झलकता है। देवाशीष ने ये नहीं स्वीकार ओ नभ कविता के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा और प्रेम जैसे मानवीय मूल्यों की अनिवार्यता और वांछनीयता बताया। शैलेन्द्र शैली की कविता ने हाथघड़ी के अप्रासंगिक होते जाने की विडंबना को व्यंग्यात्मक शैली में प्रस्तुत किया। मुख्तार आलम ने गेंदा और गुलाब कविता के जरिये फूलों के बहाने गिरते मानवीय मूल्यों और राजनीति के अधोपतन पर तीखा व्यंग्य किया।

## डांडिया में विधायक गोपाल मंडल ने पीछे खड़े युवक पर चलाया थप्पड़

**भागलपुर|** विवादों में रहनेवाले जदयू विधायक गोपाल मंडल फिर चर्चा में हैं। वह जीरोमाइल के पास स्थित अपने बेटे के बिग डैडी रेस्टोरेंट में शनिवार को डांडिया में डांस कर रहे थे। उनके साथ ही मंच पर एक युवक विधायक के पीछे-पीछे डांस करने लगा, इससे विधायक को दिक्कत हुई तो बाएं हाथ से ही उन्होंने थप्पड़ चला दिया। थप्पड़ लगते ही वह युवक सन्न रह गया, हालांकि मौके पर मौजूद विधायक के समर्थक व रिश्तेदारों ने विधायक को पकड़ लिया। इसके बाद विधायक का मूड बिगड़ गया और उन्होंने अपना डांस बंद कर लिया। रविवार को एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें विधायक काले कुर्ते में हैं और थप्पड़ चलाते हुए साफ दिख रहे हैं। हालांकि उनके मोबाइल नंबर पर कॉल करने पर उनके एक रिश्तेदार ने रीसिव किया। कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है, मारपीट नहीं हुई है। डांडिया के दौरान पीछे से एक युवक भी डांस करने लगा, उसी में उसे थोड़ा पीछे हटने के लिए वह बोल रहे थे, मारपीट की बात नहीं है।

# जीविका के क्लस्टर मैनेजर पर रिश्वत मांगने का आरोप

निज संवाददाता। भागलपुर



♦ भागलपुर में महिलाओं का हंगामा, कहा- जबरन मांगे जा रहे रुपए, चप्पल से मारने की धमकी दी जाती है

भागलपुर में जीविका के क्लस्टर मैनेजर पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाकर महिलाओं ने जमकर हंगामा किया। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं का आरोप है कि सरकार की ओर से रोजगार के लिए दिए जा रहे 10 हजार रुपए में जीविका समूह के अध्यक्ष और समूह के क्लस्टर मैनेजर 2 हजार रुपए मांग रहे हैं, नहीं देने पर चप्पल से मारने की धमकी दी गई है। मामला सन्हौला प्रखंड के नगदाहा गांव वार्ड नंबर-11 का है।

**लोन के लिए घूस मांगने का आरोपः** सुनीता देवी ने कहा कि क्लस्टर मैनेजर नूतन कुमारी बिना घूस लिए कोई काम नहीं करती। हाल ही में सरकार की ओर से उनके खातों में 10 हजार की राशि ट्रांसफर की गई है। लेकिन नूतन कुमारी हर महिला से एक से दो हजार तक वसूल रही है। इतना ही नहीं 1 लाख के लोन पर 6 से 10 हजार रुपए मांगती है। कई बार तो जबरन भी पैसे ले चुकी है। विरोध करने पर चप्पल से मारने की धमकी देती है।

**पुलिस ने कराया मामला शांतः** हंगामे की सूचना पर स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान नूतन कुमारी के पति और ग्रामीणों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। पुलिस ने जबरन रखे गए दस्तावेज, आधार कार्ड और पासबुक महिलाओं को वापस दिलवाया और हंगामा शांत कराया।

**जांच के बाद की जाएगी कार्रवाईः** इस संबंध में सन्हौला प्रखंड विकास पदाधिकारी (BDO) शेखर सुमन ने कहा कि जांच में घूस लेने की शिकायत सही पाई जाती है, तो निश्चित तौर पर कार्रवाई की जाएगी। प्रदर्शनकारियों में सविता देवी, मधु देवी, फिरोजा खातून, चूरो देवी, निरो देवी, रुमा देवी, अंजो देवी, नितू देवी, सुलेखा देवी, सुधा देवी समेत बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थीं। सभी ने एक स्वर में नूतन कुमारी को पद से हचाने की मांग की है।

# पूजा पंडालों के पट खुले, पंडालों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



निज संवाददाता। अररिया

जिले में विभिन्न पूजा समितियों की ओर से आयोजित दुर्गा पूजा पंडालों का पट सोमवार को श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिए गए हैं। पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बना हुआ है और सुबह से ही भक्तों की भीड़ माता रानी के दर्शन के लिए उमड़ रही है। दूसरी ओर, मुख्य पार्षद विजय मिश्रा,उप मुख्य पार्षद गौतम साह के निर्देश पर अररिया नगर परिषद ने इस अवसर पर स्वच्छता व्यवस्था को लेकर विशेष निगरानी शुरू कर दी है। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी स्वयं विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण कर हालात का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर परिषद का प्रयास है कि सभी पंडालों और पूरे शहर में स्वच्छता बनाए रखी जाए। फारबिसगंज के शहरी और ग्रामीण इलाकों में भी पूजा समितियों के द्वारा पूजा पंडाल श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया।श्रद्धालु मां भगवती के दर्शन और पूजा पाठ के लिए पंडालों में पहुंचने लगे हैं।फारबिसगंज नगर परिषद की मुख्य पार्षद वीणा देवी नगर में विशेष साफ सफाई की खुद से मॉनिटरिंग कर रही है।पूजा पंडालों के साथ शहर के गली मोहल्लों में फैले कूड़े कचरों को उठाव करने के साथ ही चूना और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव नगर परिषद के द्वारा कराया जा रहा है।

## डांडिया विवादः श्रीराम सेना ने आयोजक और स्पॉन्सर से की सार्वजनिक माफी की मांग




निज संवाददाता। अररिया

फारबिसगंज में आयोजित डांडिया कार्यक्रम को लेकर श्रीराम सेना ने कड़ा विरोध जताया है। संगठन के अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप देव ने कहा कि डांडिया जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम में सनातन धर्म के लोगों की भागीदारी स्वागत योग्य है, लेकिन इसमें अन्य धर्मों के लोगों द्वारा फिल्मी और अन्य प्रकार के गानों पर डांस करना धार्मिक मर्यादाओं के विपरीत है। प्रदीप देव ने इसे श्रीराम सेना के सिद्धांतों के खिलाफ़ करार देते हुए आयोजकों और प्रायोजकों को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक आस्था से जुड़े कार्यक्रमों में आयोजकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसकी गरिमा और परंपरा बरकरार रहे।उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि इस घटना के लिए कार्यक्रम के संचालकों और सभी स्पॉन्सरों को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी होगी। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए आयोजकों को विशेष सावधानी बरतनी होगी। श्रीराम सेना अध्यक्ष ने कहा कि धार्मिक आयोजनों को राजनीति या व्यावसायिक लाभ का साधन बनाने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जिला प्रशासन से भी मांग की कि ऐसे आयोजनों पर निगरानी रखी जाए ताकि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली घटनाओं पर रोक लग सके।

# ऑपरेशन सिंदूर के थीम पर बना पंडाल लोगों को कर रहा अपनी और आकर्षित

निज संवाददाता। भागलपुर



दुर्गा पूजा इस वर्ष भागलपुर में बेहद खास नजर आ रहा है। हर पूजा समिति एक से बढ़कर एक आकर्षक पंडाल और सजावट के माध्यम से लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रहे हैं। शहर की गलियों और चौक-चौराहों से लेकर बड़े-बड़े मैदानों तक भक्तिभाव और रौनक का माहौल देखने को मिल रहा है। इस बार पूजा समितियों ने केवल भक्ति और सौंदर्य का ही नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति, इतिहास और धरोहरों को भी प्रमुखता दी है। कई पंडालों को भारतवर्ष के ऐतिहासिक मंदिरों और स्थलों की झलकियों पर आधारित बनाया गया है। कहीं पर दक्षिण भारत के प्रसिद्ध मंदिर की प्रतिकृति दिखाई दे रही है, तो कहीं पर राजस्थान और ओडिशा की स्थापत्य कला के दर्शन कराए जा रहे हैं। नाथनगर स्थित मनोकामना नाथ मंदिर परिसर की सजावट इस बार विशेष चर्चा का विषय बनी हुई है। यहाँ ऑपरेशन सिंदूर की तर्ज पर माँ दुर्गा की प्रतिमा को विशेष रूप से सजाया गया है। भव्य मंच, रोशनी और पारंपरिक रंगों का मेल श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रहा है। प्रतिमा के श्रृंगार और अलंकरण में भी नवीनता दिखाई दे रही है। जिससे भक्तगण माँ के स्वरूप को निहारते ही श्रद्धा से नतमस्तक हो जाते हैं पूजा समितियों ने इस बार सामाजिक संदेश देने का भी प्रयास किया है कहीं पर स्वच्छता अभियान को थीम बनाया गया है, तो कहीं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के संदेश को पंडाल सज्जा में स्थान दिया गया है। कई पंडालों में पर्यावरण संरक्षण को केंद्र में रखकर केवल बांस, कपड़े और अन्य प्राकृतिक सामग्रियों से सजावट की गई है। भागलपुर की दुर्गा पूजा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सांस्कृतिक उत्सव और सामाजिक समरसता का भी प्रतीक बन चुकी है। अलग-अलग वर्ग और समाज के लोग मिलकर उत्सव को सफल बनाते हैं। यही कारण है कि यहाँ की दुर्गा पूजा का आकर्षण पूरे प्रदेश में अनोखा माना जाता है। भक्तों के चेहरे पर उमंग, सड़कों पर रौनक और मंदिरों और पंडालों में गूंजते देवी के जयकारे इस बात का प्रमाण हैं कि भागलपुर इस बार भक्ति और सांस्कृतिक आभा से पूरी तरह सराबोर है। आने वाले दिनों में भी भीड़ और उत्साह बढ़ने की संभावना है।

# बीजेपी फर्जी प्रचार कर लोगों को गुमराह कर रही है

♦ सुल्तानगंज में कांग्रेस की हुई बैठक, प्रदेश उपाध्यक्ष बोले- एकजुट रहें, महागठबंधन की सरकार बनना तय है




निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के सुल्तानगंज ब्लॉक में सोमवार को विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की पंचायत स्तरीय बैठक हुई है। उधाडीह गांव में आयोजित मीटिंग की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष राजेश रंजन उर्फ राजू कुमार ने की। मुख्य अतिथि के तौर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी (AICIC) के ऑब्जर्वर संतोष भार्गव शामिल हुए। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संतोष भार्गव ने कहा कि बीजेपी सरकार जनता को गुमराह करने में लगी है। सोशल मीडिया के माध्यम से झूठे संदेश फैलाकर लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश की जा रही है। जबकि हकीकत यह है कि देश कर्ज के बोझ तले दबता जा रहा है। आम लोग रोजमर्रा की जिंदगी में आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि सामने विधानसभा चुनाव है। हर पंचायत और बूथ तक पहुंचकर जनता को जागरूक करें। भाजपा सरकार की सच्चाई सामने लाएं।

**महागठबंधन की सरकार बनना तयः** वहीं, प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष राजेश रंजन ने कहा कि बीजेपी सरकार अब जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर रही है। बेरोजगारी और महंगाई ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। राहुल गांधी की नेतृत्व क्षमता ने बीजेपी सरकार को बैकफुट पर ला दिया है। 'वोट चोर, गद्दी छोड़' का नारा गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाना होगा। अगर कार्यकर्ता एकजुट होकर जनता से जुड़ते हैं तो आगामी विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की सरकार बनना तय है। मीटिंग में मौजूद अन्य नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों, मजदूरों और आम लोगों के हक की लड़ाई लड़ती रही है। बीजेपी सरकार केवल पूंजीपतियों के हित में काम कर रही है। अब समय आ गया है कि जनता को इस सरकार से छुटकारा दिलाने के लिए कार्यकर्ता पूरी मेहनत करें।

## सलमान के गाने पर कुर्ता उठाकर नाचे नीतीश के विधायक



निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के गोपालपुर से जेडीयू विधायक गोपाल मंडल एक बार फिर से सुर्खियों में हैं। उनके डांस का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें वो कुर्ता उठाकर डांस कर रहे हैं। वीडियो में विधायक सलमान खान की फिल्म 'रेडी' के गाने ढिंका-चिका- ढिंका चिका गाने पर डांस कर रहे हैं। वीडियो में दिख रहा है, गोपाल मंडल के कुर्ता उठाकर डांस के दौरान उनके पीछे खड़ा जदयू समर्थक जब उन्हें टच करता है तो विधायक उसे थप्पड़ जड़ देते हैं। यह वीडियो उनके बेटे आशीष मंडल के रेस्टोरेंट में आयोजित डांडिया नाइट का बताया जा रहा है। इस दौरान विधायक के बेटे आशीष मंडल भी मंच पर थे।

**थप्पड़ कांड के बाद डांस बंद हुआः** गोपाल मंडल ने जैसे ही समर्थक को थप्पड़ जड़ा, समर्थकों और रिश्तेदारों ने फौरन उन्हें पकड़ लिया और शांत कराया। हालांकि विधायक गोपाल मंडल ने गुस्से में मंच पर डांस करना बंद कर दिया और प्रोग्राम छोड़कर चले गए। होली मिलन में डांसर के साथ लगाए ठुमके, गाल पर नोट चिपकाया करीब 7 महीने पहले NDA के होली मिलन समारोह में विधायक गोपाल मंडल भोजपुरी गाने पर डांसर के साथ ठुमके लगाते नजर आए थे। डांस के दौरान वो डांसर की गाल पर नोट चिपकाते भी दिखे। गोपाल मंडल ने मंच के नीचे महिला कार्यकर्ता के साथ भी डांस किया था।

**अब जानिए, JDU विधायक गोपाल मंडल से जुड़े कुछ विवादः** भागलपुर के नवगछिया में एक हत्याकांड (विनय कुमार गुप्ता की हत्या) का जिक्र करते हुए यादव जाति को 'ढीठ' (जिद्दी) बताया। कहा कि 'यह जाति ही ढीठ होती है' और नीतीश सरकार में यादवों का वर्चस्व है। नवगछिया में गणतंत्र दिवस समारोह में कुर्सी न मिलने पर BJP जिलाध्यक्ष मुक्तिनाथ सिंह को पहली पंक्ति से हटाकर पीछे बिठाया। अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। गंगा कटाव जायजा लेते हुए अजय मंडल को "रखैल" रखने का आरोप लगाया। बाद में उन्हें "हत्यारा", "चोर" और "अफीम की खेती करने वाला" कहा। एक महिला नेत्री को भी निशाना बनाया। पटना-नई दिल्ली तेजस राजधानी एक्सप्रेस में गंजी-अंडरवियर में घूमते पकड़े गए। यात्रियों के विरोध पर गाली-गलौज और धमकी। NDA होली मिलन में महिला सिंगर के गाल पर नोट चिपकाकर डांस किया। इसके बाद सफाई में कहा कि, चुम्मा लिया था। JDU कार्यालय में पत्रकारों से 'दामाद हो क्या' कहकर उलझे। विवाद बढ़ने पर माफी मांगी। इस्माईलपुर में चुनावी सभा में पूर्व सांसद बुलो मंडल को 'भगा देना' कहा। महिला नेत्री पर भी अमर्यादित बयान दिया।

# ब्राह्मण फेडरेशन ने रोशन झा पर जानलेवा हमले के आरोपित की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की

निज संवाददाता। अररिया



भारत-नेपाल सीमा से सटे नरपतगंज प्रखंड एवं बसमतिया थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या चार निवासी नारायण झा के पुत्र रोशन झा पर 21 सितंबर को हुए जानलेवा हमले के मामले में ऑल बिहार ब्राह्मण फेडरेशन की टीम ने परिजनों से सोमवार को मुलाकात की और पीड़ित के स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए घटना की जानकारी ली। ऑल बिहार ब्राह्मण फेडरेशन के जिलाध्यक्ष सुबोध मोहन ठाकुर के नेतृत्व में गई टीम ने पुलिसिया कार्रवाई को लेकर बसमतिया थाना पहुंचकर थानाध्यक्ष सुनील कुमार से कार्रवाई को लेकर जानकारी ली और एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने पर दुख व्यक्त किया और कार्रवाई सुनिश्चित नहीं होने पर इस मामले को लेकर वरीय अधिकारियों से बात करने और मामले को लेकर जनांदोलन की धमकी दी। रोशन झा पिता नारायण झा सिराज खान के किराना दुकान में दो वर्षों से काम कर रहा था। एक वर्ष से मजदूरी बकाया था। अपने मेहनताना को लेकर जब उन्होंने दुकान मालिक को कहा तो विवाद शुरू हो गया। जिसे स्थानीय लोगों ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत करा दिया। इसी बात को लेकर सिराज खान के पुत्र मेराज खान ने कई युवकों के साथ मिलकर रोशन झा पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। चाकू को पेट में घोंपकर हत्या की कोशिश की। गंभीर रूप से जख्मी रोशन झा दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाजरत हैं। मामले में पुलिसिया कार्रवाई की शिथिलता की जानकारी मिलने के बाद ऑल बिहार ब्राह्मण फेडरेशन के जिलाध्यक्ष सुबोध मोहन ठाकुर के नेतृत्व में बसमतिया पहुंची।जहां ब्राह्मण समाज की ओर से उनका स्वागत किया गया।उसके बाद टीम परिजनों के साथ बसमतिया थानाध्यक्ष से मुलाकात कर मामले सहित कार्रवाई को लेकर जानकारी ली। मौके पर जिलाध्यक्ष सुबोध मोहन ठाकुर ने बताया कि थानाध्यक्ष ने आरोपित के नेपाल भाग जाने की बात कही।जिसको लेकर फेडरेशन की ओर से आरोपी पर सरेंडर को लेकर दबाव बनाने हेतु कुर्की जब्ती की प्रक्रिया अपनाने को कहा गया।जिस पर थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने सकारात्मक प्रयास का आश्वासन फेडरेशन के सदस्यों को दिया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### रामलीला में सीता खोज व शबरी भेंट का हुआ मंचन

**आरा**। नगर रामलीला समिति द्वारा चल रहे रामलीला में बनारस से आए कलाकारों ने सीता खोज, शबरी भेंट, सुग्रीव मिलन और बाली वध का जीवंत मंचन किया। रावण द्वारा सीता हरण के बाद प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण की वन यात्रा का प्रसंग दिखाया गया, जिसमें शबरी अपने झूठे बेर राम को खिलाकर भक्ति और प्रेम का संदेश देती हैं। शबरी प्रसंग ने दर्शकों को विशेष रूप से प्रभावित किया। यह प्रसंग समर्पण, प्रतीक्षा और शुद्ध भाव की प्रधानता का प्रतीक है, जिसमें सामाजिक बंधनों से परे भक्ति की शक्ति को दर्शाया गया। इसके बाद सुग्रीव से राम की मित्रता और बाली वध का दृश्य मंचित हुआ। बाली-सुग्रीव प्रसंग से भाईचारे का संदेश दिया गया कि आपसी सहयोग सबसे बड़ा धर्म है। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और अतिथियों के सम्मान से हुई। मुख्य अतिथि निशि जैन रहीं।

### पटना व बक्सर के बीच सुपरफास्ट पैसेंजर चलेगी

**आरा**| पटना और बक्सर के बीच सुपरफास्ट पैसेंजर ट्रेन का परिचालन होगा। रेल सूत्रों ने बताया कि यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 53202 व 53201 सुपरफास्ट पैसेंजर ट्रेन का परिचालन होगा। गाड़ी संख्या 53202 डाउन बक्सर से 6.30 बजे खुलकर 9.10 बजे पटना पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 53201 अप 17.45 बजे पटना से खुलकर 20.35 बक्सर पहुंचगी। ट्रेनों का ठहराव डुमराव, रघुनाथपुर, बिहिया, आरा, कुल्हड़िया, बिहटा व दानापुर में होगा।

### बदमाशों ने युवक को मारी गोली, भर्ती

**कोईलवर**| रविवार की शाम करीब 7 बजे, कोईलवर थाना क्षेत्र के बभनौली और धर्मपुर गांव के बीच सड़क पर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक को गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। गोली लगने वाले युवक की पहचान कोईलवर वार्ड संख्या-04 निवासी कामेश्वर राय के पुत्र नागेंद्र राय (35 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना के बाद आसपास के इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायल नागेंद्र को तुरंत आरा सदर अस्पताल पहुंचाया गया।

### तेज प्रताप के नेतृत्व में बिहार में संघर्ष जारी रहेगा

**आरा**। जनशक्ति जनता दल व भोजपुरिया जन मोर्चा का जिला कार्यकर्ता सम्मेलन व जनसंवाद कार्यक्रम रविवार को आरपीएस स्कूल, सहयोगी नगर में हुआ। नालंदा से आए जनशक्ति जनता दल के नेता कामेश्वर पासवान ने कहा कि संविधान मिटाने का प्रयास हो रहा है, जनता जवाब देगी और तेज प्रताप के नेतृत्व में बिहार में संघर्ष जारी रहेगा। डॉ. शीलभद्र ने कहा कि गठबंधन की सरकार बनने पर वोटर पेंशन लागू, गांव-गांव में छोटे उद्योग, बंद पड़े कारखानों को चालू किया जाएगा,प्रगतिशील जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोरंजन कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाओं को उद्योग-धंधा शुरू करने के लिए आसान ऋण उपलब्ध कराए जायेंगे। राष्ट्रीय सब जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने कहा कि पुराने नेताओं की जुमलेबाजी व धोखे से सावधान रहें। राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने बताया कि बिहारी मजदूर आज भी मजबूरी में दिल्ली व अन्य राज्यों में पलायन कर मजदूरी करने को विवश हैं। भोजपुरिया जन मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भरत सिंह सहयोगी ने कहा कि बिहार से पलायन हो रहा है उसे रोकने के लिए आर्थिक आजादी होनी चाहिए।

### वर्षा पांडेय ने बीसीए के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को किया सम्मानित

**बक्सर**। बक्सर जिला क्रिकेट संघ की अध्यक्ष वर्षा पांडेय ने रविवार को बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा एवं चुनाव 2025-2028 में भाग लिया। इस अवसर पर हर्ष वर्धन 24 वर्ष की आयु में निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए, जो बिहार क्रिकेट के इतिहास में सबसे युवा अध्यक्ष बने हैं। यह बदलाव बिहार क्रिकेट में नई सोच, नई ऊर्जा और नई संभावनाओं का प्रतीक है। वर्षा पांडेय ने हर्ष वर्धन सहित सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों प्रिया कुमारी, उपाध्यक्ष, जियाउल अरेफिन, सचिव, अभिषेक नंदन कोषाध्यक्ष, रोहित कुमार संयुक्त सचिव को शॉल और बुके देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्रिकेट के जमीनी स्तर को मजबूत करना, युवा खिलाड़ियों के लिए अधिक अवसर प्रदान करना और राज्य में क्रिकेट इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास करना है। वर्षा पांडेय ने इस अवसर पर कहा कि बिहार क्रिकेट में यह नई टीम युवा ऊर्जा और समर्पण के साथ खेल को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। हमारा उद्देश्य है कि बक्सर के खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा सकें। हम सभी मिलकर बिहार क्रिकेट को मजबूती और नई दिशा देंगे। इसके अलावा, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने यह भी घोषणा की कि पुरुष सीनियर और अंडर-23 टीमों के चयन परीक्षण और तैयारी शिविर 30 सितंबर 2025 से पटना के मोइन-उल-हक स्टेडियम में शुरू होगा और खिलाड़ियों को 29 सितंबर शाम 4 बजे तक रिपोर्ट करने के निर्देश दिया गया है।

### महाराजा चंद्रविजय सिंह के निधन पर शोक

**बक्सर**। डुमरांव राजपरिवार के चंद्रविजय सिंह के आकस्मिक निधन से पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ गई। उनके असामयिक निधन पर समाज, राजनीति और विभिन्न संगठनों के लोगों ने शोक व्यक्त किया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। स्थानीय पीपी रोड स्थित सभागार में लाइंस क्लब के सदस्यों, पूर्व सदस्यों और चार्टर सदस्यों ने चंद्रविजय सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर अध्यक्ष बृज किशोर सिंह, सचिव निगम पांडेय, एमजेएफ सुरेश संगम, डॉ. अतुल मेहरोत्रा, विनय कुमार, ऋषि निर्मल, योगेश जायसवाल, सुधीर अग्रवाल, मोहम्मद जमील सहित पूर्व सदस्य दौलत चंद गुप्ता, चैंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष सत्यदेव प्रसाद और परशुराम वर्मा उपस्थित रहे। विश्वामित्र सेना द्वारा आयोजित शोक सभा में राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चौबे, मीडिया कोऑर्डिनेटर अशोक उपाध्याय और तमाम सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की। सत्यदेव मिल स्थित चैंबर ऑफ कॉमर्स की सभा में अध्यक्ष सत्यदेव प्रसाद, सचिव दौलत चंद गुप्ता, संजय मिश्रा, रोहतास गोयल, नंदलाल जायसवाल, विनय कुमार, अशोक सराफ, गोपाल प्रसाद, रवि निर्मल सहित कई सदस्य मौजूद रहे। सभी ने महाराज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। शोक व्यक्त करने वालों में भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा आदि शामिल हैं।

### रेबीज से बचाव के लिए समय पर टीकाकरण बेहद जरूरी

**ब्रह्मपुर**। विश्व रेबीज दिवस पर डॉ. हरिशंकर चौबे ने रेबीज बीमारी पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि रेबीज एक वायरस के संक्रमण से होने वाली घातक बीमारी है जो मनुष्यों एवं जानवरों के लिए हमेशा घातक होता है। लेकिन बचाव पूरी तरह संभव है। यह बीमारी ज्यादातर कुत्तों (96%) के काटने या खरोचने के कारण होती है लेकिन बिल्ली, बंदर या अन्य जंगली जानवरों के द्वारा भी हो सकती है। यदि कोई भी जानवर असामान्य रूप से आपको काट देता है तो वह रेबीज हो सकता है क्योंकि सामान्यतः पालतू जानवर ऐसा नहीं करते जब तक कि वह संक्रमित ना हो। सबसे पहले घाव को साबुन और साफ बहते पानी से अच्छी तरह धोएं। घाव को खुला छोड़े, टांके या बैंडेज ना लगाएं। नजदीकी चिकित्सक से मिले और बचाव हेतु त्वचा या मांसपेशियों में टीके अवश्य लगवाएं । सामान्यतः मांसपेशियों में लगने वाले पांच टीके अथवा त्वचा के नीचे लगने वाले चार टीके चलन में है। घाव का उपचार चिकित्सक द्वारा जांच कर श्रेणी के आधार में किया जाता है । इस तरह समय पर टीका लगाकर आप रेबीज जैसे जानलेवा बीमारी से खुद को बचा सकते हैं। यदि आपके शरीर में संक्रमण पहुंच गया तो 30 दिन से लेकर 6 साल के अंदर कभी भी आपको रेबीज के लक्षण जैसे पानी से डर, लाइट से डर और हवा से डर, सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षण आ सकते हैं।

# हत्या के आरोपी को बदमाशों ने मारी दी गोली



♦ **दाहिने हाथ से आरपार हुई बुलेट, रिश्तेदार के घर जा रहा था घायल**

**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर में जेल से जमानत पर छूटे शख्स को गोली मार दी गई। बुलेट दाहिने हाथ में लगी है, जो आरपार हो गई। गंभीर रूप से वो घायल हो चुका है। परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए। जख्मी अधेड़ कोईलवर थाना क्षेत्र के कोईलवर वार्ड-4 निवासी कामेश्वर राय का 42 वर्षीय बेटा नागेंद्र यादव है। 30 जनवरी को नागेंद्र यादव के बेटे विशाल ने डमडम राय के बेटे रोहित कुमार की गोली मारकर हत्या की थी। जिसके बाद नागेंद्र यादव, उसके बेटे विशाल और भतीजे विकास के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार जेल भेज दिया था। 14 अगस्त को वह जेल से जमानत पर बाहर आया है और अभी भी उसके बेटे और भतीजे जेल में ही है। उधर घटना की सूचना मिलते ही बबुरा थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए हैं। मामला बबुरा थाना क्षेत्र के बभनौली गांव का है।

**भाई के ससुराल जा रहा थाः** बताया जा रहा कि नागेंद्र अपनी बहन के घर पचैना गांव रह रहा था। रविवार देर शाम वह बाइक से दुर्जनचक गांव अपने भाई पिंटू राय के ससुराल जा रहा था। बभनौली गांव स्थित हाईस्कूल के पास बाइक रोकी। रोड किनारे पेशाब करने के लिए जा रहा था। तभी आरोपी पक्ष के लोग आए और उसे गोली मार दी। जिससे वह जख्मी हो गया। दूसरी तरफ जख्मी नागेंद्र यादव ने डमडम राय, उसके पुत्र योगेंद्र, इंदल और नेपाली पर पूर्व में हुई हत्या के विवाद को लेकर गोली मारने का आरोप लगाया है। बता दे कि इसी साल 30 जनवरी को कोईलवर थाना क्षेत्र के कोईलवर स्थित गर्ल्स मध्य विद्यालय के पास कोईलवर वार्ड-4 निवासी देव कुमार राय उर्फ डमडम राय के बेटे रोहित कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह हत्या लड़की के विवाद में हुई थी। घटना की सूचना मिलने के बाद कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम कुमार सदर अस्पताल पहुंचे और पूरे मामले की छानबीन में जुट गए है।

## वेदांत टैक्स एंड लीगल फर्म का उद्घाटन



**निज संवाददाता। बक्सर**

नगर के पीपी रोड में एचडीएफसी गली, इलेक्ट्रॉनिक बाज़ार स्थित वेदांत टैक्स एंड लीगल फर्म का शनिवार को भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व पुलिस महानिरीक्षक एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता आनंद मिश्रा ने किया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग, व्यवसायी, अधिवक्ता और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आनंद मिश्रा ने कहा कि फर्म का शुभारंभ बक्सर और आसपास के क्षेत्रों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल कर एवं कानूनी सेवाओं को आम जनता तक पहुंचाने में सहायक होगी। उन्होंने इसे बिहार के विकास की दिशा में एक सकारात्मक योगदान बताया। वेदांत टैक्स एंड लीगल फर्म का उद्देश्य छोटे व्यवसायियों, उद्यमियों और आम नागरिकों को आयकर, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी), कंपनी कानून तथा अन्य कानूनी विषयों पर विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध कराना है। इस फर्म के अंतर्गत चार्टर्ड लेखाकार, कंपनी सचिव, अधिवक्ता, कॉर्पोरेट सलाहकार और प्रबंधन विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। इस अवसर पर उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता व समाजसेवी प्रत्याशी राहुल सिंह भी उपस्थित रहे।

# दुर्गा पूजा पर बदली रहेगी ट्रैफिक



♦ **भीड़ वाले इलाके में नहीं चलेंगे वाहन, आज से विसर्जन तक नियम लागू रहेंगे**

**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर में दुर्गा पूजा को लेकर जिला प्रशासन ने भीड़ को नियंत्रित करने और यातायात व्यवस्था ठीक रखने के लिए विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किए हैं। आदेश 29 सितंबर (सोमवार) से विसर्जन कार्यक्रम की समाप्ति तक प्रभावी रहेगा। पुलिस-प्रशासन ने भीड़ वाले इलाकों में ऑटो, दोपहिया और बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। वहीं, ऑप्शनल मार्ग तय किए गए हैं ताकि आमजन को असुविधा न हो। एंबुलेंस और विशेष सेवा वाले वाहन इन प्रतिबंधों से मुक्त रहेंगे। पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) भोजपुर और अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) भोजपुर के संयुक्त हस्ताक्षर से जारी आदेश में आमजन से अपील की गई है कि वे निर्धारित रूट का पालन करें और यातायात पुलिस का सहयोग करें।

**इन रूटों पर प्रतिबंधः** आरा रेलवे स्टेशन से शहीद महल चौक तक ऑटो, दोपहिया और बड़े वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। धरहरा मोड़, गोपाली चौक, शिवगंज मोड़, मीडिया मोड़ और नवादा थाना से स्टेशन की ओर जाने वाले ऑटो-बड़े वाहन बंद रहेंगे। रेलवे स्टेशन से पैसठ मोड़, पकड़ी चौक, समाहरणालय और जज स्कूल तक वाहनों का प्रवेश नहीं होगा। स्टेशन से कतीर मोड़, विद्या मंदिर, पुरानी पुलिस लाइन मोड़ होकर लोहिया चौक तक वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। रमना मैदान मोड़, गोपाली चौक, जेल गेट चौक और महाराजा कॉलेज गेट तक भी टेम्पो और बड़े वाहन नहीं चल सकेंगे।

**ऑप्शनल रूट तयः** रेलवे स्टेशन से जैन कॉलेज, कतीर मोड़, ओवरब्रिज, न्यू पुलिस लाइन, चंदवा मोड़ होते हुए मौलाबाग तक वाहनों का परिचालन होगा। सिडिकेट मोड़ से शहीद महल चौक तक पैदल मार्ग निर्धारित किया गया है। नवादा थाना, मीडिया मोड़ और रमना कॉलेज मैदान से महाराज कॉलेज तक वाहनों को डायवर्ट किया जाएगा। विद्या मंदिर मोड़ से न्यू पुलिस लाइन, ओवरब्रिज और मौलाबाग होते हुए स्टेशन तक पहुंचा जा सकेगा।

# खुले मां के पट, बंगाल आर्ट में दिखेगी मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा

**निज संवाददाता। आरा**



आज सप्तमी तिथि को मां दुर्गा के पट खोल दिए गए। इसके लिए सभी पूजा पंडालों में लगभग तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कारीगर पूजा पंडाल व मूर्ति को सजाने के लिए अंतिम तैयारी में जुटे हुए हैं। इस बार देवी स्थान मोड़ पर बंगाल आर्ट पर आधारित मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा का दीदार कर सकेंगे। श्री-श्री बड़ी देवी दुर्गा पूजा समिति नवयुवक एवं व्यवसायिक संघ देवीस्थान द्वारा बनाए जा रहे इस पंडाल की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। समिति के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता एवं सचिव अवधेश कुमार ने बताया कि आरण्य देवी मंदिर मोड़ पर स्थापित मां की प्रतिमा पूरे शहर में विशेष पहचान रखती है। इस बार बंगाल आर्ट पर आधारित 25 फीट ऊंची मां दुर्गा की प्रतिमा तैयार की गई है। मूर्तिकार कृष्णा जी (अबरपुल) ने प्रतिमा निर्माण किया है। वहीं अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं 14 से 15 फीट ऊंची हैं। प्रतिमा के लिए 52 फीट चौड़ा और 30 फीट ऊंचा पंडाल तैयार किया गया है, जिसे बिंद टोली स्थित ननकी टेंट हाउस ने सजाया है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 70 वर्ष पुरानी परंपरा के तहत इस बार भी भव्य आयोजन होंगे।

30 सितंबर (अष्टमी) की शाम 8 बजे वाराणसी से आए विद्वान पंडितों द्वारा महाआरती कराई जाएगी। 1 अक्टूबर (महानवमी) को हवन व कुमारी भोज होगा, इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।

## भोजन बैंक ने गरीबों को मुफ्त भोजन कराया




**निज संवाददाता। बक्सर**

रविवार को भागीरथी सहयोग सेवा संस्थान के तहत संचालित भोजन बैंक द्वारा 28 सितंबर को 25वें सप्ताह में गरीबों और जरूरतमंदों को प्रसाद स्वरूप भोजन कराया गया। इस कार्यक्रम का संचालन शत्रुधन लाल, विनोद, भुआली वर्मा और अजीत वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। अधिवक्ता कुमार मानवेन्द्र, राजीव रंजन मिश्रा, लक्ष्मी नारायण एवं अधिवक्ता मोहम्मद अकरम ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार का आयोजन समाज में सहयोग और सेवा की भावना को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है और गरीबों को भोजन कराना सबसे बड़ा पुण्य है। संस्थान को आर्थिक सहयोग मदन मोहन वर्मा, ओम प्रकाश, राहुल वर्मा, विवेक मौर्या एवं शिक्षक अजीत जी द्वारा प्रदान किया गया।

# सभी सीटों पर गौ भक्त प्रत्याशी लड़ेंगे विधानसभा चुनाव

**निज संवाददाता। बक्सर**



विधानसभा चुनाव को लेकर इस बार सियासत में धार्मिक रंग और गाढ़ा होता दिख रहा है। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने बिहार की सभी विधानसभा सीटों से निर्दलीय गौ भक्त प्रत्याशी उतारने का ऐलान किया। रविवार को उनका आगमन बक्सर के रामेश्वरनाथ भगवान मंदिर प्रांगण में हुआ, जहां प्रवचन के दौरान उन्होंने सनातनी राजनीति का शंखनाद किया और गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की अपील की। शंकराचार्य ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा तभी संभव है जब गौ माता का संरक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि गौ रक्षा केवल आस्था का विषय नहीं है, बल्कि समाज और संस्कृति की आधारशिला है। प्राचीन काल से ही गौ सेवा को शास्त्रों और पुराणों में सर्वोच्च महत्व दिया गया है। गाय न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से पूजनीय है, बल्कि इसके दूध, दही, घी, गोबर और मूत्र का उपयोग जीवन को सुखी, समृद्ध और स्वस्थ बनाने में सहायक है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गाय का विनाश करने वालों के साथ न तो वे हैं और न ही उनकी परंपरा, बल्कि इसके लिए किसी भी प्रकार की कुर्बानी देने को तैयार हैं। उन्होंने बताया कि पहले राष्ट्रीय दलों से यह आग्रह किया गया था कि लोकसभा में गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने का प्रस्ताव लाया जाए, लेकिन किसी भी दल ने इस पर अपनी स्थिति साफ नहीं की। ऐसे में मजबूरीवश बिहार विधानसभा चुनाव में गौ भक्त प्रत्याशी उतारने का निर्णय लिया गया है। नामांकन प्रक्रिया के बाद प्रत्याशियों की सूची औपचारिक रूप से जारी की जाएगी। इसके पूर्व वे नया भोजपर स्थित समाजसेवी संतोष पाठक की गौशाला में भी गए थे। यहां उन्होंने गौ माता की पूजा की और स्थानीय लोगों को प्रवचन दिया। इसी अवसर पर संतोष पाठक के दिवंगत माता-पिता की प्रतिमाओं का अनावरण सीताराम विवाह महोत्सव आश्रम के महंत राजा रामशरण दास महाराज द्वारा किया गया। संतोष पाठक ने अपने घर पर संत के आगमन को अपने लिए सौभाग्य की बात बताया और कहा कि वह गौ सेवा में लगातार तत्पर रहेंगे। मौके पर भोजपुरी सुपरस्टार आर्यन बाबू के द्वारा अपनी प्रस्तुति भी दी गई। रामेश्वरनाथ मंदिर प्रांगण में शंकराचार्य के पहुंचने पर ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी संतोष पाठक ने कहा कि स्वामी जी का आगमन बक्सर के लिए सौभाग्य की बात है। सदर विधायक संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी ने कहा कि अगर वह एक बार फिर जीत गए तो गौ रक्षा के मुद्दे को विधानसभा में पुरजोर तरीके से उठाएंगे।

# ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा, 1 की मौत

♦ **गैस प्लांट में करते थे काम, ड्यूटी के बाद दोनों दोस्त मेला देखने जा रहे थे**

**निज संवाददाता। आरा**



आरा में रविवार को ट्रैक्टर ने बाइक सवार 2 दोस्तों को टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों के सहयोग से उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां एक की मौत हो गई,वहीं दूसरे को प्राथमिक इलाज के बाद से पटना के लिए रेफर कर दिया गया। मृतक चरपोखरी थाना क्षेत्र के सेमरांव गांव निवासी छोटे लाल का 22 वर्षीय दिलीप कुमार उर्फ गोलू कुमार है, जबकि जख्मी गीधा थाना क्षेत्र के गीधा गांव निवासी रामविजय का 20 वर्षीय बेटा राजकुमार शामिल है। जख्मी राज कुमार ने बताया कि दोनों गीधा गैस प्लांट में मजदूरी का काम करते थे। काम खत्म होने के बाद दोनों बाइक से आरा रमना मैदान और मेला घूमने जा रहे थे। इसी दौरान बेलगाम ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। घटना आरा-पटना फोरलेन टाउन थाना क्षेत्र के धनपुरा पेट्रोल पंप के पास की है।

**मृतक के 2 भाई और 2 बहन हैंः** दिलीप की मौत की सूचना घायल दोस्त ने काफी देरी के बाद उसके परिजन को दी। जिसके बाद परिजन अस्पताल पहुंचे। बताया जाता है मृत युवक दो भाई अर्जुन और अखिलेश, 2 बहन प्रभावती और नंदनी से बड़ा था। दिलीप की मौत के बाद मां राजमुनी समेत पूरे परिवार का रो रोकर बुरा हाल है।

# स्वहित से बढ़कर जनहित में आगे बढ़े आशुतोष दुबे



**निज संवाददाता। बक्सर**

नगर के कलेक्ट्रेट रोड निवासी आशुतोष दुबे ने वर्ष 2018 से समाज सेवा की ऐसी परंपरा शुरु की है, जो अब कई लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुकी है। उन्होंने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण और जरूरतमंदों की मदद को जीवन का ध्येय बना लिया है। यही कारण है कि उनकी टीम में चिकित्सक, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यवसायी और छात्र सभी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। आशुतोष दुबे ने बताया कि वर्ष 2018 में उन्होंने अपने मित्रों और परिचितों के सहयोग से अंखुआ" नामक संस्था की नींव रखी। इस संस्था के बैनर तले हर सप्ताह पौधारोपण होता है। जनहित के कार्यों के लिए 84094 24234 इस नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। कपड़ा बैंक की स्थापना समय के साथ संस्था ने अपनी गतिविधियों का विस्तार किया। संगठन के सदस्यों की सलाह पर कपड़ा बैंक की स्थापना की गई, जिसके माध्यम से जरूरतमंदों को समय-समय पर वस्त्र और कंबल वितरित किए जाते हैं। इस पहल से गरीब परिवारों को सर्दी के मौसम में राहत मिलती है और समाज में सहयोग की भावना प्रबल होती है।

### चंद्र विजय सिंह के निधन पर शोक सभा आयोजित

**बक्सर**| पाहवा बेंच में रविवार को डुमरांव महाराजा के बड़े पुत्र चंद्र विजय सिंह के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। पहवा बेंच के अध्यक्ष राजृषि राय ने सभा की अध्यक्षता की। उनकी आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट के लिए मौन रख दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की गई। वक्ताओं ने कहा कि उन्हें सरल स्वभाव मृदुल भाव को सदा याद किया जाएगा। सदैव के लिए महाराज ने अपनी छवि छोड़ दी जिसे आने वाली पीढी अपने जीवन में उतर सकेगी। शोक व्यक्त करने वालों मे बेंच के सदस्य पूर्व प्रदेश सचिव कामेश्वर पांडेय, जिला जन वितरण प्रणाली के अध्यक्ष श्रीकृष्ण चौबे, राम प्रसन्न द्विवेदी, जन स्वराज के शाहाबाद प्रभारी बजरंगी मिश्रा, धनु लाल, चौसा प्रखंड अध्यक्ष राजाराम पांडेय, धनजी पांडेय, भृगुनाथ तिवारी, दिनेश कुमार जयसवाल, संजय त्रिपाठी, जितेंद्र मिश्र आदि शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला:आगामी त्योहारों के लिए शांति का संदेश

**मसौढ़ी** !पुनपुन पुलिस ने सोमवार शाम कस्बे में फ्लैग मार्च निकाला। आगामी त्योहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से यह मार्च थानाध्यक्ष बेबी कुमारी के नेतृत्व में आयोजित किया गया।फ्लैग मार्च थाने से शुरू होकर कस्बे के विभिन्न वार्डों से गुजरा और वापस थाने पर समाप्त हुआ।इस दौरान पुलिसकर्मियों ने पैदल चलकर नागरिकों को सुरक्षा का संदेश दिया।शांति भंग करने वाले अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। शिकायत मिलने पर ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी इस फ्लैग मार्च से आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना बढ़ी,वहीं असामाजिक तत्वों में हड़कंप मच गया।इस दौरान पुलिस पदाधिकारी के साथ साथ भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

### रंगकर्मी गौतम पाठक का निधन



**पटना**। पंडारक निवासी रंगकर्मी गौतम पाठक का गत दिन अचानक हृदयगति रुक जाने से निधन हो गया ।वह 83 वर्ष के थे वे पटना जिला के अंतर्गत पंडारक के चर्चित नाट्य संस्थान हिंदी नाटक समाज के कर्मठ एवं कला निपुण कलाकार थे ।वे अपने जीवन में लगभग तीन सौ से अधिक नाटक किए ।जिसमें चर्चित नाटक अंधेर नगरी चौपट राजा , सैया भय कोतवाल,अकबर महान ,सिंहासन खाली है,कटे हाथ,सत्य हरिश्चंद्र नाटक आदि बिहार में काफी लोकप्रिय रहा इसके लिए संस्थान द्वारा इन्हें लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड से सन 2011 में सम्मानित किया गया था ।वे बिहार सरकार के ऊर्जा विभाग पटना से 2000 ईस्वी में सेवा निवृत हुए थे ।उनका अंतिम संस्कार दीघा स्थित जर्नादन घाट पर उनके ज्येष्ठ पुत्र विजय कुमार पाठक द्वारा उन्हें मुख अग्नि दी गई ।वे अपने पीछे दो पुत्र तीन पुत्री सहित नाती,पोती सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए है।इस मौके पर नगर का गन्यमान लोगों के अलावे संगीतज्ञ एवं नाट्य कलाकार के अलावे बुद्धिजीवी लोग उपस्थित थे।

### एच एंड एम ब्यूटी कॉन्सेप्ट ने पेश की मेकअप और फ्रेग्रेन्स की क्यूरेटेड रेंज



**पटना**। एच एंड एम ने एच एंड एम ब्यूटी कॉन्सेप्ट के पहले लॉन्च की घोषणा की जो फैशन और होम कॉन्सेप्ट से आगे बढ़कर ब्यूटी के माध्यम से आत्म-अभिव्यक्ति को सशक्त बनाने का अवसर प्रदान करता है। इस पदार्पण के साथ ट्रेंड-ड्रिवेन, समावेशी और सुलभ ब्यूटी लाइनअप पेश किया गया है। पटना में यह कलेक्शन सिटी सेंटर पटना में उपलब्ध होगा। एच एंड एम ब्यूटी कॉन्सेप्ट अपने भारत लॉन्च के साथ स्थानीय रूप से निर्मित मेकअप और फ्रेग्रेन्स की क्यूरेटेड रेंज पेश करता है, जिसे वैश्विक स्रोतों से आने वाले ब्यूटी टूल्स के व्यापक चयन के साथ पूरा किया गया है। स्टेटमेंट लिपस्टिक से लेकर लंबे समय तक चलने वाली खुशबू तक, यह असॉर्टमेंट वैश्विक नवाचार और भारतीय शिल्प कौशल का मिश्रण प्रस्तुत करता है, जिससे फैशन और ब्यूटी पहले से कहीं अधिक सुलभ हो गई है। इस कलेक्शन में मेकअप, फ्रेग्रेन्स और ब्यूटी टूल्स के 200 से अधिक उत्पाद शामिल हैं। एच एंड एम इंडिया की निदेशक हेलेना कुयलेस्टेर्ना ने कहा कि हमें भारत में एच एंड एम ब्यूटी कॉन्सेप्ट पेश करने पर बेहद खुशी है। यह लॉन्च हमारे सफर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिसे और भी खास बनाता है कि हम एच एंड एम इंडिया के 10 वर्षों का जश्न मना रहे हैं। यह फैशन और ब्यूटी को अधिक सुलभ बनाने और देशभर में फैशन उत्साही ग्राहकों तक पहुँचने के हमारे संकल्प को दर्शाता है।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दानापुर खंड द्वारा पथ संचलन का आयोजन



**दानापुर**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, दानापुर खंड के तत्वावधान में आज भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गणवेशधारी लगभग 100 स्वयंसेवक एवं अन्य 32 लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पथ संचलन सराय बाजार से प्रारंभ होकर हथियाकंध, उसरी, रामदेव चौक होते हुए प्रज्ञान लाइब्रेरी पर आकर संपन्न हुआ। पूरे मार्ग में अनुशासन, संगठन और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत संदेश प्रसारित हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दानापुर खंड कार्यवाह विष्णु कुमार उर्फ कन्हाई यादव, मनेर खंड कार्यवाह मनोज जी, दानापुर जिला सामाजिक समरसता संयोजक चंद्रभूषण कुमार, शशि भूषण आजाद, जिला संयोजक, कुटुम्ब प्रबोधन, दानापुर, हनुमत सेवक संघ संयोजक कुणाल रंजन, विक्की कुमार तथा मास्टर एथलेटिक्स पटना पश्चिम के संयोजक उत्तम कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### बियाडा ने एमनेस्टी नीति में किया संशोधन, बैंक गारंटी प्रविधान को किया समाप्त

**पटना**। बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण ने उद्योग जगत के हित में अपनी एमनेस्टी नीति 2025 में संशोधन किया है। सोमवार को प्राधिकरण की ओर से जारी कार्यालय आदेश में कई अहम बिंदुओं को बदला गया है। इससे पहले जहां भूखंड आवंटित करने के बाद इकाइयों को बैंक गारंटी जमा करनी पड़ती थी अब इस प्रविधान को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। प्रबंधन निदेशक संशोधन का आदेश जारी किया है। बियाडा से मिली जानकारी के अनुसार एमनेस्टी नीति में भूखंड की दर का पांच प्रतिशत बैंक गारंटी 24 माह के लिए जमा करना होता था। यदि समय पर उत्पादन शुरू नहीं होता था तो गारंटी जब्त कर ली जाती थी। इस धारा को हटा दिया गया है। इसी तरह बैंक गारंटी जमा करने और बियाडा द्वारा उसे भुनाने का प्रावधान था, उसे भी हटा दिया गया है। इस नीति में जो संशोधन किया गया है, इसमें स्पष्ट है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर इकाई संचालन या पुनरुद्धार नहीं होता है, तो आवंटी को स्वेच्छा से भूखंड का कब्जा बियाडा को लौटाना होगा। यदि आवंटी कब्जा नहीं लौटाता है, तो प्राधिकरण को भूखंड का कब्जा पुनः लेने का अधिकार होगा। उत्तर बिहार उद्यमी संघ के अध्यक्ष संजीव चौधरी, उपाध्यक्ष अवनीश किशोर, महासचिव विक्रम विक्की, लालबाब शर्मा, सुरेश चचान, शशांक श्रीवास्तव ने कहा कि बियाडा प्रबंधन ने उद्यमियों को बड़ी राहत दी है। इसके लिए संघ लगातार पहल कर रहा था। इसके साथ सरकार से मांग किया कि सुविधा शुल्क के बदले मिलने वाली सेवाओं का स्पष्ट ब्योरा दिया जाए और शुल्क की गणना प्रति वर्गफुट के आधार पर पारदर्शी रूप से की जाए। जब सुविधा शुल्क वसूला जा रहा है, तो अलग से मेंटेनेंस चार्ज क्यों लिया जा रहा है। इसको भी समाप्त किया जाए। मालूम हो कि बियाडा एमनेस्टी पालिसी 2025 बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बियाडा) द्वारा जारी की गई एक नीति है जिसका उद्देश्य बंद पड़ी औद्योगिक इकाइयों को पुनर्जीवित करना, औद्योगिक भूखंडों पर लंबित विवादों को समाप्त करना और भूमि का प्रभावी ढंग से उपयोग सुनिश्चित करना है। यह नीति उन औद्योगिक आवंटियों के लिए है जो स्वेच्छा से इसमें शामिल होकर अपने भूमि विवादों और मुकदमों को सुलझा सकते हैं और अपनी बंद पड़ी इकाइयों को फिर से शुरू कर सकते हैं।

# गाँव से ओलंपिक तक – अब बिहार के खिलाड़ियों को मिलेगा नया मंच

निज संवाददाता




**» स्टेयर्स फाउंडेशन ने शुरू किया 'एक बिहार एक लक्ष्य' – गाँव-गाँव तक पहुँचेगी खेल क्रांति, सुमित प्रकाश बने बोर्ड के प्रमुख**

**पटना**। बिहार में खेलों को जमीनी स्तर पर बढ़ावा देने और युवाओं की प्रतिभा को निखारने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए स्टेयर्स फाउंडेशन (STAIRS Foundation) ने आज एक भारत एक लक्ष्य (One India One Goal) कार्यक्रम के तहत एक बिहार एक लक्ष्य (EBEL) चैप्टर की शुरुआत चाणक्य होटल, पटना में की। यह पहल बिहार के गाँव-गाँव में खेल संस्कृति को मजबूत करने और खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस मौके पर फाउंडेशन ने यह भी घोषणा की कि अल्फा स्पोर्ट्स अकादमी के निदेशक एवं संस्थापक श्री सुमित प्रकाश को बिहार के लिए नवगठित युथ एंड स्पोर्ट्स डेवलपमेंट बोर्ड का प्रमुख नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राज्य में खेलों के लिए पेशेवर, समावेशी और प्रदर्शन-आधारित पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि समस्तीपुर की सांसद सुश्री शांभवी चौधरी और विशिष्ट अतिथि जमुई की विधायक सुश्री श्रेयसी सिंह ने इस पहल को बिहार की खेल प्रतिभाओं के लिए ऐतिहासिक बताया। इसके अलावा, स्टेयर्स फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष श्री सिद्धार्थ उपाध्याय, मुख्य सलाहकार (खेल उत्कृष्टता) एवं पूर्व उपमहानिदेशक, भारतीय खेल प्राधिकरण श्री शिव शर्मा, और अल्फा स्पोर्ट्स अकादमी के निदेशक श्री सुमित प्रकाश भी उपस्थित रहे। इस मौके पर श्री सुमित प्रकाश ने कहा – "बिहार में अपार खेल प्रतिभा है जो सही अवसर और संरचना की प्रतीक्षा कर रही है। स्टेयर्स के राष्ट्रीय अनुभव और बिहार स्पोर्ट्स बोर्ड की सामूहिक शक्ति से हम यह सुनिश्चित करेंगे कि गाँव का हर बच्चा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच तक पहुँच सके।" वहीं, स्टेयर्स फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री सिद्धार्थ उपाध्याय ने कहा कि "एक बिहार एक लक्ष्य (EBEL) के माध्यम से हम हर लड़के और लड़की तक खेल का अवसर पहुँचाएँगे और बिहार को राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर प्रमुख स्थान दिलाएँगे।" मुख्य अतिथि सुश्री शांभवी चौधरी ने कहा कि यह पहल माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की जमीनी खेलों को प्रोत्साहन देने की दृष्टि के अनुरूप है और इससे 2036 ओलंपिक की तैयारी का मजबूत आधार बनेगा। वहीं विशिष्ट अतिथि सुश्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि "खेलों में हो रहे इस बड़े बदलाव से बिहार के खिलाड़ी अब बड़े सपने देख सकेंगे और उन्हें साकार करने का स्पष्ट मार्ग मिलेगा।" श्री शिव शर्मा ने इसे राज्य और केंद्र के बीच खेल विकास का सेतु करार दिया। कार्यक्रम के दौरान EBEL की प्रमुख झलकियाँ भी साझा की गईं। इसके अंतर्गत बिहार के प्रत्येक गाँव में युवा क्लब स्थापित किए जाएँगे और 15 खेलों के लिए उच्च-प्रदर्शन केंद्र (High Performance Centers) बनाए जाएँगे। साथ ही, नवंबर माह (या विधानसभा चुनावों के बाद) राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा, जिनमें चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर One India One Goal बैनर के तहत हिस्सा लेंगे। स्टेयर्स फाउंडेशन ने बताया कि यह कार्यक्रम केवल खेल विकास तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) में खेलों पर दिए गए विशेष जोर और संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) जैसे स्वास्थ्य, लैंगिक समानता और युवा सशक्तिकरण से भी जुड़ा होगा। इसके तहत न केवल खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारा जाएगा बल्कि गाँव स्तर पर सामाजिक और शैक्षिक विकास को भी गति दी जाएगी।

## उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित कई लोगों ने किया भोग प्रसाद ग्रहण



निज संवाददाता

**» गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में महासप्तमी पर भव्य पूजा**

**पटना**। राजधानी के प्राचीनतम और ऐतिहासिक गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में नवरात्र की मासहित कई लोगों ने किया भोग प्रसाद ग्रहणहासप्तमी के अवसर पर सोमवार को विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। परंपरागत विधि-विधान से मां दुर्गा की आराधना की गई और उसके बाद भक्तों एवं आगंतुकों के बीच भोग प्रसाद का वितरण हुआ। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य लोग शामिल हुए। पूजा की शुरुआत भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री भिखू भाई दलसानिया ने की। उन्होंने पूरे विधि-विधान से मां दुर्गा की आरती और पूजा अर्चना की। इसके साथ ही ठाकुरबाड़ी स्थित शिव शक्ति मंदिर में रुद्राभिषेक भी किया। दलसानिया ने इस अवसर पर बिहार की समृद्धि और विकास के लिए माता से आशीर्वाद की कामना की और राज्य को अपराध व भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष एवं ठाकुरबाड़ी प्रबंध न्यास समिति के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। सभी ने मां दुर्गा दरबार में वस्त्र और अर्पण समर्पित कर आरती व पुष्पांजलि अर्पित की। गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी की ओर से आगत अतिथियों का स्वागत परंपरागत ढंग से माता की चुनरी ओढ़ाकर किया गया। आयोजन के दौरान ठाकुरबाड़ी के पुजारी के साथ-साथ अभिषेक सिन्हा, अमन सिन्हा, राजू चंद्रवंशी, विक्की निषाद सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने माता का भोग प्रसाद ग्रहण कर पूजा-अर्चना में भाग लिया।

## रूपसपुर पुलिस ने नशा तस्करों पर मारा शिकंजा, 500 ग्राम गांजा बरामद



निज संवाददाता

**पटना**। दानापुर की रूपसपुर पुलिस ने सोमवार को नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 500 ग्राम गांजा के साथ तीन महिला तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई दीघा नहर के समीप गुप्त सूचना के आधार पर की गई। गिरफ्तार महिलाओं की पहचान मनोरमा देवी, सीता देवी और रानी देवी के रूप में हुई है। ये सभी रूपसपुर थाना क्षेत्र की रेलवे लाइन किनारे झोपड़पट्टी में रहती हैं। पुलिस के अनुसार, झोपड़पट्टी इलाके में यह गिरोह सक्रिय था और नशे की बिक्री में लिप्त था।सूचना मिलने के बाद थानाध्यक्ष के नेतृत्व में छापेमारी की गई। मौके पर पहले दो महिलाओं को गांजा बेचते हुए पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने तीसरी महिला का नाम बताया, जिसे बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। एएसपी शिवम धाकड़ ने बताया कि गिरफ्तार महिलाओं में मनोरमा देवी का आपराधिक इतिहास रहा है। उनके खिलाफ पहले से रूपसपुर थाना में उत्पाद अधिनियम के तहत तीन मामले दर्ज हैं। एएसपी ने कहा कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। झोपड़पट्टी और आसपास के क्षेत्रों में गांजा, अवैध शराब और स्मैक की बिक्री की सूचना मिलते ही कार्रवाई की जाती है। उन्होंने बताया कि कई बार तस्करों को जेल भेजा गया है और यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।

## गांधी मैदान में रावण वध की तैयारी अंतिम चरण में, पहली बार 80 फीट का खड़ा होगा रावण

निज संवाददाता




**पटना**। राजधानी पटना का गांधी मैदान एक बार फिर भव्य दशहरा उत्सव का साक्षी बनने जा रहा है। इस बार यहां विशेष आकर्षण रहेगा 80 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन। इसके साथ 75 फीट का मेघनाद और 70 फीट का कुंभकरण भी खड़ा किया जाएगा। बारिश की संभावना को देखते हुए पुतलों पर क्लियर वार्निश लगाया जा रहा है ताकि पानी का असर न पड़े। पुतलों का निर्माण आगरा से आए विशेष कलाकार कर रहे हैं और इस बार रावण को साउथ इंडियन शैली में तैयार किया जा रहा है। पूरे आयोजन पर 35 लाख रुपये का बजट निर्धारित है, जिसमें से करीब 5 लाख रुपये केवल आतिशबाजी पर खर्च होंगे। खास बात यह है कि रावण धीरे-धीरे जलेगा और आतिशबाजी अलग व्यवस्था के तहत की जाएगी। पुतलों को मजबूती देने के लिए उनके अंदर लोहे के पाइप की सीढ़ियां लगाई गई हैं। दशहरा कमेटी ट्रस्ट के अध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि पटना में पहली बार इतना विशाल रावण तैयार किया गया है। वहीं चेयरमैन कमल नोपानी ने कहा कि इस बार कार्यक्रम में इको-फ्रेंडली आतिशबाजी की जाएगी, जिससे पर्यावरण को नुकसान न हो। 2 अक्टूबर को गांधी मैदान में रावण वध कार्यक्रम होगा और इसी दौरान अशोक वाटिका और लंका का विशेष मंचन किया जाएगा। कार्यक्रम से पहले नागा बाबा ठाकुरबाड़ी से शोभा यात्रा निकलेगी, जो मौर्या होटल होते हुए गांधी मैदान पहुंचेगी। यात्रा का समय दोपहर 3:15 बजे से तय है और शाम 5 बजे तक यह मैदान में प्रवेश कर जाएगी। इस बार की सबसे बड़ी चर्चा का विषय है प्रभु श्रीराम का हेलिकॉप्टर से आगमन। आयोजन समिति ने प्रशासन को इसके लिए लिखित प्रस्ताव भेजा है। फिलहाल इस पर अंतिम निर्णय नहीं हुआ है, लेकिन समिति को भरोसा है कि अनुमति जल्द मिल जाएगी। कार्यक्रम के शेड्यूल के अनुसार, शाम 4:20 बजे से विशिष्ट अतिथियों का आगमन शुरू होगा। मुख्यमंत्री और राज्यपाल के आगमन के बाद उनका स्वागत अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर किया जाएगा। शाम 5 बजे शोभा यात्रा गांधी मैदान पहुंचेगी। इसके बाद मुख्यमंत्री और राज्यपाल गुब्बारे उड़ाकर शांति का संदेश देंगे और भगवान राम की आरती करेंगे। फिर रामलीला का मंचन होगा, जिसमें हनुमान अशोक वाटिका पहुंचकर सीता माता को राम का संदेश देंगे। इसके बाद 5:20 बजे लंका दहन, 5:30 बजे मेघनाद और कुंभकरण का दहन और अंत में 5:45 बजे 80 फीट ऊंचे रावण का भव्य दहन किया जाएगा। इसके साथ ही पटना का आसमान रंग-बिरंगी आतिशबाजी से जगमगा उठेगा।

# मसौढ़ी में सप्तमी पर मां दुर्गा के पट खुले: श्रद्धालुओं ने उमंग और भक्ति के साथ किए दर्शन

निज संवाददाता



अस्पताल रोड मसौढ़ी



संघतपर मसौढ़ी

**मसौढ़ी**। नवरात्र की सप्तमी तिथि पर मसौढ़ी नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मां दुर्गा के पट खोले गए। पट खुलते ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।सुबह से ही भक्त पूजा-अर्चना के लिए पंडालों में पहुंचने लगे।सप्तमी के दिन पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना की गई। मंत्रोच्चारण और वैदिक रीति से पूजन के बाद मां दुर्गा के पट खोले गए। पट खुलते ही श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन कर मनोकामनाएं मांगीं। भक्तों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद दिखा।सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे थे।मसौढ़ी नगर परिषद क्षेत्र में मेन रोड स्थित थाना के पास संघतपर अस्पताल रोड ब्लॉक रोड डांकबंगला ठाकुरबाड़ी विजय मार्केट के समीप और स्टेशन में भव्य आयोजन किया हुए।जहां दर्शन और पूजन का कार्य संपन्न हो रहा है।पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। माता रानी के जयकारों से गलियां गूंज रही हैं और श्रद्धालु उमंग तथा उत्साह के साथ नवरात्र महोत्सव में शामिल हो रहे हैं।

## गरबा डांडिया नाइट्स का शानदार आयोजन



निज संवाददाता

**» महिलाओं और बच्चों ने मनाया उत्सव**

**पटना**। गरबा डांडिया नाइट्स में सोनी - अनुप्रिया के जोड़ी के साथ गरबा डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। इस डांडिया नाइट्स में महिलाएं, पुरुषों और बच्चों ने बढ़ चढ़ कर पूरे उत्साह से भाग लिया। इस डांडिया नाइट्स की आयोजक सोनी और अनुप्रिया हैं। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीगणोश वंदना और माता दुर्गा की आरती के साथ हुआ। डीजे डांस मस्ती के साथ कई तरह के स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त उठाते हुए सभी में पूरे उत्साह के साथ इस सेलिब्रेशन का पूरे परिवार के साथ आनंद लिया। सोनी सिंह राजपूत ने कहा कि पिछले कई सालों से हमलोग गरबा नाइट्स का आयोजन कर रहे हैं, इस प्रोग्राम का सबसे बड़ा मकसद ये है कि हमारी महिलाओं को एक ऐसा टाइम मिले जिसमें वो अपने परिवार के साथ खुद को रिफ्रेश कर पाएं। सोनी सिंह राजपूत ने ये भी कहा कि ऐसे आयोजनों से लेडीज को बाहर निकालने का मौका मिलता है जिससे ऊनको एक नई एनर्जी मिलती है। पटना के एक स्थानीय होटल में इस शानदार डांडिया नाइट्स में आये गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी बात रखते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से हमारे लोक संस्कृति को बढ़ावा मिलता है, और हमारे जीवन में खुशिया लाता है। कार्यक्रम में सम्मिलित व्यक्तियों ने बताया कि इस सीजन में गरबा का आयोजन बेहद शानदार एवं उत्तसाहवर्धक रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सोनी सिंह, ममता सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने आभार जताया।

## भगवान कृष्ण की दिव्य लीलाएं जिन्होंने बदल दी दुनिया

निज संवाददाता



मसौढ़ी ! प्रखंड के नरहट गांव में नवरात्र पर्व के शुभ अवसर पर आयोजित रासलीला महोत्सव में रविवार को श्रीकृष्ण की रासलीला केवल नृत्य नहीं,बल्कि प्रेम और भक्ति की परम अभिव्यक्ति है।राधा और गोपियों के साथ कृष्ण ने दिव्य रास किया, जो आत्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है। कई लोग इन लीलाओं को केवल एक मनोहर किस्से के रूप में सुनते हैं, जबकि भगवान् श्रीकृष्ण की लीलाएं जीवन के गहरे संदेशों से भरी थीं, जिन्होंने समाज, संस्कृति और आध्यात्मिक दृष्टिकोण को बदल दिया।अगर आप एक नए दृष्टिकोण से इन लीलाओं को देखें,तो महसूस करेंगे कि इन लीलाओं में चमत्कार से ज्यादा सन्देश छिपे हुए हैं, जो हमें धर्म,साहस, प्रेम और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।बीच बीच में व्यास श्री प्रेम जी के मधुर संगीतमय भजन-कीर्तन पर दर्शकगण भी खूब झूमे-नाचे।इस अवसर पर आयोजन समिति के विभिन्न पदाधिकारीगण, कार्यकर्त्तागण, के साथ-साथ गांव-जेवार से भी काफी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### धुर्वा बस स्टैंड में एसडीएम ने किया दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन



**रांची।** रांची के धुर्वा बस स्टैंड स्थित भव्य दुर्गा पूजा समिति के पंडाल का उद्घाटन सोमवार को बड़े ही धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर रांची के एसडीएम उत्कर्ष कुमार एवं समिति के अध्यक्ष अतुल सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और नारियल फोड़कर पंडाल का उद्घाटन किया, जिसके बाद पूरे परिसर में भक्ति और उत्साह का माहौल छा गया। मौके पर समिति के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सदस्य, गणमान्य लोग तथा आसपास के क्षेत्रों से आए सैंकड़ों महिला-पुरुष भक्तगण उपस्थित रहे।

### ऐतिहासिक बड़कागढ़ ईस्टेट में विधि-विधान से हुई बेलवरन पूजा



**रांची।** बड़कागढ़ ईस्टेट की प्राचीन परंपरा और राज परिवार की आस्था के अनुरूप सोमवार को ऐतिहासिक बड़कागढ़ ईस्टेट की दुर्गा पूजा के तहत परंपरागत रीति-रिवाज और तांत्रिक पद्धति से बेलवरन पूजा की गई। इस ऐतिहासिक अनुष्ठान को आन्री मौजा स्थित प्राचीन देवी घर में बड़कागढ़ के पुरोहित सदन गोपाल शर्मा ने संपन्न कराई। इस अवसर पर पूजा के यजमान बड़कागढ़ के ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि पूजा की शुरुआत मां भगवती को आमंत्रण देकर की गई। इसके बाद परंपरा अनुसार मां को बकरे की बलि अर्पित की गई। पूजा के बाद मां की मंगल आरती हुई और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इधर, पूजा आयोजन समिति ने जानकारी दी कि आगामी 30 सितंबर मंगलवार को मां भगवती चिंतामणि और नव पत्रिका देवी की डोली ऐतिहासिक ठाकुर निवास से प्राचीन देवी घर तक सुबह में निकाली जाएगी। इस दौरान पूरे बड़कागढ़ क्षेत्र के श्रद्धालु माता के जयकारों के बीच शोभायात्रा में शामिल होंगे। बलवरन पूजा में बड़कागढ़, जगन्नाथपुर और लटमा राज परिवार के कई लोग शामिल हुए।

### कांग्रेस ने भाजपा प्रवक्ता के खिलाफ दर्ज करवायी प्राथमिकी



**पूर्वी सिंहभूम।** कांग्रेस पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता पिंटू महादेव की ओर से एक टीवी इंटरव्यू में राहुल गांधी को सीने में गोली मारने की धमकी देने के विरोध में कड़ी प्रतिक्रिया दी है। सोमवार को जिला कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बिष्टुपुर थाना में महादेव के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज करवायी है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने इस मौके पर कहा कि इस तरह की हिंसक और असंवैधानिक भाषा लोकतंत्र के लिये खतरनाक है। यह बयान न केवल राहुल गांधी की सुरक्षा के लिए चुनौती है, बल्कि देश की कानून व्यवस्था और लोकतांत्रिक मूल्यों को भी कमजोर करता है। कांग्रेस ने प्रशासन से भाजपा प्रवक्ता के खिलाफ तत्काल कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की, ताकि भविष्य में लोकतांत्रिक गरिमा का उल्लंघन करने वालों को सबक मिले। मौके पर आनंद बिहारी दुबे, राजकिशोर यादव, अवधेश सिंह, योगेन्द्र सिंह यादव, ब्रजेन्द्र तिवारी, शफी अहमद खान, रजनीश सिंह, संजय सिंह आजाद, अंसार खान, बिजेन्द्र पांडेय, विरेंद्र पांडेय, अधिवक्ता नलिनी सिन्हा, रंजीत राम, राजीव मिश्रा, अमित श्रीवास्तव सहित पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे।

### विधानसभा उपचुनाव के मद्देनज़र अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला (अ.ज.जा) विधानसभा क्षेत्र में आगामी उपचुनाव को ध्यान में रखते हुए मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत अंतिम निर्वाचक नामावली का प्रकाशन कर दिया गया है। सोमवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में



जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह भी मौजूद रहीं। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से तय कार्यक्रम के अनुरूप 2 सितंबर 2025 को प्रारंभिक निर्वाचक नामावली जारी की गई थी। इसके बाद 2 से 17 सितंबर तक दावे और आपत्तियां दर्ज की गईं, जिनका निपटारा 25 सितंबर तक किया गया। प्रक्रिया पूरी होने के बाद 29 सितंबर को अंतिम निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया गया है। प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार फॉर्म-6 के तहत नए मतदाता नामांकन के 5325 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 5171 को स्वीकार किया गया। फॉर्म-7 में नाम विलोपन के लिए 750 आवेदन आए, जिनमें से 715 मान्य पाए गए। वहीं फॉर्म-8 के अंतर्गत 3677 सुधार संबंधी आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 3645 स्वीकृत किए गए। अंतिम मतदाता सूची के अनुसार अब घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में कुल 2,55,823 मतदाता पंजीकृत हैं, जो प्रारंभिक सूची की तुलना में 4456 अधिक हैं। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 1,24,899 और महिला मतदाताओं की संख्या 1,30,921 है, जबकि तृतीय लिंग के 3 मतदाता दर्ज हैं। इस दौरान पुरुष मतदाताओं में 1.29 प्रतिशत और महिला मतदाताओं में 2.24 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। विशेष श्रेणियों में विदेशी मतदाता 1, दिव्यांगजन मतदाता 2,735 और सेवा मतदाता 368 हैं। 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग में 16,178 नए मतदाता शामिल हुए हैं, जिससे यह वर्ग 21.57 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। वहीं 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं की संख्या 629 है। लैंगिक अनुपात 1048 तक सुधर गया है, जो पहले 1038 था, जबकि ईपी रेशियों (इलेक्टोरल पापुलेशन) 63.84 दर्ज किया गया है, जो पहले 62.73 था।

# उपायुक्त और एसएसपी ने दुर्गा पूजा पंडालों का बाइक से किया निरीक्षण

**एजेंसी। रांची**

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री और एसएसपी राकेश रंजन बाइक से रविवार देर रात को रांची शहर के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का दौरा किया। साथ ही शहर के प्रमुख चौक-चौराहे, विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दुर्गा पूजा के दौरान शहर में शांति, सुरक्षा और सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी पूजा पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और अन्य आवश्यक सुविधाओं जैसे पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और स्वच्छता का गहन निरीक्षण किया। साथ ही, उन्होंने पूजा समितियों के आयोजकों से मुलाकात कर उनकी तैयारियों और चुनौतियों पर चर्चा की। इस दौरान एसएसपी राकेश रंजन ने पुलिस बल की तैनाती, निगरानी व्यवस्था



और आपातकालीन स्थिति से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने विशेष रूप से सीसीटीवी कैमरों, पुलिस पिकेट्स, और गश्ती दल की प्रभावी तैनाती पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त और एसएसपी ने संबंधति अधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा की सभी दुर्गा पूजा पंडालों और आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती और निरंतर निगरानी करते रहे। दुर्गा पूजा त्योहार के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने और जाम की स्थिति से बचने के लिए प्रभावी यातायात प्रबंधन लागू किए गए है।

उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान आपातकालीन तैयारियां जैसे अग्निशमन, चिकित्सा सुविधा, और आपातकालीन सेवाओं का जायजा लिया। उपायुक्त ने कहा कि दुर्गा पूजा राँची शहर का एक प्रमुख सांस्कृतिक और धार्मिक उत्सव है। हमारा लक्ष्य है कि सभी श्रद्धालु सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण में इस पर्व का आनंद ले सकें। इसके लिए जिला प्रशासन सभी आवश्यक कदम उठा रही है ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। इस अवसर पर एसएसपी ने कहा कि जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है और शहर में सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। हमारी टीमें 24 घंटे निगरानी कर रही हैं, और हम सभी से अपील करते हैं कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। जिला प्रशासन ने शहरवासियों से अपील की है कि वे पूजा पंडालों में दर्शन के दौरान शांति बनाए रखें, यातायात नियमों का पालन करें, और किसी भी आपात स्थिति में नजदीकी पुलिस थाने या हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें। जिला प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है कि दुर्गा पूजा का यह पर्व शहर में हर्षोल्लास, शांति, और सुरक्षा के साथ संपन्न हो।

## शारदीय नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि की हुई पूजा-अर्चना

**एजेंसी। रांची**



शारदीय नवरात्र के सातवें दिन सोमवार को मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की उपासना राजधानी रांची के विभिन्न पूजा पंडालों, मंदिरों और घरों में श्रद्धा एवं भक्ति भाव से की गयी। नवरात्र में मां कालरात्रि की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। मां दुर्गा का यह स्वरूप हमें सिखाता है कि श्रद्धा और साहस से हर अंधकार पर विजय मिल सकती है। नवरात्रि की महासप्तमी पर मां कालरात्रि की पूजा करने से भक्तों को भयमुक्ति, साहस, शनि, राहु, केतु दोष से शांति और दिव्य ज्ञान की प्राप्ति होती है। मां कालरात्रि का उग्र रूप हमें यह सिखाता है कि अज्ञान, भय और पाप के अंधकार को केवल देवी की कृपा से ही नष्ट किया जा सकता है। राजधानी रांची में शारदीय नवरात्रि की रौनक देखने को मिल रही है। पिछले तीन-चार दिनों से श्रद्धालु बारिश के बावजूद रांची में बने एक से बढ़कर एक पूजा पंडालों में जाकर मां दुर्गा का दर्शन कर आशिर्वाद ले रहे हैं। दिन से अधिक रात में पंडालों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। पंडालों में लाइट की विशेष सजावट की गई है, जो पंडालों की सुंदरता में चार चांद लगा रहा है।

पूजा पंडालों के पास लगे मेलों में श्रद्धालू सपरिवार पहुंच रहे हैं और विभिन्न प्रकार की वस्तुओं की खरीदारी कर रहे हैं। मंगलवार को महाअष्टमी के अवसर पर माता महागौरी की पूजा विधि-विधान से की जाएगी। महाअष्टमी पर महिलाएं माता महागौरी का व्रत रखती हैं और दिनभर उपवास रखकर शाम में माता की पूजा करती हैं। व्रती इस अवसर पर माता को श्रृंगार की सामग्री भेंट कर उनसे अखंड सौभाग्य की प्रार्थना करती हैं।

## सड़क दुर्घटना में चालक की मौत, एक गंभीर

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

पूर्वी सिंहभूम जिले के बरसोल थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-49 पर रविवार देर रात हुई सड़क दुर्घटना में एक चालक की मौत हो गई। जबकि दूसरा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की वजह से सड़क पर देर रात तक अफरातफरी का माहौल बना रहा। मिली जानकारी के अनुसार दिगबर्दा गांव निवासी 38 वर्षीय कान्हू चरण साहु धान लदे ट्रक को लेकर मालुआ गांव से पश्चिम बंगाल की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे एक अन्य ट्रक से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों चालक बुरी तरह से घायल हो गए। सूचना मिलते ही बरसोल पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को पेट्रोलिंग वाहन से बहरागोड़ा सीएचसी पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने कान्हू चरण साहु को मृत घोषित कर दिया, जबकि ओडिशा के करंजिया थाना क्षेत्र के चदनासोल गांव निवासी 33 वर्षीय सनातन मुर्मू की हालत गंभीर होने पर उसे पीआरएम मेडिकल कॉलेज, बारिपदा रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मृतक



का शव कब्जे में लेकर सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के लिए घाटशिला भेज दिया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के गांव में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि कान्हू चरण अपने पीछे पत्नी, आठ साल की बेटी और चार साल के बेटे को छोड़ गए हैं। इधर, दुर्घटना की खबर मिलते ही बहरागोड़ा के विधायक समीर कुमार महंती अस्पताल पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर सांत्वना व्यक्त की और परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए सहायता राशि प्रदान की। विधायक ने आश्वासन दिया कि कान्हू चरण के परिजनों को सरकारी प्रावधानों के तहत मिलने वाली सभी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## झारखंड के विभिन्न जिलों में चार अक्टूबर तक भारी बारिश की आशंका

**एजेंसी। रांची**

झारखंड के विभिन्न जिलों में 4 अक्टूबर तक कहीं-कहीं भारी, तो कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। यह जानकारी सोमवार को मौसम विभाग की ओर से दी गयी है। विभाग के अनुसार 2 अक्टूबर को राज्य के उत्तर पूर्वी जिले देवघर, दुमका, गिरिडीह, कोडरमा, पाकुड़, जामताड़ा, गोड्डा और साहिबगंज के कुछ इलाके में बारिश हो सकती है। 3 अक्टूबर को उत्तर पूर्वी और उत्तरी मध्यवर्ती तथा 4 अक्टूबर को उत्तर पूर्वी जिलों में बारिश होने की संभावना है। इन इलाकों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटे की बात करें, तो राज्य में सबसे



अधिक बारिश पूर्वी सिंहभूम जिले के डुमरिया में 38.2 मिलीमीटर रिकार्ड की गई। इस दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 34.3 डिग्री गोंड्डा में और सबसे कम तापमान लातेहार में 20.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। राजधानी रांची और उसके आसपास के इलाकों में हल्की बारिश (2.4 मिमी) भी रिकॉर्ड की गई। सोमवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और कड़ी धूप रही। धूप खिलने से लोगों ने पिछले तीन-चार दिनों से हो रही बारिश से राहत महसूस की। राजधानी रांची में आज अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री, जमशेदपुर में 31.2 डिग्री, डालटेनगंज में 31.4, बोकारो में 30.5 और चाईबासा में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## सांसद ने दुर्गा पूजा पर टैंकर से उपलब्ध् कराया पेयजल

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

दुर्गा पूजा के अवसर पर सोमवार को बागबेड़ा गांधीनगर शाखा मैदान में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था कराई गई। इस व्यवस्था के तहत सांसद विद्युत वरण महतो के पहल पर विशेष टैंकरों से ग्रामीणों और शहरवासियों तक स्वच्छ पानी पहुंचाया गया। पानी की यह आपूर्ति बागबेड़ा इलाके में रहने वाले लोगों के लिए राहत बनकर आई, क्योंकि त्योहार के मौके पर पेयजल की उपलब्धता एक बड़ी आवश्यकता मानी जाती है। इस अवसर पर बागबेड़ा महानगर विकास समिति के अध्यक्ष सह भाजपा जिला मुख्यालय प्रभारी सुबोध झा ने कहा कि सांसद विद्युत वरण महतो



लगातार बागबेड़ा क्षेत्र की जनता की समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान देते हैं।

उन्होंने कहा कि बागबेड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों में साफ पेयजल उपलब्ध कराने की यह पहल सांसद का सराहनीय प्रयास है। सुबोध झा ने कहा कि सांसद के इस योगदान से आम नागरिकों को न केवल सुविधा मिली है, बल्कि त्योहार की खुशी भी दोगुनी हुई है। उन्होंने सांसद महतो को बागबेड़ा की जनता की ओर से धन्यवाद प्रेषित किया। गांधीनगर क्षेत्र में पानी वितरण की जिम्मेदारी विशेष रूप से बागबेड़ा महानगर विकास समिति के संयोजक और भाजपा नेता दीपक दागी ने संभाली। उनके नेतृत्व में समिति के सदस्य और स्थानीय स्वयंसेवक लगातार टैंकरों के माध्यम से लोगों तक पानी पहुंचाने में जुटे रहे। पानी वितरण के दौरान स्थानीय नागरिकों ने सांसद विद्युत वरण महतो और समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की सेवाएं समाज में जनप्रतिनिधियों की लोकप्रियता और उनकी जनता के प्रति संवेदनशीलता का प्रमाण हैं। पेयजल वितरण कार्यक्रम के दौरान समिति के कई पदाधिकारी और स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## रांची के पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे हैं युवा दस्ते के सदस्य : मिश्रा



**एजेंसी। रांची**

युवा दस्ता के सैकड़ों सदस्य, क्षेत्रीय प्रभारी और पदाधिकारी सेवा कार्य में राजधानी रांची के विभिन्न पूजा पंडालों में तैनात हैं। युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। राजीव रंजन मिश्रा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि किसी भी दर्शनार्थियों को किसी तरह की परेशानी हो, तो वे तुरंत दस्ता के सदस्यों से संपर्क करें, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान निकाला जा सके। उन्होंने कहा कि दस्ता के सदस्य सभी पूजा पंडाल में आम लोगों की सेवा के लिए तैनात हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को दस्ता के सदस्यों ने बकरी बाजार, स्टेशन रोड, सत्य अमर लोक सहित विभिन्न पंडालों में बिछड़े हुए दर्जनों बुजुर्गों को माता के दर्शन करवाया और माता-पिता से बिछड़े बच्चों को उनके परिवार से मिलवाया। मिश्रा ने कहा कि कोई भी श्रद्धालू किसी प्रकार की समस्या या सुझाव देना चाहते हैं, तो वे युवा दस्तां के हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर सकते हैं। उनकी समस्या जिला प्रशासन तक पहुंचा दी जाएगी और समस्या का समाधान जल्द से जल्द कराने का प्रयास किया जाएगा।

## सांसद महुआ माजी की सुरक्षा में तैनात कर्मी ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

**एजेंसी। रांची**

झारखंड से राज्यसभा सांसद महुआ माजी की सुरक्षा में तैनात एक सुरक्षा कर्मी ने सोमवार को ईमानदारी और दरियादिली की मिसाल पेश करते हुए एक व्यक्ति के खोए हुए पर्स में रखी नकदी, सोने की चेन, एटीएम कार्ड और कई अन्य महत्वपूर्ण कागजात वापस लौटा दिए। यह जानकारी सांसद महुआ माजी ने दी। सांसद ने बताया रांची के करमटोली निवासी प्रशांत, जो अपने पिता के निधन के बाद बेंगलुरु से रांची आए थे और श्राद्ध कर्म के सिलसिले में नक्षत्र वन गए थे, रास्ते में वह अपना पर्स खो बैठे। पर्स में नकद, सोने की चेन, एटीएम कार्ड और कई महत्वपूर्ण कागजात थे। उन्होंने बताया कि उनकी सुरक्षा में तौनात कर्मी बीरेंद्र गोप को यह पर्स सड़क



पर गिरा मिला। बीरेंद्र ने बिना देर किए इसकी सूचना उन्हें दी, उसके बाद महुआ माजी ने स्वयं इस मामले को गंभीरता से लिया। पर्स के वास्तविक स्वामी की तलाश कराई। प्रशांत के बारे में जानकारी मिलने के बाद उनके घर पर संदेश भेजकर उन्हें बुलाकर पर्स उन्हें लौटा दिया। मौके पर महुआ माजी ने बीरेंद्र गोप को शॉल ओढ़ाकर और बुके भेंट कर सम्मानित किया। प्रशांत ने अपना पर्स सुरक्षित वापस मिलने पर सांसद महुआ माजी और उनकी सुरक्षा टीम में शामिल सुरक्षा कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से बीरेंद्र गोप की ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की।

## ईमानदारी की मिसाल बने बर्मामाइंस थाना प्रभारी दिलीप यादव

♦ **लौटाया 15 लाख के जेवरात और हीरे का बैग**

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

बर्मामाइंस थाना प्रभारी दिलीप यादव ने सोमवार को ईमानदारी और मानवता की मिसाल पेश की। उन्होंने 15 लाख रुपये मूल्य के गुम हुए जेवरात और हीरे से भरे बैग को उसके असली मालिक को लौटाकर पुलिस की साख को मजबूत किया है। कीमती सामान देखकर भी उनका मन नहीं डोला और उन्होंने बिना किसी लालच के पूरी जिम्मेदारी के साथ बैग मालिक को सौंप दिया। इस नेक कार्य के बाद पूरे इलाके में उनकी चर्चा हो रही है। वहीं, अपना खोया हुआ बैग पाकर पीड़ित परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। जानकारी के अनुसार बिरसानगर



के रहने वाले गुरुचरण गोराई 26 सितंबर को टेंपो से घर लौट रहे थे। इसी दौरान उनका बैग ट्यूब कंपनी गेट के पास गलती से गिर गया। घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने बर्मामाइंस थाना पहुंचकर इसकी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही थाना प्रभारी दिलीप यादव ने तुरंत जांच शुरू की और कड़ी मेहनत के बाद बैग को बरामद कर लिया। बरामद बैग में एचपी कंपनी का एक लैपटॉप, निकोन कंपनी का कैमरा, सोने का हार, हीरे की दो अंगूठियां, सोने की पांच अंगूठियां, सोने के झुमके, कान के बटन, हीरे के कान के रिंग और सोने का लॉकेट सहित अन्य कीमती गहने थे। सभी सामान सही-सलामत स्थिति में पाकर गुरुचरण गोराई ने थाना प्रभारी दिलीप यादव का आभार जताया।

## संक्षिप्त समाचार

### बेंगलुरु में पुलिस बनकर आए, जांच के नाम पर लूट लिए एक करोड़; असली ने धरा तो खुला गया राज

**बेंगलुरु, एजेंसी।** बेंगलुरु पुलिस ने एक सनसनीखेज लूट की घटना में तेज कार्रवाई करते हुए आठ लुटेरो को धर दबोचा है। इनके कब्जे से लूटे गए 1.1 करोड़ रुपये भी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक, राजस्थान निवासी मोतराम (45) और उनकी पत्नी लक्ष्मी देवी शनिवार शाम को कार से हुलिमावू इलाके में पहुंचे थे। वे यहां टुमकुरु के सुपारी कारोबारी हेमंत को पैसे देने आए थे। तभी दो संदिग्ध व्यक्ति उनके पास आ धमके और खुद को पुलिसकर्मी बताकर पूछताछ शुरू कर दी। आरोपियों ने दावा किया कि उन्हें जांच के लिए वीडियो रिकॉर्डिंग करनी है। एक ने कार, हेमंत, दंपती और पैसे के थैलों का वीडियो बना लिया। जब पीड़ितों ने विरोध किया तो लुटेरों ने हेमंत और महिला पर हमला बोल दिया तथा नकदी के बैग छीनने की कोशिश की। डरकर दंपति ने कार लॉक कर ली और मौके से भाग निकले, लेकिन दोनों आरोपी बाइक पर उनका पीछा करते हुए उन्हें रोक लिया। इस दौरान उन्होंने जानबूझकर कार के पिछले हिस्से से ठोकर भी मारी। घबराहट में मोतराम ने यू-टर्न लिया और एक सुनसान प्लॉट के पास वाहन खड़ी कर दिया। फिर दोनों बदमाशों ने हेमंत और मोतराम को जबरन कार से घसीटकर बाहर निकाल लिया, जबकि लक्ष्मी देवी पैसे के थैलों को सीने से लगाए कार में ही छिपी रहीं। इसी बीच एक ने दोबारा हेमंत पर प्रहार किया। तभी वहां तीन-चार और साथी आ गए। लुटेरों ने हेमंत और राजस्थानी दंपती को जबरन खाली प्लॉट पर बने एक शेड में घसीट लिया। उन्होंने पीड़ितों के मोबाइल फोन छीन लिए और धमकी दी कि 10 लाख रुपये न दिए तो नहीं छोड़ेंगे। इनकार पर बदमाशों ने करीब दो घंटे तक सभी को बंधक बनाए रखा। आखिरकार गैंग ने 1.01 करोड़ रुपये लूट लिए, साथ ही उनकी कारें और फोन भी ले लिए। वहीं, वारदात की सूचना मिलते ही हेमंत और दंपति ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। तुरंत मौके पर पहुंची पुलिस ने सख्ती से छापेमारी की और आठों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। लूटी गई नकदी के अलावा कारें-बाइकें भी बरामद हो गईं।

### आई लव मोहम्मद स्लोगन से जीतनराम मांझी को आपत्ति, बोले- धर्म के पर प्रचार पर रोक नहीं लेकिन...



**गया, एजेंसी।** आई लव मोहम्मद स्लोगन पर मचे सियासी बवाल के बीच नरेंद्र मोदी सरकार के एमएसएमई मंत्री और पूर्व बिहार सीएम जीतनराम मांझी का बड़ा बयान आया है। हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक मांझी ने इस पर आपत्ति जताई है। यूपी से शुरू इस विवाद पर बिहार में भी फसाद की स्थिति बन गई है। पूर्व सीएम ने इस पर रोक लगाने की अपील की है। आई लव मोहम्मद के बाद बिहार में आई लव शक्ति के पोस्टर लगाए गए। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के बयान पर केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता गिरिराज सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। रविवार शाम गयाजी में मांझी ने का कि आई लव मोहम्मद के पोस्टर लगाए गए हैं उनसे सांप्रदायिकता की बू आती है। संविधान सबको अपने धर्म का प्रचार करने की इजाजत देता है। लेकिन, अगर इससे समाज या देश का नुकसान होने लगे तो गलत हो जाता है। अपनी बात कहते मांजी भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि भगवान के पास पहुंचने के लिए अनेक रास्ते हैं। चाहे मोहम्मद हों, श्रीराम हों, श्रीकृष्ण हों या जो हों। लेकिन जहां सांप्रदायिकता की बू आती और उसके लिए किसी का नाम लिया जाता है तो सही नहीं है। आई लव मोम्मद की बात से कहीं न कहीं सांप्रदायिकता की बू आई है। इसके चलते विरोध हुआ है। आई लव मोहम्मद प्रकरण पर अररिया में भारी बवाल हुआ तो राजनीति भी उबल रही है। बीजेपी इसके विरोध में है तो ओवैसी की पार्टी समर्थन में है। किशनगंज में ओवैसी ने कहा कि इसमें गलत क्या है। मोहब्बत का विरोध किया जा रहा है तो मुगल-ए-आजम की तरह मोहब्बत जिंदाबाद का नारा बुलंद किया जाएगा।

## चीन-यूएस ने कर लिया कंट्रोल
# तेजी से बढ़ रहे कैंसर के मरीज

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
देश में बीते 33 सालों में कैंसर के मरीजों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। एक नए अध्ययन के मुताबिक 1990 से लेकर 2023 तक कैंसर के मरीजों मे 26 फीसदी का इजाफा देखा गया। 1990 में एक लाख की आबादी पर 84 कैंसर के पेशेंट थे जो कि 2023 में बढ़कर 107 हो गए। लैंसेट में पब्लिश अध्ययन के मुताबिक इलाज के ज्यादा साधन होने के बावजूद कैंसर से होने वाली मौतें भी 21 फीसदी बढ़ गई हैं।

इन 33 सालों के दौरान अमेरिका और चीन में कैंसर और उससे होने वाली मौतों में अच्छी खासी कमी देखी गई है। इसके पीछे वजह तंबाकू उत्पादों पर कड़ाई से रोक, वैक्सिनेशन और संगठित तरीके से स्क्रीनिंग हैष एम्स दिल्ली में रेडिएशन-ऑन्कोलजिस्ट के मुताबिक भारत में तंबाकू का धड़ल्ले से इस्तेमाल, मोटापे और इन्फेक्शन की वजह से केस बढ़ रहे हैं। इसके अलावा कैंसर की शुरुआत में ही पहचान नहीं हो पाती है।

उन्होंने कहा कि एचपीवी और हेपेटाइटिस-बी वैक्सिनेशन, मैमोग्राफी, फेफड़ों के कैंसर की स्क्रीनिंग, कोलोन्सकोपी स्क्रीनिंग और समय पर इलाज से कैंसर के रिस्क को कम किया जा सकता है। ऐसे में भारत में भी एक नीति बनाकर कैंसर के खिलाफ लड़ाई करनी जरुरी है।



इस स्टडी की मुख्य लेखिका वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी की डॉ. लिजा फोर्स ने कहा, कैंसर की वजह से पूरी दुनिया की चिकित्सा व्यवस्था पर भारी बोझ है। उन्होंने कहा कि कैंसर से लड़ाई के लिए तुरंत एक्शन प्लान तैयार करना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कैंसर को हराने के लिए अभियान जरूरी हो गया है। इसके लिए अतिरिक्त फंडिंग की भी जरूरत है।

इस अध्ययन के मुताबिक चीन में इन 33 सालों के दौरान कैंसर केसों में चीन में 19 फीसदी और अमेरिका में 20 फीसदी की कमी आई है। वहीं कैंसर से मरने वाले चीन में 43 फीसदी तो अमेरिका में 33 फीसदी कम हो गए हैं। दुनियाभर में कैंसर के पीछे सबसे बड़ा कारण तंबाकू उत्पादों के इस्तेमाल को बताया गया है। इसके अलावा गरीब देशों में असुरक्षित यौन संबंधों से भी कैंसर का खतरा बढ़ रहा है।

संसदीय समिति की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत में तंबाकू उत्पादों पर टैक्स बढ़ाने से इसका इस्तेमाल भी कम हो सकता है। वहीं भारत में कैंसर का पता लोगों को बहुत देर में चलता है। संसदीय समिति ने कहा कि कैंसर की स्क्रीनिंग को जन आंदोलन की तरह आगे बढ़ाना चाहिए।

## बारिश से प्रभावित इलाकों में तत्काल राहत और पुनर्वास उपाय शुरू करे

**मुंबई, एजेंसी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने रविवार को महाराष्ट्र सरकार से राज्य के कई हिस्सों में मूसलधार बारिश से हुई तबाही का हवाला देते हुए व्यापक राहत और पुनर्वास उपायों को तत्काल लागू करने का आग्रह किया।

पवार ने एक बयान में कहा कि 'पंचनामा' (क्षति आकलन) प्रक्रिया को कठोर समय-सीमाओं तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समय पर आकलन पूरा करना अक्सर ऐसी अभूतपूर्व आपदाओं के दौरान असंभव होता है। उन्होंने कहा, बाद में स्पष्ट होने वाले नुकसान - जैसे कि संरचनात्मक क्षति के कारण मकानों का ढह जाना या बाढ़ का पानी उतरने के बाद फसलों और पशुओं का प्रभावित होना - के लिए भी मुआवजे पर विचार किया जाना चाहिए।

राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश के कारण कई जिलों में स्थिति विकट बनी हुई है। हजारों लोगों को घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा। पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री ने यह भी सुझाव दिया कि तत्काल वित्तीय सहायता के अलावा सरकार को दीर्घकालिक पुनरुद्धार और पुनर्वास योजना तैयार करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस योजना में फसलों की पुनः बुवाई, बागों का जीर्णोद्धार, बंजर हो चुकी भूमि को पुनः उपजाऊ बनाने और सिंचाई के बुनियादी ढांचे जैसे बांध, नहरें, कुएं और पम्पिंग प्रणालियों की मरम्मत के लिए विशेष सहायता शामिल होनी चाहिए।

## हत्या के बाद मक्के के खेतों में छिपा



**भीलवाड़ा, एजेंसी।** राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के पारोली थाना क्षेत्र के बागड़ा गांव में रविवार सुबह दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। गांव के ही 28 वर्षीय युवक लाला राम माली ने अपनी ही दादी एजी देवी (60) की चिमटे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। हत्या इतनी बेरहमी से की गई कि परिजन उन्हें खून से लथपथ हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी प्रभाती लाल मीणा के अनुसार, आरोपी लाला राम गांव में बने धार्मिक स्थान पर भोपा के रूप में पूजा-अर्चना करता था। रविवार सुबह भी वह सेवा पूजा कर रहा था। लगभग 8 :30 बजे पूजा स्थल से सीधे घर लौटा और साथ में पूजा में इस्तेमाल होने वाला बड़ा लोहे का चिमटा लेकर आया। इसी चिमटे से उसने अपनी दादी पर कई वार किए। मृतका का बेटा कान्हा माली ने बताया कि उसकी मां उस समय चूल्हे पर खाना बना रही थी। तभी लाला राम अचानक घर में घुसा और चिमटे से सिर पर वार करने लगा। कान्हा ने रोकने की कोशिश की, लेकिन आरोपी लगातार हमला करता रहा। एजी देवी गंभीर रूप से घायल होकर वहीं गिर पड़ीं। खून से लथपथ हालत में उन्हें सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया और गांव के पास मक्के के खेतों में जाकर छुप गया। सूचना पर पुलिस ने इलाके की घेराबंदी की और चार घंटे की तलाश के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटनास्थल से वारदात में इस्तेमाल चिमटा बरामद कर लिया है। फिलहाल हत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि लाला राम भोपा के रूप में पूजा-पाठ करता था और गांव वालों के बीच उसकी मानसिक स्थिति को लेकर कई तरह की चर्चाएं थीं।

## यूपी में निवेश कर उद्योग लगाएंगी रूस की कंपनिया

**बेंगलुरु, एजेंसी।** रूस की कंपनियां उत्तर प्रदेश में उद्योग लगाएंगी। योगी सरकार में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी से रविवार को मुलाकात कर मास्को सरकार के निवेश और उद्योग नीति विभाग के मंत्री एवं अध्यक्ष अनातोली मिखाइलीविच की ओर से वहां आने आमंत्रण पत्र सौंपा गया। मास्को की कंपनियों के लिए योग्य भारतीय कर्मियों की भर्ती और प्रशिक्षण के लिए केंद्र स्थापित करने की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। रोजगार के नए अवसर खुलेंगे

उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल को मास्को का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया। औद्योगिक विकास मंत्री ने देश का ग्रोथ इंजन बनने की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए इच्छुक मास्को सरकार के प्रतिनिधियों का उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए हर संभव सहयोग का वादा किया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल निवेश और उद्योग नीति विभाग रूस (मास्को) की प्रतिनिधि इरीना पिंगोरिना एवं टेक्नोपोलिस मास्को के अधिकारिक भारतीय प्रतिनिधि अमरदीप सिंह शामिल रहे। बातचीत के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि रूस की सरकार भारत के मेक इन इंडिया अभियान से काफी प्रभावित है।

## विजय की गलती नहीं; तमिलनाडु भगदड़ पर बोले भाजपा नेता अन्नामलाई



**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु अभिनेता से नेता बने विजय की रैली में हुई भगदड़ में अभी तक 40 लोगों की मौत हो चुकी है। इस घटना के बाद मुख्यमंत्री स्टालिन रात में ही अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल जाना। अगले कुछ महीनों में होने वाले चुनावों की वजह से यह घटना अब राजनीति का केंद्र बनती हुई दिखाई दे रही है। भाजपा नेता अन्नामलाई ने रैली में मौजूद पुलिस बल पर भी सवाल उठाया।

अन्नामलाई ने कहा, विजय की गलती नहीं है कहा कि यह राजनैतिक पार्टी का नहीं बल्कि खुफिया विभाग और पुलिस का काम होता कि वह पर्याप्त बल तैनात करें। वह भीड़ का अनुमान लगाएं। पुलिस ने उन्हें 7 घंटे की अनुमति क्यों दी? दो घंटे के लिए अनुमति देते। इतना ही नहीं सीबीआई जांच की मांग करते हुए अन्नामलाई ने कहा, हम सब सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। राज्य के मुख्यमंत्री ने एक सदस्यीय पूर्व न्यायाधीश का जांच आयोग चाहते हैं। उन्होंने अपने आप ही न्यायाधीश का चयन भी कर लिया है। आखिर यह जांच निष्पक्ष कैसे हो सकती है?

इससे पहले अन्नामलाई ने सोशल मीडिया के जरिए डीएमके सरकार से लोगों की मदद करने की अपील की थी। उन्होंने कहा, करूर में टीवीके नेता विजय की एक सभा में भगदड़ मचने से बच्चों समेत लगभग चालीस लोगों की मौत की खबर बेहद चौंकाने वाली और दुखद है। कई अन्य घायल हुए हैं और अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मैं तमिलनाडु सरकार से आग्रह करता हूं कि वह सभी का उचित इलाज सुनिश्चित करें।

अन्नामलाई से पहले डीएमके ने भी विजय की रैली में सुरक्षा व्यवस्था की कमी का आरोप लगाया। सत्तारूढ़ डीएमके ने इस घटना को लेकर कहा कि इस पर राजनीति नहीं की जानी चाहिए, जो भी सच्चाई है वह जांच में सामने आ जाएगी। हालांकि टीवीके ने राज्य सरकार द्वारा बनाई गई एक सदस्यी जांच समिति के प्रति अपना भरोसा नहीं जताया है, उन्होंने मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर कर सीबीआई जांच की मांग की है।

## सोनम वांगचुक पर पाकिस्तानी लिंक के आरोप पर भड़कीं पत्नी

**लेह, एजेंसी।**
लद्दाख में हिंसा के लिए जिम्मेदार ठहराए गए जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे आंगमो ने उनपर लगे सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि सरकार पिछले चार साल से उनपर नजर बनाए हुए थी। पाकिस्तानी लिंक के आरोपों पर उन्होंने कहा कि सोनम वैज्ञानिक के तौर पर एक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। चीन या पाकिस्तान जाने वाला हर शख्स आतंकी नहीं हो जाता है। गीतांजलि जे आंगमो भी एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं। बीते दिनों लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने के लिए सोनम वांगचुक भूख हड़ताल पर बैठे थे। उनकी सेहत बिगड़ी तो युवा सड़कों पर उतर आए और यह प्रदर्शन हिंसक हो गया। पुलिस के साथ झड़प में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और कई इमारतों को आग के हवाले कर दिया गया। इसके बाद वांगचुक को गिरफ्तार कर लिया गया और उन्हें राजस्थान की जोधपुर जेल में रखा गया है।



गीतांजलि ने कहा कि उनकी किसी अधिकारी ने नहीं सुनी और उन्हें लेकर चले गए। वांगचुक पर नेशनल सिक्योरिटी ऐक्ट लगाया गया है इसलिए उन्हें जल्द जमानत मिलने की भी संभावना नहीं है। उन्होंने दावा किया कि सरकार तो चार साल पहले ही वांगचुक के पीछे पड़ गई थी, जब उन्होंने लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और संविधान की छठी सूची की बात शुरू की थी। उन्होंने बताया कि चार साल पहले ही इंटेलिजेंस ब्यूरो का एक अधिकारी आया था और उसने धमकाते हुए कहा था कि उन्हें एनजीओ हिमालयन इंस्टिट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव लद्दाख को मिल रही कथित विदेशी फंडिंग की जानकारी देनी होगी। बता दें कि वांगचुक दो एनजीओ चलाते हैं। दूसरा एनजीओ लद्दाख के पिछड़े इलाकों में शिक्षा के लिए काम करता है। इसका नाम स्टूडेंट्स एजुकेशनल ऐंड कल्चरल मूवमेंट ऑफ लद्दाख (एसईसीएमओएल) है। एसईसीएमओएल के पास पहले से ही विदशी फंडिंग का लाइसेंस था। हालांकि अब सरकार ने कार्रवाई करते हुए उनका लाइसेंस कैंसल कर दिया है। वांगचुक की पत्नी ने कहा, पिछले चुनाव में उन्होंने खुद भी बीजेपी को ही वोट दिया था। हमें उम्मीद थीं कि वह हमारी मांग पूरी करेंगे और इसलिए सबने बीजेपी को वोट किया था। बिना विधानसभा या फिर छठी सूची के कोई भी केंद्र शासित प्रदेश सुरक्षित नहीं रहता है।

## यूपी में कानूनगो 30 करोड़ की संपत्ति का मालिक निकला

**कानपुर, एजेंसी।** यूपी के कानपुर में विवादित जमीनों की खरीद-फरोख्त और अभिलेखों की हेराफेरी में फंसा कानूनगो आलोक दुबे 30 करोड़ की संपत्ति का मालिक निकला। सहायक महानिरीक्षक निबंधन के इस खुलासे के बाद डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने उसे डिमोट कर लेखपाल बना दिया है। साथ ही उसकी सेवा पुस्तिका में परिनिन्दा प्रविष्टि दर्ज करने का आदेश दिया है। ग्राम कला का पुरवा रामपुर भीमसेन निवासी शिकायतकर्ता संदीप सिंह ने 2 दिसंबर 2024 को डीएम से शिकायत की थी। कहा- सिंहपुर कठार की गाटा 207 व रामपुर भीमसेन की गाटा 895 का वाद कोर्ट में चल रहा है। विक्रेता का नाम खतौनी में दर्ज न होने के बावजूद कानूनगो ने 11 मार्च 2024 को वरासत दर्ज कर उसी दिन बैनामा भी करा लिया। फिर 19 अक्टूबर 2024 को गाटा 207 को एक निजी कंपनी आरएनजी इंफ्रा को बेच दिया। समिति ने इसे पद का दुरुपयोग, मिलीभगत और हित-संघर्ष की श्रेणी में माना। 17 फरवरी 2025 को कानूनगो को निलंबित कर विभागीय जांच शुरू की थी।

## नूंह-पलवल को जोड़ने वाली 32 किमी लंबा कनेक्टिंग रोड नए सिरे से बनेगा




**फरीदाबाद/पलवल, एजेंसी।**
खस्ताहाल सड़क की समस्या से जूझ रहे हरियाणा के नूंह और पलवल वासियों के लिए राहत की खबर है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की ओर से दो जिलों को जोड़ने वाली करीब 32 किलोमीटर लंबी सड़क को नए सिरे से बनाने की तैयारी की गई है। इसे लेकर विभाग ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। योजना पर अगले माह से काम शुरू कर दिया जाएगा।

नूंह और पलवल को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग कई सालों से जर्जर हालत में है। इस सड़क से रोजाना हजारों लोग आवाजाही करते हैं। बारिश से सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं, जिससे वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं स्थानीय लोगों से लेकर व्यापारियों और छात्रों तक सभी लंबे समय से सड़क को नए सिरे से बनाने की मांग कर रहे हैं। लोगों की मांग पर लोक निर्माण विभाग ने सड़क को बनाने की तैयारी की है। पलवल नूंह रोड का जगह जगह गड्ढे होने के कारण रात में सफर लोगों का मुश्किल हो गया है। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। गड्ढों की वजह आए दिन दोपहिया चालक चोटिल होते रहते हैं, जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है। नई सड़क बनने लोगों की राह आसान होगी, साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी खत्म होगी। इससे हजारों लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। पीडब्ल्यूडी, सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। इसे अगले तीन महीनों के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यदि मौसम ने सहयोग किया तो सड़क तय समय से पहले ही बनकर तैयार हो जाएगी।

### 3 करोड़ की लागत से बनेगी सड़क

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस सड़क के निर्माण पर लगभग 3 करोड़ रुपये खर्च होंगे। आधुनिक तकनीक से सड़क को मजबूत और टिकाऊ बनाया जाएगा, जिससे आने वाले वर्षों तक यह सुगम यातायात सुनिश्चित कर सके। विभाग ने यह भी आश्वासन दिया है कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सड़क बनने के बाद नूंह और पलवल के बीच आवागमन काफी आसान हो जाएगा। न केवल स्थानीय लोगों को सुविधा मिलेगी बल्कि व्यावसायिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। आसपास के गांवों में रहने वाले लोग फरीदाबाद और गुरुग्राम की ओर तेजी से आवाजाही कर सकेंगे। किसानों को भी अपनी उपज को मंडियों तक ले जाने में आसानी होगी।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### लद्दाख में क्या सरकार की अनदेखी से आग भड़की

किसी भी विरोध प्रदर्शन में अगर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगें सामने रखी जाएं, तो उसके अंजाम तक पहुंचने और सर्वमान्य हल निकलने की उम्मीद की जा सकती है। विडंबना यह है कि कई बार मुद्दे सुलगते रहते हैं और सरकार को वक्त पर उसका समाधान निकालने की जरूरत महसूस नहीं होती। वहीं लंबे वक्त तक टालमटोल या कोताही आखिरकार असंतोष की स्थिति पैदा करती है। फिर जब प्रतिक्रिया का स्वरूप अनियंत्रित और अराजक होता है, तब कई बार उसे संभालना मुश्किल हो जाता है। लेह में बुधवार को हुई हिंसा इन्हीं स्थितियों का नतीजा लगती है। गौरतलब है कि लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और संविधान के अनुच्छेद 244 के तहत छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर लेह में लोग आंदोलन पर उतरे हुए थे। पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक भी दो हफ्ते से भूख हड़ताल पर थे। मगर बुधवार को यह प्रदर्शन हिंसक हो उठा और लोगों ने भाजपा कार्यालय को भी आग के हवाले कर दिया। इसके बाद पुलिसकर्मियों के साथ हुई झड़पों के दौरान कई की जान चली गई और काफी लोग घायल हो गए। सवाल है कि अपनी मांगों के साथ कई दिनों से शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे लोगों के सामने आखिर कैसी स्थिति पैदा हुई कि उन्होंने हिंसक रास्ता अख्तियार कर लिया। पिछले कई दिनों से वहां जैसे शांतिपूर्ण हालात थे, उसमें अराजकता को अचानक उपजी किसी स्थिति का नतीजा मानना थोड़ा मुश्किल लगता है। खासतौर पर जब पूर्ण राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची में शामिल करने का सवाल नया नहीं हो। इसके अलावा, लेह और करगिल के लिए अलग-अलग लोकसभा सीटें तय करने और रोजगार में आरक्षण की मांग भी अहम मुद्दे हैं। दरअसल, अनुच्छेद 370 खत्म होने के बाद केंद्र सरकार की ओर यह आश्वासन दिया गया था कि लद्दाख को राज्य का दर्जा दिया जाएगा। इस बात को करीब पांच वर्ष हो गए, लेकिन अब भी इस पर स्थानीय समूहों- लद्दाख एपेक्स बाडी और करगिल लोकतांत्रिक गठबंधन के साथ सिर्फ बातचीत ही चल रही है। आखिर केंद्र सरकार की घोषणाओं के समांतर लद्दाख के लोगों की स्पष्ट मांगों के बावजूद सबसे संवेदनशील और जरूरी मुद्दों पर बातचीत के जरिए शांतिपूर्ण तरीके से हल निकालने को लेकर सहमति बनाने को प्राथमिकता क्यों नहीं दी गई।

### छात्रवृत्ति के नाम पर शोषण!

शैक्षिक संस्थानों को आमतौर पर छात्राओं के लिए सुरक्षित परिसर माना जाता है। मगर ऐसी किसी जगह पर जब उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाई जाती है और धमका कर यौन उत्पीड़न किया जाता है, तो यह एक व्यापक चिंता का विषय बनता है। दिल्ली में वसंत कुंज स्थित एक प्रबंधन संस्थान में खुद उसके संचालक ने छात्राओं से जैसा बर्ताव किया, उसने संस्थान पर भरोसे को तार-तार कर दिया है।गौरतलब है कि इस मामले का मुख्य आरोपी एक कथित स्वयंभू धर्मगुरु या बाबा है, जो संस्थान का एक संचालक भी था। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए छात्रवृत्ति के तहत पढ़ाई कर रही कई छात्राओं को वह काफी समय से अलग-अलग रूप से प्रताड़ित कर रहा था। हैरानी की बात यह है कि इतनी संवेदनशील शिकायत पर संस्थान के अधिकारियों ने तब सुध ली, जब विवाद ने तूल पकड़ लिया। एक शर्मनाक पहलू यह भी है संस्थान की महिला कर्मी पीड़ित छात्राओं पर आरोपी की बात मानने के लिए दबाव डालती थीं। संस्थान में अपने प्रभाव के कारण आरोपी न केवल अभद्रता करता रहा, बल्कि किसी भी कार्रवाई से बचता रहा। दूसरी ओर, भविष्य तबाह कर देने की धमकी से डरी छात्राएं खामोश रहीं।इस पूरे मामले में न केवल संबंधित संस्थान, बल्कि कानून व्यवस्था की भी बड़ी नाकामी है। एक ऐसा व्यक्ति जिसका पुराना आपराधिक अतीत रहा हो, वह राजधानी के नामी प्रबंधन संस्थान का संचालक कैसे बन जाता है या बना रहता है? संस्थान के परिसर से इस कथित स्वयंभू बाबा की महंगी कार भी बरामद हुई है, जिस पर राजनयिक नंबर वाली जाली प्लेट लगी थी।आरोपी की आपराधिक गतिविधियां सामने आने के बाद संस्थान ने उससे सभी संबंध जरूर समाप्त करने की बात कही, लेकिन सवाल है कि यौन उत्पीड़न संबंधी गंभीर शिकायतों के बावजूद लंबे समय तक उसे प्रबंध समिति का सदस्य और पदाधिकारी कैसे बनाए रखा गया। जबकि धोखाधड़ी और छेड़खानी के मामले उस पर पहले से दर्ज थे।

*मिग को भारत और रुस के बीच संबंधों से भी जोड़ के देखा जाता रहा है। खासबात यह कि उड़ता ताबूत कहलाने के बावजूद भारतीय वायु सेना में मिग ने 60 वर्ष से भी अधिक समय तक अपने सामर्थ्य से देश के जरुरत के समय अपेक्षाओं पर खरा उतरा। युद्ध या यौद्धिक गतिविधियों के दौरान मिग गैम चैंजर सिद्ध हुआ है। यही कारण है कि मिग को रिटायरमेंट की गौरवपूर्ण विदाई दी गई। अब भारतीय वायु सेना में स्वदेशी फाइटर तेजस मिग का स्थान लेगा।*

## टाइगर ऑफ स्काई की गौरवपूर्ण विदाई

**(डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा)**

मिग-21 सुपर सोनिक फाइटर विमान का निर्माण सोवियत रुस द्वारा 1950 के दशक के दौरान आरंभ किया और मिग की पहली उड़ान 1955 में हुई। 1962 के युद्ध के अनुभवों के कारण भारत को अपनी वायुसेना को मजबूत बनाने की आवश्यकता महसूस हुई। चण्डीगढ़ के एयरबेस से मिग-21 की आखरी उड़ान के साथ मिग की विदाई केवल एक सुपरसोनिक फाइटर की विदाई नहीं है अपितु भारतीय वायु सेना के फाइटर बेडे से मिग की गौरवशाली अतीत की विदाई है। अपनी गति, शक्ति और मारक क्षमता के कारण नाम से ही दुश्मनों में दहसत बनाने वाले मिग-21 अपनी यात्रा के 62 वर्ष पूरे कर विदा हो रहा है। 1962 के युद्ध के कटु अनुभवों के बाद भारत ने अन्य विकल्प होते हुए भी सोवियत रुस के मिग-21 को प्राथमिकता दी। 1963 में चण्डीगढ़ में ही मिग ने भारतीय वायु सेना में प्रवेश किया और 26 सितंबर, 2025 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व सेनाप्रमुखों के बीच औपचारिक विदाई ली है। स्क्वाड्रनलीडर प्रिया सिंह ने अंतिम उड़ान भर कर मिग-21 को शानदार-यादगार विदाई दी। मिग-21 का 1965, 1971, करगिल, बालाकोट और ऑपरेशन सिन्दूर तक गौरवशाली इतिहास रहा है। हालांकि मिग-21 के उड़ान के दौरान हुई दुर्घटनाओं ने इसे उड़ता ताबूत ही नहीं विडो मेकर तक कहा जाने लगा। दरअसल पाकिस्तान से युद्ध के दौरान अमेरिका के एफ-16 युद्धक विमान को गिरा कर सारी दुनिया को इसने आश्चर्य में ड़ाल दिया था। 1971 में ढ़ाका में गर्वनर हाउस पर बमबारी कर अपनी मारका क्षमता का लोहा मनवा चुका है। भारतीय वायु सेना में 800 से अधिक मिग का बेड़ा रहा है। इनमें से करीब 400 मिग के दुर्घटनाग्रस्त होने और करीब 200 पायलट और 50 नागरिकों की मौत के कारण गति, शक्ति और रफ्तार के बावजूद मिग-21 को उड़ता ताबूत कहा जाने लगा। यह दूसरी बात है कि कुछ दुर्घटनाएं मानवीय भूल के कारण हुई तो कुछ अन्य कारणों से। मिग-21 सुपर सोनिक फाइटर विमान का निर्माण सोवियत रुस द्वारा 1950 के दशक के दौरान आरंभ किया और मिग की पहली उड़ान 1955 में हुई। 1962 के युद्ध के अनुभवों के कारण भारत को अपनी वायुसेना को मजबूत बनाने की आवश्यकता महसूस हुई। अमेरिका द्वारा पाकिस्तान को एफ-16 विमानों की आपूर्ति के कारण भारत को भी अपनी वायुसेना को वेल इक्विप्ड करने की आवश्यकता महसूस हुई और अमेरिका सहित अन्य देषों के फाइटर विमानों के विकल्प होने के बावजूद भारत ने सोवियत रुस के मिग फाइटर विमान खरीदने को पाथमिकता दी। हालांकि 1965 के युद्ध में मिग का सीमित योगदान रहा पर 1971 के युद्ध की तो भाषा ही मिग फाइटर ने बदल कर रख दी। अमेरिका के एफ-16 विमानों को मारगिराकर मिग विमानों ने ना केवल अपनी मारक क्षमता का प्रदर्शन किया अपितु दुनिया के देशों को दांतों तले अंगुली दबाने को मजबूर कर दिया। हालिया ऑपरेशन सिन्दुर में भी मिग विमानों ने महत्वूपर्ण भूमिका निभाई है। मिग-21 अपनी उड़ान क्षमता, तेजी से आकाश में उंचाई पर जाने, ध्वनी से भी तेज गति से उड़ाने भरने और निशाने पर निशाना साधनें में सफल रहा है। दुश्मन देश तो मिग के नाम से दहशत खाने लगे थे। मिग-21 छोटे रनवे, कठिन हालातों में भी उड़ान भरने में सक्षम रहा है। अचानक हमले के हालातों में भी यह भरोसेमंद रहा है। सूई की नोक जैसे इस विमान में तापमान की समस्या के बावजूद इस विमान की उड़ान भरने में वायुसेना फाइटर गौरव महसूस करते रहे हैं। 2021 के बालाकोट के दौरान भी इसने अपने शौर्य का प्रदर्शन किया। इसमें कोई दो राय नहीं कि दुनिया के 60 से अधिक देशों में मिग ने अपने पराक्रम को दिखाया पर मिग के निर्माता सोवियत रुस से ही मिग की विदाई सबसे पहले आरंभ हुई। रशिया ने 1990 से ही मिग की विदाई आरंभ कर दी। चीन, पौलेण्ड, बुल्गारिया, रोमानिया, चेकस्लोवाकिया, क्रोएशिया, हंगरी आदि इसे विदाई दे चुके हैं। हालांकि सीरिया, उत्तर कोरिया औद अफ्रिकी देशों में मिग सेना के हिस्से बने हुए हैं। भारत में मिग का लंबे समय का कार्यकाल रहा है। फ्लाइंग काफिन जैसे नाम से बदनामी के बावजूद अपग्रेडेड मिग का भारतीय सेना में उपयोग होता रहा। निशाने पर लक्ष्य को साधने में सक्षम होने के बावजूद जिस तरह से इसके क्रेस होने की गति रही है उससे यह बदनामी का भी प्रमुख कारण रहा है। और यही कारण है कि मिग-21 की गौरवपूर्ण प्रदर्शन के बावजूद अंततोगत्वा 62 साल की लंबी यात्रा के बाद इसे सम्मानपूर्वक विदाई दी गई है। देखा जाएं तो मिग ने भारतीय सेना में अपनी गौरवपूर्ण सेवाएं दी और भारतीय सैनिकों ने युद्ध के दौरान इसका जिस तरह से उपयोग किया वह भारतीय सेना के गौरव को बढ़ाने वाला रहा। यही कारण है कि मिग को गौरवपूर्ण समारोह में विदाई दी गई। जहां से इसकी शुरुआत हुई वहीं से इसको विदाई दी गई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विदाई समारोह में कहा कि भारतीय वायु सेना के इतिहास में मिग की सेवाओं को स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। मिग को भारत और रुस के बीच संबंधों से भी जोड़ के देखा जाता रहा है। खासबात यह कि उड़ता ताबूत कहलाने के बावजूद भारतीय वायु सेना में मिग ने 60 वर्ष से भी अधिक समय तक अपने सामर्थ्य से देश के जरुरत के समय अपेक्षाओं पर खरा उतरा। युद्ध या यौद्धिक गतिविधियों के दौरान मिग गैम चैंजर सिद्ध हुआ है। यही कारण है कि मिग को रिटायरमेंट की गौरवपूर्ण विदाई दी गई। अब भारतीय वायु सेना में स्वदेशी फाइटर तेजस मिग का स्थान लेगा। सुखाई, राफेल और तेजस आदि की उपस्थिति से आज भारत की वायुसेना दुनिया की सबसे सक्षम और ताकतवर सेनाओं में से एक है।

### वादाखिलाफी के खिलाफ फूटा गुस्सा

लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा देने की मांग को लेकर 1980 के दशक के उत्तरार्ध में एक बहुत बड़ा जन-आंदोलन शुरू हुआ। अगस्त 2019 में संसद ने एक पुनर्गठन अधिनियम पारित कर 31 अक्तूबर, 2019 से लद्दाख को जम्मू-कश्मीर से अलग एक केंद्र शासित प्रदेश के रूप में पुनर्गठित कर दिया। साथ ही केंद्र सरकार ने वहां के लोगों को आगे बढ़ने के सब्जबाग भी दिखाए। इससे वहां के लोगों की आकांक्षाएं बलवती हो गईं कि वे जल्द से जल्द पूर्ण राज्य बनेंगे।इन्हीं आकांक्षाओं को हकीकत में बदलने के लिए लद्दाख के लोग पिछले पांच साल से पूर्ण राज्य का दर्जा पाने का आंदोलन चला रहे हैं। उनकी मांग है कि कारगिल और लेह को अलग-अलग लोकसभा सीट बनाया जाए, सरकारी नौकरियों में स्थानीय लोगों की भर्ती हो। आंदोलनकारी लद्दाख में छठी अनुसूची लागू करने की भी मांग कर रहे हैं। इसी के साथ लद्दाख में विधानसभा के गठन की भी मांग हो रही है। वहां के लोग सरकार से ठोस आश्वासन चाहते हैं। इसीलिए, वहां के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की अध्यक्षता में 35 दिनों का अनशन फिर शुरू किया गया था। इस अनशन को देखते हुए केंद्र और लद्दाख के प्रतिनिधियों के बीच 6 अक्तूबर को बातचीत का एक नया दौर निर्धारित किया गया था। इससे पहले 26 सितंबर को बातचीत होनी थी।

## मिग-21 विमान को मिल गया विराम

**(बी के मुरली, एयर वाइस मार्शल (रिटायर्ड)**

भारतीय वायु सेना का मिग-21 लड़ाकू विमान आज (26 सितंबर) अपनी आखिरी उड़ान भरने जा रहा है। अब यह हमारे सुरक्षा बेड़े का नहीं, संग्रहालय का हिस्सा होगा। मेरे लिए यह भावुक कर देने वाला पल है, क्योंकि वर्ष 1975 में जब मैं भारतीय वायु सेना में शामिल हुआ था, तब मुझे सबसे पहले मिग-21 स्क्वाड्रन में ही भेजा गया था। 'स्क्वाड्रन' से जो परिचित नहीं हैं, उन्हें बता दूं कि एक स्क्वाड्रन 18 विमानों से तैयार होता है, जिनमें से 16 फाइटर और दो अभ्यास कराने वाले विमान होते हैं। मुझे वह दिन आज भी याद है। एक अलग ही उत्साह था हममें। यह देश का पहला सुपरसोनिक विमान था, इसलिए इसकी मांग काफी ज्यादा थी। 'इंटरसेप्शन' में इसका इस्तेमाल होता था, यानी हवाई मार्ग से कोई हमारी सीमा में घुसने की कोशिश करता, तो उसे मार गिराने की महती जिम्मेदारी इसके कंधों पर थी। मगर इस विमान के आकर्षण की एक बड़ी वजह इसकी गति थी। यह 300 किलोमीटर से भी अधिक की रफ्तार से रनवे पर उतरता, जो उस समय सर्वाधिक मानी जाती थी। इसी कारण उन पायलटों को ही इसकी जिम्मेदारी सौंपी जाती, जिनमें कौशल होता था। यह धारणा आज भी कायम है कि जिसने मिग-21 उड़ा लिए, वह देश का बेहतरीन पायलट है। इसे रूस से लाया गया था। मार्च-अप्रैल, 1963 में सबसे पहले चंडीगढ़ में इसे उतारा गया। दिलचस्प है कि आज इसकी आधिकारिक विदाई भी वहीं से हो रही है। हमारे सुरक्षा बेड़े का यह कितना अहम हिस्सा था, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 1965 से लेकर 1999 के कारगिल युद्ध और हाल-फिलहाल ऑपरेशन सिंदूर तक यह हमारी सुरक्षा पंक्ति में सबसे आगे रहा। बालाकोट हमले के बाद जब दुश्मन देश का एफ-16 विमान हमारी सीमा में घुस आया था, तो विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान ने उसे मिग-21 बाइसन से ही मार गिराया था। मिग-21 को एक अन्य भूमिका के लिए भी याद रखा जाएगा। दरअसल, हमारे बेड़े में 874 मिग-21 विमान हैं, जिनमें से 660 हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के नासिक और कोरापुट केंद्र में तैयार किए गए हैं। इसके कारण वहां हजारों एयरोनॉटिकल इंजीनियरों को रोजगार मिला। इसके कल-पुर्जों के छोटे-छोटे उद्योग विकसित हुए। कहना गलत नहीं होगा कि भारतीय विमानन क्षेत्र को इसने नई उड़ान दी है। भारत में इस विमान की कई श्रेणियां विकसित की गईं, जिनमें सबसे आधुनिक 'बाइसन' है। विश्व के 60 से ज्यादा देश इसका इस्तेमाल कर चुके हैं, जिनमें सिर्फ भारत अब तक इसकी सेवाएं ले रहा था। आंकड़े बताते हैं, रूस ने 11,000 से अधिक मिग-21 विमान बनाए, जिस कारण विश्व में सबसे अधिक उत्पादित होने वाले विमान का खिताब इसे ही हासिल है। हालांकि, 1963 में इसके आगमन के साथ ही दुर्घटनाएं भी शुरू हो गई थीं। उसी साल हमने दो विमान गंवाए थे, जिसके बाद हरेक वर्ष एक या दो जहाज हादसों के शिकार होते गए। अब तक 400 से अधिक मिग-21 विमान दुर्घटना के शिकार हुए हैं, जिनमें हमने 170 होनहार पायलट खो दिए। इन हादसों में 40 आम नागरिकों की भी जान गई है। इन सबके कारण इसको 'उड़ता ताबूत' कहा जाने लगा था। मैंने अपने दो करीबी मित्रों को दो अलग-अलग मिग-21 हादसों में खो दिया। उनकी यादें मुझे आज भी परेशान करती हैं। वे दोनों दुर्घटनाएं एक ही साल में हुई थीं।

### सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5868

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | 1 | | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | | 1 | | |
| 1 | 6 | 3 | 9 | | | | | 8 |
| | 3 | | | | | 2 | | |
| | 5 | | 7 | | 2 | | 1 | |
| | | 6 | | | | | 3 | |
| 6 | | | | | 5 | 8 | 9 | 2 |
| | | 5 | | 2 | | | 6 | |
| 9 | | | | 8 | | | 4 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5867

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 7 | 3 | 4 | 8 | 2 | 1 | 5 | 6 | 9 |
| 2 | 8 | 1 | 6 | 9 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 8 | 1 | 2 | 5 | 3 | 9 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 6 | 7 | 2 | 1 | 8 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 5 | 9 | 7 | 6 | 4 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 3 | 9 | 4 | 2 | 6 | 8 | 5 |
| 9 | 2 | 8 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 |
| 5 | 4 | 6 | 3 | 8 | 7 | 1 | 9 | 2 |

## आज का राशिफल

### मेष

रविवार के दिन मंगल की सौम्य ग्रहों संग संगति आपके लिए शुभ रहने वाली है। आज आपको अपने जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। शाम के समय किसी अटके हुए कार्य के पूरा होने की संभावना नजर आ रही है। हालांकि, पंचम भाव के दूषित होने के कारण आपको संतान पक्ष से कोई निराशाजनक समाचार मिल सकता है। वहीं, रात का समय अच्छा बीतने वाला है।

### वृष

वृष राशि के जातकों का दिन संतोष और शांति से बीतने वाला है। आपके द्वारा राजनीति क्षेत्र में किए गए प्रयासों से सफलता मिलेगा। शासन व सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है। नए अनुबंध आपके लिए फायदेमंद साबित होंगे। इससे आपके पद और प्रतिष्ठा में वृद्धि होती दिख रही है। लेकिन रात के समय कुछ अप्रिय व्यक्तियों से मुलाकात हो सकती है।

### मिथुन

मिथुन राशि वालों का दिन मिलाजुला रहने वाला है। आपके स्वामी ग्रह की व्यग्रता के कारण आपको परेशानी झेलनी पड़ सकती है। इसकी वजह से किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी का भय बना रहेगा। वहीं, संतान की सफलता की सूचना से आपका मन प्रसन्न होगा।

### तुला

तुला राशि के जातकों के लिए रविवार का दिन शुभ रहने वाला है। आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण बना रहेगा।। परिवार में सभी सदस्यों का दिन प्रसन्नता के साथ बीतेगा। लेन-देन से जुड़ी कोई बड़ी परेशानी हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन की पर्याप्त प्राप्ति से आपका मन प्रसन्न हो जाएगा।

### वृश्चिक

वृश्चिक राशि में शनि के प्रभाव से कुछ आंतरिक विकार हो सकते हैं। वायु, मूत्र या रक्त संबंधी परेशानियां उभर सकती हैं। आज के दिन अपने स्वास्थ्य की जांच कराए और अच्छे डॉक्टर से उचित चिकित्सा सलाह लें। इसके कारण आपको अधिक चलना-फिरना पड़ सकता है, जिससे थकान रहेगी। माता-पिता के स्वास्थ्य का आपको विशेष ध्यान रखना होगा।

### धनु

धनु राशि वालों के विरोधी भी आपकी प्रशंसा करते नहीं थकेंगे। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगा और नए अवसर प्राप्त होंगे। सत्ता पक्ष के साथ संबंधों का आपको लाभ मिलेगा। वहीं, ससुराल पक्ष से भी आपको शुभ समाचार मिल सकता है। वहां से धन प्राप्ति होती हुई दिख रही है। शाम के समय से लेकर रात्रि तक सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

### कर्क

चंद्रमा षष्ठम भाव में है, जो कर्क राशि के जातकों के लिए उत्तम संपत्ति का संकेत दे रहा है। इसके फलस्वरूप आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी और मान सम्मान में वृद्धि होगी। संतान से जुड़े कुछ दायित्व को पूरा करने का आपको समय मिलेगा। किसी यात्रा पर जाने का संयोग बन रहा है, जो आपके लिए लाभदायक रहेगा। शाम से लेकर रात कर प्रियजनों से भेंट होगी।

### सिंह

सूर्य के कन्या राशि में आने से सिंह राशि वालों से सितारे चमकेंगे। आपकी आमदनी के नए स्रोत खुलेंगे। वाणी की मधुरता आपको कार्यक्षेत्र में सम्मान दिलाएगी। शिक्षा और प्रतियोगिता में आपको विशेष सफलता मिलने की संभावना है। सूर्य की स्थिति के कारण आपको आद के दिन अधिक भागदौड़ करनी पड़ सकती है। आंखों से संबंधित कोई परेशानी हो सकती है।

### कन्या

बुध की प्रथम भाव में स्थिति कन्या राशि के जातकों के पराक्रम को बढ़ाएगी। व्यापार और रोजगार से संबंधित प्रयास में आपको जबरदस्त सफलता प्राप्त होगी। वहीं, संतान पक्ष से भी शुभ समाचार प्राप्त होता दिख रहा है। लंबे समय से चल रहे किसी कानूनी विवाद में जीत मिलने की संभावना भी बन रही है।

### मकर

मकर राशि वालों को आज पारिवारिक और आर्थिक मामलों में सफलता प्राप्त होगी। आजीविका के क्षेत्र में किए गए आपके नए प्रयास सफल होंगे। कार्यक्षेत्र में मान सम्मान बढ़ेगा और कर्मचारियों का सहयोग प्राप्त होगा। शाम के समय आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है। ऐसे में बेवजह के किसी विवाद या झगड़े में न पड़ें। रात के समय परिजनों से मुलाकात हो सकती है।

### कुंभ

दांपत्य जीवन की बात करें तो लंबे समय से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो सकता है, जिससे आपसी संबंधों में मधुरता आएगी। बहनोई या साले से लेन-देन आपके रिश्तों को खराब कर सकता है। धार्मिक यात्रा का अवसर मिलेगा। पुण्य कार्यों पर कुछ खर्च भी हो सकता है। किसी यात्रा में जाते समय अतिरिक्त सावधान बरतें। बृहस्पति के त्रिकोण योग के कारण कोई मूल्यवान वस्तुओं के चोरी होने की संभावना बन रही है।

### मीन

स्वास्थ्य के लिहाज से कुंभ राशि के जातकों का दिन थोड़ा परेशान करने वाला हो सकता है। राशि स्वामी शनि के उदय होने से विवाद और अकारण शत्रुता संभव है। आपको आज थोड़ी अधिक सावधानी से काम लेना होगा। अपनी बुद्धि से भी किए कार्यों में भी आपको नुकसान हो सकता है। अचानक किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आज आपको झगड़ों और विवादों से बचकर रहना होगा।

### वर्ग पहेली 5868

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | ■ | 4 | 5 |
| 6 | | ■ | | ■ | 7 | | |
| 8 | | | ■ | 9 | | | ■ |
| | ■ | ■ | 10 | | ■ | 11 | 12 |
| ■ | 13 | 14 | | ■ | 15 | | |
| 16 | ■ | 17 | | | ■ | ■ | |
| 18 | | | | ■ | 19 | 20 | |
| | ■ | 21 | | | ■ | 22 | |

संकेतः बाएं से दाएं
1. 1876 को इस रचेता ने बंगाल के कांतल पाड़ा नामक गांव में वंदेमातरम् गीत की रचना की थी (सिर्फ नाम)(5)
4. यह मध्यप्रशांत महासागर में एक छोटा सा द्वीप है जिसकी राजधानी यारेन है (2)
6. इस्लाम धर्म को यह भी कहते है, दयनीय, निर्धन (2)
7. प्रकार, जेवर, गहना (3)
8. एक बहुलद्वीपीय राज्य इंडोनेशिया की राजधानी (3)
9. जून 1990 में यह देश सोवियत सेना से स्वतंत्र हो गया इसकी राजधानी बुडापेस्ट है (3)
10. दो अंक की सबसे छोटी संख्या (2)
11. राष्ट्र देश, मुल्क (3)
13. खोजबीन, ढुंढ-ढांढ (3)
15. आश्रय, शरण-छत्रछाया (3)
17. माता का वह दुलार जो उसकी संतान पर होता है (3)
18. दीर्घकाल, सुदुर भूतकाल (4)
19. आखेट, मिथुन चक्रवर्ती अभिनीत पहली फिल्म (1976) (3)
21. नूतन, नया, नवीन (3)
22. धन-संपत्ति, स्वर्ण (2)

(ऊपर से नीचे
1. विजित दास, अवबोधक स्वस्तिकार (4)
2. अन्न का टूटा हुआ दाना, कणी (3)
3. नेत्र, आंख, नयन (2)
4. नियुक्त करना, पदस्थ करना, भर्ती करना (5)
5. कमरा को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
7. रक्तवाहिनी नलिका, नस (2)
9. एक प्रकार का जलपक्षी (2)
10. गणित में इकाई का कम से कम मान (5)
12. प्रसिद्ध शायर अखलाक मुहम्मद खान का तखल्लुस या उपनाम (निधन 2012)(5)
14. आवासहीन, बेघरबार, आश्रयहीन (4)
16. हिंदी व बांग्ला फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री (3)
20. हाथी, लंबाई की एक प्राचीन नाम (2)

### वर्ग पहेली 5867 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मे | रि | का | ■ | सं | ता | न |
| मा | ल | वा | ■ | न | वा | ज | ■ |
| व | ■ | ज | हां | गी | र | ■ | अ |
| स्या | ह | ■ | ■ | ना | ना | रू | प |
| ■ | की | क | ट | ■ | ■ | प | ना |
| ■ | क | न | क | ■ | म | ही | प |
| जा | त | ■ | ■ | ■ | म | न | न |
| मा | न | ■ | ज | न | ता | ■ | ■ |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# अर्शदीप बने टी20 में सबसे तेज 100 विकेट लेने वाले गेंदबाज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अर्शदीप सिंह ने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने ओमान के विनायक शुक्ला को आउट करके यह उपलब्धि हासिल की। मात्र तीन वर्षों में 100 विकेट हासिल करना भारत के लिए एक तेज गेंदबाज के रूप में उनके कौशल और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है।

अर्शदीप टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज 100 विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के हारिस रऊफ का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया। अर्शदीप ने यह कारनामा 64 मैचों में किया, जबकि रऊफ को 71 मैचों में यह कारनामा करना पड़ा था। यह अर्शदीप की निरंतरता और भारत के लिए नियमित रूप से विकेट लेने की क्षमता को दर्शाता है।

**शीर्ष तेज गेंदबाजों को अर्शदीप ने पीछे छोड़ा:** अर्शदीप ने सबसे कम समय में 100 विकेट पूरे करने के मामले में शाहीन अफरीदी, लसिथ मलिंगा, मुस्तफिज़ुर रहमान, टिम साउथी और क्रिस जॉर्डन जैसे कई मशहूर गेंदबाजों को पीछे छोड़ दिया। इससे पता चलता है कि अब वह दुनिया भर के टी20 क्रिकेट के शीर्ष तेज गेंदबाजों में से एक हैं।

### अन्य तेज गेंदबाजों से तुलना

पूर्ण सदस्य टीमों के गेंदबाजों में केवल राशिद खान और वानिंदु हसरंगा ने ही अर्शदीप से कम मैच खेलकर 100 विकेट पूरे किए। राशिद ने 53 मैचों में और हसरंगा ने 63 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की। इस तरह अर्शदीप दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ टी20 गेंदबाजों से पीछे रह गए।

### भारतीय गेंदबाज 100 विकेट के करीब

अर्शदीप के बाद हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह 100 विकेट के करीब हैं। पांड्या के नाम 96 और बुमराह के नाम 92 विकेट हैं। इन दोनों प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के पास जल्द ही अर्शदीप के साथ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बनने का मौका है। गौर है कि वर्तमान में अर्शदीप सिंह 100 विकेट लेकर किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा सबसे अधिक टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने का रिकॉर्ड रखते हैं। तेज गेंदबाजी में उनकी सफलता भारत की टी20 टीम के लिए एक उज्ज्वल बिंदु है, जो एशिया कप 2025 के निकट आते ही भारतीय क्रिकेट में नई प्रतिभाओं के उदय को दर्शाता है।



### उम्र का असर नहीं!

# आमिर कलीम ने एशिया कप में रच दिया इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप 2025 में शुक्रवार को भारत के खिलाफ ओमान के सलामी बल्लेबाज आमिर कलीम ने अर्धशतकीय पारी खेली। आमिर ने यह कारनामा 43 साल 303 दिन की उम्र में किया। इसी के साथ वह टी20 फॉर्मेट के एशिया कप में अर्धशतक जड़ने वाले सबसे उम्रदराज बल्लेबाज बन गए। आमिर कलीम ने मोहम्मद नबी को इस मामले में पछाड़ा है, जिन्होंने एक दिन पहले ही श्रीलंका के विरुद्ध 22 गेंदों में 60 रन बनाए थे। अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी ने 40 साल 260 दिन की उम्र में आबू धाबी में यह पारी खेली। इस लिस्ट में तीसरे पायदान पर श्रीलंका के तिलकरत्ने दिलशान हैं, जिन्होंने साल 2016 में पाकिस्तान के खिलाफ मीरपुर में नाबाद 75 रन की पारी खेली थी। उस समय दिलशान 39 साल और 142 दिन के थे। आबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी चुनते हुए 8 विकेट खोकर 188 रन बनाए। टीम इंडिया के लिए संजू सैमसन ने 45 गेंदों में 3 छक्कों और 3 चौकों के साथ 56 रन की पारी खेली। उनके अलावा अभिषेक शर्मा ने 15 गेंदों में 38 रन बनाए। वहीं, तिलक वर्मा ने टीम के खाते में 29 रन का योगदान दिया। ओमान की तरफ से शाह फैसल, जितेन रामानंदी और आमिर कलीम ने 2-2 विकेट हासिल किए। इसके जवाब में ओमान की टीम निर्धारित ओवरों में 4 विकेट खोकर सिर्फ 167 रन ही बना सकी। टीम के लिए आमिर कलीम ने 46 गेंदों में 2 छक्कों और 7 चौकों की मदद से 64 रन बनाए। उनके अलावा हम्माद मिर्जा ने 33 गेंदों में 51 रन की पारी खेली। भारत की तरफ से हार्दिक पांड्या, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और कुलदीप यादव ने 1-1 शिकार किया। ग्रुप-ए से भारत और पाकिस्तान की टीम ने सुपर-4 के लिए क्वालीफाई किया है, जबकि ग्रुप-बी से श्रीलंका और बांग्लादेश ने अगले दौर का टिकट हासिल किया।

### वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंम्पियनशिपः

# गुलवीर और अन्नू रानी का निराशाजनक प्रदर्शन, फाइनल में नहीं बना सके जगह



**टोक्यो, एजेंसी।** गुलवीर पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में और अन्नू रानी महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालिफाई करने में नाकाम रहीं। गुलवीर पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ की दूसरी हीट में 13 मिनट 42.34 सेकेंड के समय से नौवें स्थान पर रहे जो इस सत्र का उनका सबसे खराब समय था।

राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी गुलवीर सिंह और अन्नू रानी ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में निराशाजनक प्रदर्शन किया जिस कारण वह अपनी-अपनी स्पर्धा के फाइनल में जगह नहीं बना सके। गुलवीर पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में और अन्नू रानी महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालिफाई करने में नाकाम रहीं। गुलवीर पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ की दूसरी हीट में 13 मिनट 42.34 सेकेंड के समय से नौवें स्थान पर रहे जो इस सत्र का उनका सबसे खराब समय था और उनके राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय 12-59.77 से भी कम था। हालांकि वह मामूली अंतर से फाइनल से चूक गए क्योंकि दोनों हीट में शीर्ष आठ आठ खिलाड़ी ही पदक दौर में पहुंच पाए। वह कुल 39 प्रतिस्पर्धी खिलाड़ियों में 27वें स्थान पर रहे।

गुलवीर 14 सितंबर को 10000 मीटर दौड़ में 16वें स्थान पर रहे थे। वहीं अपनी पांचवीं विश्व चैंपियनशिप में भाग ले रही 33 वर्षीय रानी क्वालीफिकेशन दौर में ग्रुप ए में 55.18 मीटर के थ्रो से 15वें स्थान पर रहीं। वह 36 खिलाड़ियों में से 29वें स्थान पर रहीं। 2024 में औसत प्रदर्शन के बाद, रानी इस साल 62.59 मीटर के अपने सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ कुछ हद तक अपनी लय वापस पा चुकी थीं। लेकिन, शुक्रवार को उन्होंने सत्र का अपना सबसे खराब प्रदर्शन भी किया। उन्होंने इससे पहले 2017, 2019, 2022 और 2023 में विश्व चैंपियनशिप में भाग लिया था।



# सुनील गावस्कर ने ओमान के खिलाफ बल्लेबाजी न करने पर सूर्यकुमार की तारीफ की, बेटे रोहन असहमत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव के शुक्रवार (19 सितंबर) को अबूधाबी में ओमान के खिलाफ भारत के अंतिम लीग चरण के मैच में बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरने के बाद विशेषज्ञों और सोशल मीडिया पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। एशिया कप 2025 के सुपर 4 चरण के लिए आसानी से क्वालिफाई करने के बाद भारत ने निचले क्रम के खिलाड़ियों को खेलने का मौका देने के लिए अपने बल्लेबाजी क्रम में रोटेट करने का विकल्प चुना और सूर्यकुमार 8 विकेट गिरने के बाद भी बल्लेबाजी के लिए नहीं आए। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 188 रन बनाए। लिटिल मास्टर सुनील गावस्कर ने सूर्यकुमार के इस अपरंपरागत कदम की तारीफ की। हालांकि, उनके बेटे रोहन गावस्कर को सूर्यकुमार का कदम अच्छा नहीं लगा। गावस्कर ने सोनी स्पोर्ट्स पर पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज इरफान पठान के साथ बातचीत में कहा, अगर वह एक ओवर भी बल्लेबाजी करते, तो कुछ चौके-छक्के लगा सकते थे और यह उनके लिए अच्छा होता।

# अक्षर पटेल के पाकिस्तान मैच में खेलने पर संशय

### ओमान के खिलाफ मैच में चोटिल हो गए थे, सिर-गर्दन में चोट लगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अबू धाबी में ओमान के खिलाफ ग्रुप ए के मैच के दौरान भारतीय ऑलराउंडर अक्षर पटेल के सिर और गर्दन में चोट लगी। रविवार को दुबई में होने वाले पाकिस्तान के खिलाफ सुपर-फोर मैच में उनके खेलने पर संशय है।

यह हादसा ओमान की पारी के 15वें ओवर में हुआ,जब हामिद मिर्जा का ऊंचा शॉट रोकने के लिए अक्षर पटेल मिड-ऑफ से दौड़कर आए। कैच लेने की कोशिश में गेंद उनके हाथ से छूट गई और संतुलन बिगड़ने पर वह जमीन पर गिर गए। जिससे उनके सिर और गर्दन के हिस्से में चोट लगी। चोट लगने के बाद वह दर्द में दिखे और



फिजियो के साथ मैदान से बाहर चले गए। इसके बाद वह ओमान की पारी के बाकी हिस्से में मैदान पर नहीं लौटे। अक्षर ने 26 रन बनाए और एक ओवर गेंदबाजी की अक्षर ने इस मैच में केवल एक ओवर गेंदबाजी की, जिसमें उन्होंने चार रन दिए। भारत ने इस मैच में आठ गेंदबाजों का उपयोग किया और 21 रनों से जीत हासिल की।

बल्लेबाजी में अक्षर ने नंबर 5 पर आकर 13 गेंदों में 26 रनों की तेज पारी खेली। उन्होंने संजू सैमसन (56 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 45 रनों की ताबड़तोड़ साझेदारी की, जिससे भारत 8 विकेट पर 188 रन बनाने में सफल रहा।

# अगर आपको 20 विकेट लेने हैं तो इस खिलाड़ी को टेस्ट टीम का हिस्सा होना चाहिएः अनिल कुंबले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनुभवी स्पिनर अनिल कुंबले ने बाएं हाथ के गेंदबाज कुलदीप यादव को टेस्ट टीम में शामिल करने की वकालत की है, जो अपने साथ एक एक्स-फैक्टर लेकर आते हैं जो भारत को 20 विकेट लेने के एक कदम और करीब ले जाता है। कुलदीप इस साल की शुरुआत में भारत के इंग्लैंड दौरे के दौरान पूरी तरह से बाहर रहे। यह उनकी फॉर्म या उनके कौशल की कमी की बात नहीं थी; टीम संयोजन और बल्लेबाजी में गहराई की चाह ने उनके लिए कोई जगह नहीं छोड़ी। कुंबले ने कहा, मुझे लगता है कि अगर आपको 20 विकेट लेने हैं तो कुलदीप यादव को टेस्ट मैच क्रिकेट का हिस्सा होना चाहिए। हां, रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल हैं। लेकिन मुझे लगता है कि कुलदीप का एक्स-फैक्टर यह है कि उन्हें चुनना आसान नहीं है और हमने यह देखा है।



उन्होंने कहा, मैं कुलदीप को प्लेइंग इलेवन में लिस्टेड स्पिनर के तौर पर नंबर एक स्पिनर के रूप में देखना चाहूंगा। और फिर उसके बाद आप जो भी करना चाहें, ऑलराउंडर, तेज गेंदबाज और फिर बाकी खिलाड़ियों को चुनें।

# ताने सहे, लेकिन हार नहीं मानी... कहानी मीनाक्षी हुड्डा की, जो बनीं बॉक्सिंग में वर्ल्ड चैम्पियन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कभी उधार के बॉक्सिंग ग्लव्स पहनकर रिंग में दाखिल होने वाली मीनाक्षी हुड्डा आज वर्ल्ड चैम्पियन बन चुकी हैं. ऑटो ड्राइवर की बेटी मीनाक्षी के घर में टीवी तक नहीं था. लेकिन उन्होंने गरीबी, सामाजिक तानों और हर दबाव को झेलते हुए हुए करियर में नया मुकाम हासिल किया है. 24 साल की मीनाक्षी ने भारत के लिए वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में गोल्ड मेडल जीता. इंग्लैंड के लिवरपूल में हुई इस चैम्पियशिप में भारत की बॉक्सिंग टीम ने कुल चार पदक जीते. इसमें दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य शामिल रहे. लेकिन सबसे ज्यादा चमक मीनाक्षी हुड्डा (48 किग्रा) और जैस्मिन लेंबोरिया (57 किग्रा) के स्वर्ण पदकों ने बिखेरी. मीनाक्षी ने पेरिस 2024 ओलंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट कजाखस्तान की नाजिम काइजेबे को 4-1 से हराया. वहीं जैस्मिन लेंबोरिया ने पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता पोलैंड की जूलिया जेरेमेटा को 4-1 से धूल चटाई.

मीनाक्षी हुड्डा की इस जीत के पीछे संघर्ष की एक ऐसी दास्तां है, जो इसे और खास बना देती है. मीनाक्षी के पिता श्रीकृष्ण पिछले तीन दशकों से किराए का ऑटो चलाते आ रहे हैं. घर की आर्थिक हालत सही नहीं थी, लेकिन फिर भी उन्होंने बेटी के सपनों को टूटने नहीं दिया. पड़ोसियों ने यह कहकर हतोत्साहित किया कि चोट लग जाएगी और फिर शादी भी नहीं होगी, लेकिन पिता ने मीनाक्षी का साथ नहीं छोड़ा, भले ही कभी बेटी के लिए पिता को ग्लव्स तक उधार लेने पड़े हों.

**बॉक्सिंग का हब बना हरियाणा का रुड़की गांवः** मीनाक्षी हुड्डा हरियाणा के रुड़की गांव से ताल्लुक रखती हैं. लगभग सात हजार की आबादी वाला यह गांव रोहतक शहर से 15 किलोमीटर दूर है. इस गांव से मीनाक्षी के अलावा बॉक्सिंग में कुछ स्टार खिलाड़ी निकलकर सामने आई हैं, जिनमें शिक्षा नरवाल,



ज्योति और मोनिका भी शामिल हैं.मीनाक्षी ने वर्ल्ड चैम्पियन बनने के बाद स्पोर्ट्स टुडे से खास बातचीत की. इस दौरान उन्होंने अपनी बॉक्सिंग जर्नी को याद किया. मीनाक्षी ने कहा कि उन्हें पहले लोग ताने देते थे. कुछ लोग अब भी बोलेंगे, लेकिन समय के साथ-साथ लोगों का रुझान बॉक्सिंग के प्रति बढ़ा है. मीनाक्षी हुड्डा कहती हैं, मुझे बहुत ज्यादा खुशी हो रही थी, समझ ही नहीं आया कि क्या हो गया. सभी इतने खुश थे. सभी कोच भी काफी खुश थे और मुझे भी काफी खुशी हो रही थी. मैंने मम्मी को कॉल किया था. पापा के पास बड़ा फोन नहीं है, इसलिए मैं उन्हें कॉल नहीं कर सकती. उन्हें फोन चलाना नहीं आता.

मीनाक्षी हुड्डा ने आगे कहा, लोगों का काम बोलना होता है. अभी भी बोलेंगे, पहले भी बोलते थे. गांव के लोग खुली सोच वाले इंसान नहीं होते. शुरुआत में नहीं... लेकिन हमारे गांव के सीनियर्स शिक्षा नरवाल, ज्योति, मोनिका के मेडल आने शुरू हुए तो लोगों में थोड़ा रुझान हुआ. अब तो सभी बॉक्सिंग करने के लिए कहते हैं. 60 से 70 लड़कियां हमारे सेंटर में प्रैक्टिस करती हैं.

मीनाक्षी हुड्डा ने बताया, हमारा गांव अभी पूरा सपोर्ट करता है. हमारे गांव में जब बॉक्सिंग शुरू हुई, तो उस समय सभी बोलते थे. जब एक गांव से 50 लड़कियां आती हैं, तो माहौल बदलना तय है. सभी चाहते कि उनके बच्चे बॉक्सिंग करें. सभी ये चाहते हैं कि गांव का नाम रोशन हो, देश का नाम रोशन हो.

### मुझे खुद पर भरोसा थाः मीनाक्षी हुड्डा

मीनाक्षी हुड्डा ने वर्ल्ड चैम्पियनशिप को लेकर कहा, इतनी बड़ी प्रतियोगिता थी. मैं पहली बार जा रही थी, तो ये सोचा था कि वहां से कुछ अच्छा करके आना है. 15 दिन का हमारा ट्रेनिंग कैम्प था. ट्रेनिंग की और खुद पर भरोसा किया. कोच मुझे काफी मोटिवेट करते थे. कहते थे कि तुझे मौका मिला है तो अब खुद को साबित करके दिखाओ. लक्ष्य यही था कि गोल्ड लेकर आना है. मीनाक्षी हुड्डा ने अंत में कहा, फाइनल वाली बाउट मेरे लिए सबसे कठिन रही. क्वार्टर फाइनल वाली बाउट भी अहम थी, जहां इंग्लैंड की बॉक्सर थी. उसे होम क्राउड का सपोर्ट था. लेकिन मुझे भरोसा था कि उसे हरा दूंगी. 5-0 से वो बाउट जीती. फिर फाइनल में जीत हासिल की. मैं यही संदेश देना चाहती हूं कि कभी किसी को खुद से हार नहीं माननी चाहिए.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### मेंह पंचायत के मुखिया अन्नु यादव को मंत्री ने किया सम्मानित

**बारुण (का.सं.)।** बारुण प्रखंड के मेंह पंचायत के मुखिया अनु यादव को बेहतर कार्यों के लिए लघु जल संसाधन मंत्री सह औरंगाबाद के प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन ने सम्मानित किया है। यादव ने एक साधारण किसान परिवार से निकलकर जनता के बीच अपनी खास पहचान बनाते हुए आज जनता के चहेते नेता बन चुके हैं। साल 2021 में जब पंचायत की जनता ने उन्हें मुखिया चुनाव लड़ने की मांग की, तो पहली बार मैदान में उतरे और बड़ी जीत हासिल की। मुखिया बनने के बाद अन्नु यादव ने गरीबों और जरूरतमंदों की मदद में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हर साल सैकड़ों गरीब बेटियों की शादियां करवानी हो, या फिर बीमारों की मदद अन्नु यादव ने हर मौके पर इंसानियत का फर्ज निभाया। गरीबों की शादी, इलाज, पंचायत दरबार में सुलह कराने आदि कार्य अनु यादव की लोकप्रियता में सहायक हुए। जनता की समस्याओं का हल पंचायत के अंदर ही निकालना, जनता दरबार लगाकर विवाद सुलझाना और सरकारी व्यवस्था से बाहर रह गए कामों को पूरा करना, यह उनकी खास पहचान बने है। इन्हीं में से एक अंबा का छठ घाट भी है, जहां 50 से 60 लाख रुपए की लागत से अन्नु यादव ने निजी खर्च पर घाट का निर्माण कराया। इसके अलावा मेले और त्योहारों पर लाखों रुपए खर्च कर सजावट करवाना भी इनकी पहचान है।

### पत्नी ने कराया शराबी पति को गिरफ्तार

**रफीगंज (नि.सं.)।** रफीगंज के नइकी गांव मे राजू मेहता शराब के नशे में पत्नी की पिटाई कर दिया जिससे गुसाईं पत्नी ने अपने को बचाते हुए 112 पर पुलिस को कॉल किया और पति को गिरफ्तार करवा दिया। ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच मे अल्कोहल सेवन पुष्टि के बाद राजू मेहता को पुलिस ने अग्रेतर कार्रवाई के लिए औरंगाबाद न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि नशे की हालत में पत्नी की पिटाई कर रहा था। पत्नी के द्वारा फोन पर सूचना दी गई और गिरफ्तार कर उसे न्यायालय भेज दिया गया है।

### भव्य डांडिया महोत्सव का हुआ आयोजन

**रफीगंज (नि.सं.)।** शहर के आरबीआर विद्यालय के परिसर में डांडिया दीवाने द्वारा भव्य डांडिया का आयोजन किया गया। डॉ. शिशिर विश्वास कमिटी के अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। अध्यक्ष शुभम सिंह ने बताया कि डांडिया महोत्सव आरबीआर के खेल मैदान में आयोजित किया गया था। लेकिन मौसम को देखते हुए आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया। शहरी क्षेत्र एवं आसपास के लोगो ने डांडिया खेलकर महोत्सव का आनंद उठाया। उन्होने बताया कि पारंपरिक ड्रेस अनिवार्य था। नये फैशन में पुराने चीज को भूलते जा रहे हैं। छोटा कपड़ा पहनते से अच्छा संदेश नहीं जाता है। हमारा संस्कार मे युवतियां साड़ी और सूट पहने। कार्यक्रम में युवक धोती कुर्ता और कुर्ता पजामा में पहुंचे थे। अपनी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए इस तरह का कार्यक्रम आयोजित की गयी। कार्यक्रम में सर्किल इंस्पेक्टर रामजी प्रसाद, थानाध्यक्ष शम्भू कुमार, एसआई कुशो कुमार, ध्रुव कुमार, सुनील कुमार वर्मा, संतोष कुमार साहू, कमिटी के सदस्य सुमित शौंडिक, रोहित कुमार, हार्दिक सिंह, आलोक चौरसिया, अनूप कश्यप, राहुल कुमार, सनी कुमार, अंशु कुमार, अमन शौंडिक, शौमुख रिया शर्मा, विक्की कश्यप, अंकित कुमार, अभिषेक कुमार उर्फ छोटू, अभिषेक, गौतम, करण कुमार, प्रांशु सिंह, एनसीसी के कैडेट शामिल थे।

### चतरा सांसद का हुआ आगमन, ग्रामीणों ने किया गया स्वागत

**बारुण (नि.सं.)।** झारखंड के चतरा क्षेत्र से भाजपा सांसद कालीचरण सिंह ने रविवार को बारुण प्रखंड अंतर्गत ग्राम प्रीतमपुर का दौरा किया। वे यहां स्थानीय निवासी अमित कुमार के आवास पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों और नारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों ने सांसद द्वारा संसद में एनएच-139 सड़क को फोरलेन बनाने तथा वंदे भारत ट्रेन का ठहराव अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर सुनिश्चित कराने से संबंधित मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाए जाने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

**सड़क दुर्घटना »** दशहरा मनाने जा रहे परिवार पर टूटा कहर, नबीनगर के बक्तोवा गांव के थे निवासी

# ऑटो-ट्रक टक्कर में तीन की मौत, महिला गंभीर





**निज संवाददाता | नबीनगर**

नबीनगर प्रखंड क्षेत्र में सोमवार सुबह एक ऐसा भीषण हादसा हुआ जिसने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया। माझियांवा पंचायत के बक्तोवा गांव से मायके जा रही एक महिला, उसके भाई और दो मासूम बच्चों पर सड़क हादसे ने कहर बरपा दिया। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है।

### मायके जा रही थी बहन, बच्चों को था मेले का इंतजार

जानकारी के अनुसार, बक्तोवा निवासी बलवंत यादव की पत्नी सुनीता देवी दशहरा पर्व के मौके पर अपने मायके जाने के लिए घर से निकली थीं। उनके साथ भाई चितरंजन यादव (30), बेटी सोनाक्षी कुमारी (10) और बेटा आयुष कुमार (8) भी थे। बच्चे उत्साह से भरे हुए थे और अपने नाना-नानी के घर में दशहरा का मेला देखने के लिए बेताब थे। लेकिन यह सफर उनकी जिंदगी का आखिरी सफर साबित हुआ।

### तेज रफ्तार ने छीनी तीन जिंदगियां

घटना डेहरी–रोहतास राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुरानी पेट्रोल पंप के पास हुई। सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए। हादसे में चितरंजन यादव और दोनों मासूम बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, सुनीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों ने तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाया और बाद में बेहतर इलाज के लिए वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर किया गया।

### हादसे के बाद पसरा मातम

दुर्घटना की खबर मिलते ही बक्तोवा गांव में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बच्चों के नाना-नानी, जो उन्हें खुशी-खुशी देखने का इंतजार कर रहे थे, अचानक इस हादसे की खबर सुनकर बदहवास हो गए। पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया और हर कोई इस दर्दनाक घटना से स्तब्ध रह गया।

### मौके पर पहुंचे विधायक, दिलाया मदद का भरोसा

हादसे की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय विधायक विजय कुमार सिंह सासाराम सदर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। विधायक ने कहा कि "भगवान की मर्जी के आगे किसी की नहीं चलती, लेकिन इस कठिन समय में सरकार आपके साथ है।" साथ ही उन्होंने मृतक परिवारों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि दिलवाने का आश्वासन दिया।

### त्योहार की खुशियां बनी मातम

जहाँ बच्चों के चेहरे पर मेले की रौनक देखने की चाह थी, वहीं अब परिवार की गोद सूनी हो गई है। दशहरा जैसे पर्व के मौके पर खुशियों की जगह चीख-पुकार गूंज रही है। यह हादसा पूरे जिले के लिए एक दर्दनाक याद छोड़ गया है।

### दाउदनगर में तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को रौंदा, मौत

दाउदनगर बाजार स्थित एनएच-139 पर सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें 24 वर्षीय अभिषेक कुमार की मौत हो गई। मृतक अभिषेक कुमार अरवल जिले के कुदरासी गांव के रहने वाले थे। घटना एचडीएफसी बैंक के सामने हुई। जानकारी के अनुसार, अभिषेक कुछ दिन पहले नानी के घर गया था। सोमवार को वह ननिहाल से दाउदनगर बाजार गया था। घर लौटते समय तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गया। आसपास मौजूद लोगों ने अभिषेक को तुरंत ई-रिक्शा से अनुमंडलीय अस्पताल पहुँचाया, लेकिन डॉक्टरों ने पहुंचते ही उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने गाड़ी को जब्त कर लिया है और चालक की तलाश जारी है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है और मामले की छानबीन की जा रही है। मौत की खबर सुनते ही अभिषेक के घर में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्य अत्यंत दुखी हैं और रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने घटना पर नाराजगी जताई और कहा कि एनएच-139 पर रोजाना अनियंत्रित वाहन दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। लोगों ने सरकार से सड़क चौड़ीकरण और सुरक्षा उपायों को प्रभावी बनाने की मांग की है।




## औरंगाबाद पुलिस की बड़ी कार्यवाही : एक दिन में 30 लोग गिरफ्तार, 182 लीटर देसी शराब समेत जब्तियां

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

जिले में कानून-व्यवस्था और नशे के कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से औरंगाबाद पुलिस ने 28 सितंबर को व्यापक वाहन जांच और छापेमार अभियान चलाया, जिसके तहत पूरे जिले में कई स्थानों पर अलग-अलग कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल 30 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से 13 आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। हत्या के प्रयास, मद्य निषेध और अन्य गंभीर मामलों में भी कई गिरफ्तारी दर्ज की गईं, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि पुलिस ने बेखौफ होकर आपराधिक तत्वों और अवैध कारोबार पर कड़े कदम उठाए हैं। पुलिस ने वाहन जांच के क्रम में 1150 से अधिक वाहनों की तलाशी ली और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी। इसी दौरान अवैध शराब का बड़ा जखीरा भी जब्त किया गया — देसी शराब के रूप में कुल 182 लीटर बरामद हुई, वहीं कई स्थानों से मोटरसाइकिल व अन्य संदिग्ध सामग्री भी कब्जे में ली गई। अभियुक्तों के कब्जे से कथित रूप से अवैध माल और नशे से जुड़ी कई चीजें बरामद हुईं। साथ ही जांच में मिले साक्ष्यों और बरामद सामग्रियों को रिकॉर्ड कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए आवश्यक प्रविष्टियां की गईं। अभियानों के दौरान जब्ती की गई धनराशि भी मिली, जिसे पुलिस ने रिकॉर्ड कर लिया है। संचालित छापेमारी और वाहन जाँच के माध्यम से स्थानीय अपराध नेटवर्क में सेंध लगाने की कोशिश की गई और आने वाले दिनों में इन गतिविधियों के आगे भी निरंतर छापेमारी और निगरानी जारी रखने का भरोसा दिया गया है। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि अवैध शराब के निर्माण और वितरण में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कानूनी प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि आम जनता की सुरक्षा और शांति बनी रहे। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि यह अभियान योजनाबद्ध व समन्वित तरीके से चलाया गया और इसका उद्देश्य केवल गिरफ्तारी नहीं बल्कि अवैध तस्करी व आपराधिक संगठनों की जड़ों तक पहुँच बनाना था। जनता से अपील की गई है कि वे किसी भी संदेहास्पद गतिविधि की जानकारी तुरंत नजदीकी थाना या हेल्पलाइन पर दें ताकि पुलिस समय पर कार्रवाई कर सके। अधिकारियों ने यह भी उल्लेख किया कि ऐसे सतत अभियानों से नागरिकों की सुरक्षा और अपराध घटाने में मदद मिलेगी।

## करंट से 18 वर्षीय युवक की मौत



**निज संवाददाता | कुटुम्बा**

कुटुंबा थाना क्षेत्र के कठरी गांव में सोमवार को एक दुखद हादसा हुआ, जिसमें 18 वर्षीय इंद्रजीत कुमार की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक इंद्रजीत कुमार, जमुना पासवान के इकलौते पुत्र थे। जानकारी के अनुसार, इंद्रजीत अपने घर में पंखे का प्लग लगाते समय अचानक करंट का झटका लग गया। घर में मौजूद परिवार के लोगों ने तुरंत बिजली का कनेक्शन काटकर उसे बोर्ड से अलग किया और आनन-फानन में रेफरल अस्पताल लेकर गए। हालांकि, डॉक्टरों ने पहुंचते ही नब्ज जांचने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया। इंद्रजीत अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था, जबकि उनकी दो बड़ी बहनें हैं जिनकी शादी हो चुकी है। दशहरा के अवसर पर घर में खुशी का माहौल था, लेकिन एक पल में वह मातम में बदल गया। परिवार के सदस्य, विशेषकर मां और बहनें, अत्यंत दुखी हैं और रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है और घटना की पूरी रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

माइक्रोफाइनेंस कंपनियों के साथ बैठक

## मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की राशि पर किसी का दावा नहीं




**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

समाहरणालय सभागार में सोमवार को उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल की अध्यक्षता में जिले की माइक्रोफाइनेंस कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री महिला रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत जीविका दीदियों को मिलने वाली राशि के सुरक्षित, पारदर्शी एवं लाभकारी उपयोग को सुनिश्चित करना था। बैठक में अधिकारियों ने साफ शब्दों में कहा कि योजना से मिलने वाली राशि पर किसी प्रकार का दावा या वसूली नहीं की जा सकती। यह धनराशि केवल महिलाओं के आजीविका संवर्धन और स्वरोजगार गतिविधियों के लिए निर्धारित है। जारी निर्देशों में कहा गया कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत दी गई राशि का उपयोग किसी भी परिस्थिति में पूर्ववर्ती ऋण चुकाने या समायोजन में नहीं होगा। यह राशि विशेष रूप से लाभुकों के नए व्यवसाय, छोटे उद्योग, दुकान या अन्य स्वरोजगार कार्यों की शुरुआत के लिए है। कोई भी महाजन, साहूकार या अन्य व्यक्ति इस राशि पर दावा नहीं कर सकता और न ही लाभुकों से जबरन वसूली कर सकता है। अधिकारियों ने NBFC प्रतिनिधियों को आगाह किया कि यदि योजना की राशि के दुरुपयोग या अनुचित दबाव की कोई शिकायत मिली तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## बीआरबीसीएल में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन ने बांधा समां, देर रात तक गूंजती रही तालियां

- बीआरबीसीएल केवल ऊर्जा उत्पादन नहीं, सांस्कृतिक ऊर्जा का भी संवाहक है : दीपक रंजन देहुरी

**निज संवाददाता | नबीनगर**






बीआरबीसीएल में 28 सितंबर 2025 को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें पूरे परिसर में साहित्यिक रंग ऐसा जमा कि माहौल देर रात तक तालियों और ठहाकों से गूंजता रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिसके बाद मंच संभाला देशभर से आए प्रख्यात कवियों ने। मुख्य अतिथि के रूप में बीआरबीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक रंजन देहुरी उपस्थित रहे, जबकि एनपीजीसीएल के परियोजना प्रमुख एल.के. बेहेरा समेत कंपनी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी श्रोता दीर्घा में मौजूद रहे। प्रसिद्ध कवि प्रताप फौजदार ने अपने ओजपूर्ण व्यंग्य से माहौल को सराबोर किया, तो डॉ. विष्णु सक्सेना की श्रृंगार और भावप्रधान प्रस्तुति ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। हास्य कवि सुदीप भोला ने लगातार ठहाके बटोरते हुए दर्शकों को पेट पकड़कर हंसने पर मजबूर कर दिया, वहीं युवा सरोकारों की आवाज माने जाने वाले नीलोत्पल मृणाल ने अपने ताजे अंदाज में समाज की जमीनी सच्चाइयों को काव्य में पिरोते हुए नया दृष्टिकोण दिया। मणिका दुबे ने समकालीन संवेदनाओं को कोमल शब्दों में व्यक्त किया तो चंदन द्विवेदी की देशभक्ति से ओतप्रोत रचनाओं ने सभागार में ऊर्जा भर दी। निरंतर एक के बाद एक प्रस्तुतियों से श्रोताओं में ऐसा उत्साह रहा कि किसी ने भी अपनी सीट छोड़ने की जरूरत महसूस नहीं की। अंत में बीआरबीसीएल प्रबंधन ने सभी कवियों और अतिथियों को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी देहुरी ने कहा कि बीआरबीसीएल केवल बिजली उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक ऊर्जा को बढ़ावा देना भी उसका कर्तव्य है, और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे। कवि सम्मेलन अपनी विविधता, ऊर्जा और भावपूर्ण अभिव्यक्ति के कारण सभी की स्मृतियों में लंबे समय तक जीवित रहेगा।

**दुर्गा पूजा को लेकर 29 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक विशेष यातायात योजना लागू**

## पुलिस ने दुर्गा पूजा को लेकर जारी किया यातायात योजना, रमेश चौक से गांधी मैदान तक गाड़ियों का प्रवेश वर्जित

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

शारदीय नवरात्र और दुर्गा पूजा के अवसर पर औरंगाबाद शहर में बढ़ती भीड़ और सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन ने 29 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक विशेष यातायात योजना लागू की है। इसका उद्देश्य शहर में सुचारू आवागमन और श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करना है।

### रमेश चौक से गांधी मैदान तक वाहनों का प्रवेश वर्जित

रमेश चौक से गांधी मैदान तक 29 सितम्बर को शाम 4 बजे से रात 2 बजे तक, 30 सितम्बर और 1 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से रात 4 बजे तक तथा 2 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से रात 2 बजे तक सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। इस दौरान केवल प्रशासनिक वाहनों को अनुमति दी जाएगी।

### ओल्ड जीटी रोड और फेसर मोड़ पर रूट डायवर्जन

ओल्ड जीटी रोड से फेसर मोड़ तक तथा फेसर मोड़ से ओल्ड जीटी रोड होते हुए नवाडीह मोड़ तक सभी गैर-प्रशासनिक वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। इसके लिए पुलिस ने वैकल्पिक मार्ग तय किया है।

### एमजी रोड और धर्मशाला मोड़ पर विशेष निगरानी

एमजी रोड से होकर गुजरने वाले भारी वाहनों को अन्य मार्गों की ओर डायवर्ट किया जाएगा। धर्मशाला मोड़, बिजली कार्यालय, जोसायिया सहित भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सीसीटीवी निगरानी और अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। वहीं, पटना, गया, डेहरी, नवाडीह और हरिहरगंज की ओर से आने वाले सभी बड़े वाहनों को शहर में प्रवेश नहीं मिलेगा। इन वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया जाएगा ताकि श्रद्धालुओं की आवाजाही पर असर न पड़े। यातायात व्यवस्था के दौरान किसी भी समस्या के समाधान हेतु पुलिस ने विशेष हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। पुलिस सहायता नंबर: 112 औरंगाबाद पुलिस नियंत्रण कक्ष: 06186295201

पुलिस अधीक्षक ने अपील की है कि श्रद्धालु यातायात व्यवस्था में सहयोग करें और प्रशासन द्वारा निर्धारित मार्गों का ही उपयोग करें, ताकि सभी लोग शांति और सुरक्षित वातावरण में दुर्गा पूजा का आनंद उठा सकें।

## औरंगाबाद के गांधीनगर में भव्य देवी जागरण, भक्तिमय माहौल में गूंजे जयकारे

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

थाना क्षेत्र के गांधीनगर स्थित दुर्गा पंडाल में मां दुर्गा क्लब के सौजन्य से सोमवार की रात भव्य देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ मां दुर्गा क्लब के अध्यक्ष चुलबुल सिंह, उपाध्यक्ष प्रकाश यादव, धर्मेंद्र यादव, अभय कुमार गुप्ता, सचिव छोटेलाल सिंह, उपसचिव कुलवंत सिंह, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह, विपिन सिंह, अविनाश कुमार एवं सम्मानित सदस्य अमित कुमार, सोनू ठाकुर, नीरज कुमार और चंदन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया। अध्यक्ष चुलबुल सिंह ने बताया कि मां दुर्गा क्लब गांधीनगर द्वारा विगत कई वर्षों से शारदीय नवरात्रि के अवसर पर पंडाल बनाकर दुर्गा माता की पूजा-अर्चना की जाती है। यह पूजा पूर्ण रूप से इको-फ्रेंडली होती है और अगले वर्ष चैत्र नवरात्र में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कर दी जाएगी। वहीं, सचिव छोटेलाल सिंह ने कहा कि जगतजननी की उपासना से समस्त विघ्न-बाधाओं का नाश होता है। धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि दूर-दराज़ से आए कलाकारों ने भक्तिमय कार्यक्रम प्रस्तुत कर माहौल को और भी दिव्य बना दिया। धर्मेंद्र कुमार यादव ने कहा कि इस आयोजन का मूल संदेश मानवता और इंसानियत को बढ़ावा देना है। उपसचिव कुलवंत सिंह ने माता की महिमा का बखान करते हुए कहा कि 'माता कभी कुमाता नहीं होती, वह अपने भक्तों की सदा रक्षा करती है।' षष्ठी तिथि पर देवी कात्यायनी की पूजा का विशेष महत्व बताते हुए भक्त ब्रह्मदेव वर्मा ने कहा कि इस दिन की आराधना से जीवन में शांति और सुख-समृद्धि आती है। कला एवं संस्कृति विभाग के प्रशाखा पदाधिकारी सुनील कुमार ने कहा कि 'मां सबको आरोग्यता और सुख-समृद्धि का वरदान दें, यही हमारी प्रार्थना है।' भक्ति संगीत से सजी रात में गायक डी. आनंद ने अपनी स्वरचित रचना "मां दुर्गा क्लब का नारा है, मां का नाम प्यारा है" प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। गायक बाबू भैया, गायिका सीमा कुमारी, सलोनी सुहानी, रिंकू राज, चंदन कुमार और एस.एस. म्यूजिकल ग्रुप के अन्य कलाकारों ने भी मनभावन भजनों की प्रस्तुति दी। सीमा कुमारी और सलोनी सुहानी के हिंदी व भोजपुरी भजनों पर देर तक तालियां गूंजती रहीं, वहीं "भारत का बच्चा-बच्चा जय श्रीराम बोलेगा" और "निमिया के डार मैया" जैसे भजनों पर भक्तगण झूमते नजर आए। कार्यक्रम में बेटी बचाओ,



बेटी पढ़ाओ का संदेश भी दिया गया। कोषाध्यक्ष विपिन सिंह ने कहा कि "बेटे भाग्य से होते हैं, लेकिन बेटियां सौभाग्य से होती हैं।" अविनाश कुमार ने कहा कि शक्ति की उपासना का दूसरा नाम दुर्गा पूजा है। कार्यक्रम का सफल संचालन रवि सिंह, डी. आनंद और धर्मेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन चुलबुल सिंह ने दिया। आयोजन समिति ने मंच पर मौजूद सभी कलाकारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान रामाशीष सिंह, रतन प्रकाश, मिथिलेश कुमार, प्रीतम कुमार, अधिवक्ता विनोद सिंह, पुजारी आचार्य पंडित विनय तिवारी, डॉक्टर सोनू कुमार, बजरंग भाई, भरत सिंह (सेवानिवृत्त फौजी), अमरेश सिंह, विनय श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य लोगों की उपस्थिति सराहनीय रही। देर रात तक दुर्गा माता के जयकारों से वातावरण गुंजायमान होता रहा और आचार्य पंडित विनय तिवारी ने शांति मंत्र के साथ इस भव्य कार्यक्रम का समापन कराया।

## बिजली से संबंधित इमरजेंसी से निबटने के लिए विशेष कंट्रोल रूम का गठन

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

- अधीक्षण अभियंता अरविंद कुमार ने बताया कि विद्युत आपूर्ति से जुड़े सभी आवश्यक मेंटेनेंस कार्य पूरे कर लिए गए हैं।

बिजली विभाग ने औरंगाबाद प्रमंडल के अंतर्गत सभी उपभोक्ताओं को दशहरा महापर्व के दरम्यान निर्बाध एवं सुरक्षित विद्युत आपूर्ति जारी रखने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। विद्युत अधीक्षण अभियंता अरविंद कुमार ने बताया कि दशहरा महापर्व के दौरान बिजली आपूर्ति के लिए आवश्यक सभी मेंटेनेंस कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। बिजली के तारों का अनुरक्षण कार्य कराया गया है। बिजली के लोहे के पोल को भी इंसुलेटेड पेंट से रंगवा कर बिजली के खतरों से बचने की पूरी तैयारी की गई है। उन्होंने बताया कि बिजली से संबंधित किसी भी इमरजेंसी से निबटने के लिए विशेष कंट्रोल रूम का भी गठन किया गया है। किसी भी आपात स्थिति में कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 7763813955 पर सूचना दी जा सकती है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट मुफ्त बिजली देकर त्योहार में हर घर रोशन करने को लेकर विभाग सदैव तत्पर है जिसके तहत स्थानीय स्तर पर माइकिंग और हैंडबिल के माध्यम से उपभोक्ताओं को इस योजना की पूर्ण जानकारी दी जा रही है और इससे संबंधित साइबर क्राइम का शिकार ना हों इसलिए सजग भी किया जा रहा है। साथ ही पूजा पंडाल के निकट सेल्फी स्टैंड भी लगाया गया है जहां उपभोक्ता अपनी तस्वीर लेकर इस योजना के प्रति हर्ष व्यक्त कर सकते हैं।